
विश्वकर्मा पूजा आज

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

https://epaper.shubhamsandesh.net

रांची, बुधवार 17 सितंबर 2025 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 11, संवत 2082 ● रांची एवं पटना से प्रकाशित ● वर्ष : 3, अंक : 161 ● मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12



# भारतीय कर्म और कौशल की परंपरा: आर्थिक समृद्धि में विश्वकर्मा समाज की भूमिका



अयोध्यानाथ मिश्र

भारतीय वांग्मय में 'कर्मण्येवाधिकारस्ते 'का घोष लगाने वाला भारतीय समाज फल को कर्म के पीछे रखता था. मान्यता थी कर्म करोगे तो फल मिलेगा ही.इसीलिए कहा गया, "मा फलेषु कदाचन" और यह वाक्य भी कर्म और उसकी परिणति की महत्ता को दर्शाता है और स्वकर्म के लिए प्रेरित करता है. यह स्वकर्म कौशल की अवधारणा और रुचि से प्रेरित होता था. भारत अनादि काल से कौशल युक्त कर्म के बल पर एक स्वायत्त संप्रभु एवं सुसंपन्न राष्ट्र रहा है. गणना करने वाले बताते हैं कि विदेशी आक्रांताओं के शोषण काल में भी हमारे कर्म की प्रधानता ने भारत की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध रखा. इसी कर्म और आदर्श सहकार युक्त प्रबंधन पद्धति के चलते भारत को सोने की चिड़िया कहा गया.

प्रकारांतर से यह कर्मशील कौशल युक्त समूह को पता नहीं कैसे पेशागत जाति का नाम दे दिया नहीं मालूम, परंतु यह समूह अपने कौशल युक्त गुणात्मक सृजनशीलता के चलते भारत की इकोनॉमी हमेशा दुनिया में आगे रही, आदर्श रही. यहां कोई बेरोजगार नहीं रहता था, पालने में ही संस्कार दिखाई देने लगते थे, योग कर्मसु कौशलम् की. कर्म की प्रधानता और वह भी कौशल युक्त हो, विपणन सहकार आधारित हो और प्रबंधन पारिवारिक परिवेश में हो तो आर्थिकता अर्थात लक्ष्मी का वास अपरिहार्य है.

भारतीय उत्पादन, विपणन, लाभ, सबकुछ समाज को केंद्र मानकर स्वचालित था. इसी का सतत क्रम भारतीय इकोनॉमी अर्थात दुनिया के जीडीपी का 23 प्रतिशत हमारी सामाजिक-आर्थिक व्यवस्था का मूल था. दुनिया आश्चर्य, लोभ और ईर्ष्या की दृष्टि से हमारी समवेत समृद्धि को देखती थी. और यह आर्थिकता कथित चेन मैनेजमेंट सिस्टम का आदर्श स्वरूप थी. एक



समूह दूसरे का पूरक होता था. सहकार, समन्वय, सहभागिता और सेवा परायणता इसके अंतर्निहित भाव थे. कुल मिलाकर कहा जा सकता है कि हमारी इकोनॉमी गांव की इकोनॉमी थी, अपने परिवेश में, अपने संसाधन के बल पर कौशल सृजित थी, सबकी थी.

विश्वकर्मा सृजन के देवता हैं, आदि शिल्पी हैं और सभी प्रकार के निर्माण के लिए उनकी अपूर्व विश्वसनीयता है. कहा जाता है कि उन्होंने अस्थियों तक से निर्माण किया. इंद्र के लिए स्वर्ग बनाया, तो भगवान कृष्ण के लिए द्वारिका और फिर देवासुर संग्राम के लिए अनेक प्रकार के अस्त्रों का निर्माण उन्होंने किया. विश्वकर्मा अर्थात ब्रह्मांड के सबसे बड़े निर्माण करता.

विश्वकर्मा समूह या समाज हमारे भारतीय समाज जीवन का वह अंग है, जो सबके लिए सारी आवश्यकताओं की जरूरत की वस्तुओं का निर्माण करता है. खेती के सभी उपकरणों का निर्माण बढ़ई और लोहार करते थे. हल लकड़ी के होते थे और उनमें बाल, करुआरि लोहे के. इसी के साथ जुड़ा, हेंगा, पैना सब काष्ट के उपकरण बढ़ई बनाते थे. बैलगाड़ी, रथ, पालकी,गृह कार्य के उपयोगी मूसल, ढेका, सब बढ़ई की कारीगरी थी. लौह उपकरण लोहार, तो मिट्टी के पात्र और गृहनिर्माण में कोहार (कुंभकार) की महती भूमिका थी. वस्त्र निर्माण वृहत क्षेत्र था. कपास उत्पादन से लेकर रुई धुनाई, सूत कातना, कपड़े बुनना सब जुलाहे करते थे. फिर उसका प्रसंस्करण और अपेक्षानुरूप बाजार की मांग के आलोक में वस्त्र को आकार देना, रंगाई और विपणन अलग-अलग कर्मजीवियों के जिम्मे होता था.

इस प्रकार विश्वकर्मा समाज का एक पूरा नेटवर्क इस ताना-बाना को इकोनॉमी और समृद्धि का आयाम बनाता था. इसी प्रकार समाज जीवन के विविध क्षेत्र में बसे कई समूह उद्यम, उद्यमिता और प्रबंधन से जुड़े होते और बिना सारे कार्यकलाप के एक-दूसरे से जुड़े होते थे. सृजन के चेन में सबकी सहभागिता तो थी ही , इसी चेन में कौशल और प्रतिभा विकास का विशिष्ट महत्व था. समाज के पुरोधा भी सृजनशीलता के सहारे जीविकोपार्जन करते थे. उत्पादन के विविध प्रक्रमों से होकर सामाजिक - आर्थिक समुन्नति तक के चेन मैनेजमेंट सिस्टम भारतीय मनीषा के अनुरूप संचालित करने का दायित्व विश्वकर्मा समाज का वैशिष्ट्य था.

-शेष पेज 09 पर देखें

## छुट्टी की सूचना

विश्वकर्मा पूजा के उपलक्ष्य में दैनिक 'शुभम संदेश' कार्यालय में बुधवार 17 सितंबर को अवकाश रहेगा. इसलिए अखबार का अगला अंक 19 सितंबर को आपके हाथों में होगा. विश्वकर्मा पूजा के मौके पर शुभम संदेश परिवार की तरफ से सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभेच्छुओं को हार्दिक शुभकामनाएं.

-संपादक

## ब्रीफ न्यूज

### 'स्वस्थ नारी सशक्त परिवार' का शुभारंभ आज

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बुधवार 17 सितंबर को स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे. यह अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक पूरे झारखंड में चलेगा. यह कार्यक्रम पूर्वाह्न 11:45 बजे से सदर अस्पताल,रांची में आयोजित किया गया है. इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी समेत विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे.

### दून घाटी में कहर, 15 जिंदगियां हुईं दफन

**देहरादून।** उत्तराखंड की राजधानी देहरादून के सहस्रधारा में बादल फटने से तबाही मच गई. यहां कई संपत्तियां नष्ट हुई और लोग लापता हो गए. मंगलवार शाम तक 15 लोगों के शव अलग-अलग जगहों से बरामद हुए. प्रेमनगर नंदा की चौकी के पास दशकों पुराना पुल टूट गया जिससे यातायात पूरी तरह बंद हो गया. इसके अलावा कई और छोटे-बड़े पुलों को नुकसान पहुंचा. इससे भी आवाजाही बाधित हो गई है.

### महाराष्ट्र: 31 जनवरी तक निकाय चुनाव कराएं

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार और राज्य चुनाव आयोग को 31 जनवरी, 2026 तक स्थानीय निकाय चुनाव कराने का निर्देश दिया है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस बागची की पीठ ने अधिकारियों को इस साल 10 अक्टूबर तक राज्य में परिसीमन प्रक्रिया पूरी करने का भी निर्देश दिया. कोर्ट ने इस पर भी आपत्ति जताई कि 6 मई को जारी उसके आदेश के बावजूद इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई.

### मुख्यमंत्री ने 301 सहायक आचार्यों को बांटा नियुक्ति पत्र, कहा

# झारखंड में जल्द होगी 26 हजार शिक्षकों की बहाली





शुभम संदेश। रांची

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में आयोजित नव-नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (गणित-विज्ञान) तथा गोड्डा के इंटर प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा 1 से 5) का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए. मौके पर सीएम ने नवनियुक्त प्रशिक्षित सहा. आचार्य गणित और विज्ञान में 131 तथा गोड्डा जिला के इंटर प्रशिक्षित 170 सहायक आचार्य के बीच नियुक्ति पत्र वितरित किया. मुख्यमंत्री ने इससे पूर्व भी बड़ी संख्या में सहा. आचार्य पदों पर नियुक्ति पत्र सौंपे थे. इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए मंगलवार को भी 301 सहायक आचार्यों की नियुक्ति की गई है.

इस मौके पर मुख्यमंत्री सोरेन ने सभी नव-नियुक्त सहा. आचार्यों को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं. सीएम ने कहा कि झारखंड की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने की दिशा में सरकार द्वारा लगातार कदम उठाए जा रहे हैं. प्राथमिक, माध्यमिक, डिग्री आधारित, इंजीनियरिंग, मेडिकल या अन्य उच्च शिक्षा के क्षेत्र में हमारी सरकार बेहतर कार्य कर रही है तथा हमारी आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है.

**नव नियुक्त सहायक आचार्य के कंधों पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर शिक्षा के क्षेत्र में कमियां रहेंगी तो इसका परिणाम हमारी आने वाली पीढ़ी को भुगतना होगा. उन्होंने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर लोग भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए भरसक प्रयास करते हैं. अपने पेट का अनाज कम कर बच्चों को बेहतर शिक्षा देने का उदाहरण अपनी नजरों से हम सभी देखते हैं और महसूस भी करते हैं. आप सभी लोगों को सरकार की स्कूलों को चलाने की जिम्मेवारी सौंपी जा रही है. यहां कई चुनौतियां हैं. एक तरफ सरकारी व्यवस्था, दूसरी तरफ निजी विद्यालय. शिक्षा के क्षेत्र में आप सभी नव नियुक्त सहायक आचार्य रीढ़ की हड्डी बनें. मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस कार्य के लिए आपको पारिश्रमिक मिलेगा वह पैसा आम लोगों का है. आम जनता के टैक्स से आपको तनख्वाह दी जाएगी. मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी होती है जब सीएम उत्कृष्ट विद्यालय प्रारंभ हुआ, तो कई अभिभावक अपने बच्चों का निजी स्कूलों से नाम कटवा कर सरकारी स्कूल में करवा रहे हैं. क्योंकि प्राइवेट स्कूलों में पैसे देने की स्थिति उनकी नहीं है और हम लोगों ने गुणवत्ता पूर्वक उत्कृष्ट विद्यालय को प्रारंभ किया है, हालांकि सीएम उत्कृष्ट स्कूलों में अभी और बेहतर चीजों को समाहित करने की आवश्यकता है. निश्चित रूप से इस प्रक्रिया को बहुत जल्द पूरा किया जाएगा.

**ये भी रहे मौजूद:** इस अवसर पर मंत्री संजय प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, शिक्षा सचिव उमा शंकर सिंह, परियोजना निदेशक शशि रंजन, प्राथमिक शिक्षा निदेशक मनोज रंजन सहित बड़ी संख्या में नव नियुक्त सहायक आचार्य एवं उनके परिजन उपस्थित रहे.

### बोले मुख्यमंत्री

- **शिक्षा व्यवस्था की बेहतरी के लिए किए जा रहे सभी प्रयास**
- बच्चों के भविष्य को सकारात्मक दिशा देने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही राज्य सरकार
- **शिक्षा के क्षेत्र में नियुक्तियों का सिलसिला निरंतर जारी**
- सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों के समरूप संचालित करना प्राथमिकता

### सरकारी स्कूलों को भी निजी के समरूप संचालित करना प्राथमिकता

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में संचालित सरकारी विद्यालयों को निजी विद्यालयों के समरूप खड़ा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है. राज्य में बड़ी संख्या में शिक्षकों का समूह है. आप शिक्षकों की तरफ से बेहतर शिक्षा के लिए कोई सुझाव है तो वह सरकार को दें. आपके सुझाव पर विचार किया जाएगा. उन्होंने कहा कि आज एक तरफ बहुत खुशी का दिन है और दूसरी तरफ चुनौती भरी जिम्मेवारी आपके कंधे पर सौंपी जा रही है. झारखंड को हमें उस मुकाम पर ले जाना है जहां लोग इसे सिर्फ खनिज संपदा के रूप में ही नहीं बल्कि बौद्धिक रूप से भी पहचाने. ऐसी कार्य पद्धति के साथ हम आगे बढ़ें.

### शिक्षा के क्षेत्र में नियुक्तियों का सिलसिला निरंतर जारी

मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में 301 सहायक आचार्य की नियुक्ति की गई, इससे पहले भी नियुक्तियां हुई है. उन्होंने कहा कि राज्य में और 26 हजार शिक्षकों के पदों के लिए नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा का महत्व कितना है, इससे हम सभी भली भांति वाकिफ हैं. हमारे पूर्वज एवं कई माता-पिता ऐसे हैं जिन्होंने पढ़ाई नहीं की लेकिन जीवन में वे काफी व्यावहारिक रहे हैं, उन्होंने अपने अनुभवों के आधार पर अपने इर्द-गिर्द के सभी चीजों को संजोया है, उस समय की शिक्षा पद्धति कुछ और थी. मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब बच्चे कॉपी की जगह स्लेट उपयोग करते थे. वर्तमान में सभी चीज डिजिटल हो रही है. शिक्षा के क्षेत्र में ब्लैकबोर्ड की जगह डिजिटल ब्लैकबोड्र्स आने लगे हैं. शिक्षा के क्षेत्र में हमें आगे बढ़ने के लिए अपनी रफ्तार बढ़ानी होगी. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कुछ समस्याओं की वजह से शिक्षा के क्षेत्र में हम अपेक्षित रूप से बहुत आगे नहीं बढ़ पाए हैं. इसलिए हम लोगों ने प्रयास किया है कि क्वालिटी एजुकेशन के लिए जितने भी आयाम जोड़े जा सकते हैं, उन्हें जोड़ा जाए. इस क्षेत्र में बेहतर से बेहतर काम किया जा रहा है, आने वाली पीढ़ी आगे बढ़ सके, इसके लिए हम सबों को बेहतर शिक्षा की ओर आगे बढ़ना होगा.

### अब पाकिस्तान के कुबूलनामे से खुली ट्रंप के दावे की पोल

# भारत ने नहीं माना था युद्धविराम पर अमेरिकी मध्यस्थता का प्रस्ताव



एजेंसियां। नयी दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के मध्यस्थता वाले दावे पर पाकिस्तान का बड़ा बयान आया है. पाक के विदेश मंत्री इशाक डार ने खुद स्वीकार किया है कि ऑपरेशन सिंदूर के समय युद्धविराम का प्रस्ताव अमेरिका की तरफ से आया, लेकिन भारत इस पर सहमत नहीं हुआ.

एक कार्यक्रम में सार्वजनिक रूप से डार ने स्वीकार किया है कि भारत कभी किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता के लिए सहमत नहीं हुआ था. डार ने खुलासा किया कि जब पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो से ट्रंप के मध्यस्थता के बारे में पूछा, तो रुबियो ने कहा,भारत हमेशा से कहता रहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है.

इशाक डार ने कहा कि पाक ने भारत से बातचीत के लिए कई बार पहल की. उन्होंने दावा किया कि 10 मई को सुबह 8:17 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री ने उन्हें बताया कि बहुत जल्द भारत और पाक के बीच एक स्वतंत्र स्थान पर वार्ता होगी. लेकिन बाद में 25 जुलाई को जब उनकी वाशिंगटन में रुबियो से मुलाकात हुई तो उन्होंने कहा, भारत ने इसे केवल द्विपक्षीय मामला बताते हुए तीसरे पक्ष की भूमिका से इनकार कर दिया है.

**पाकिस्तान को मध्यस्थता से दिक्कत नहीं, लेकिन...**

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को तीसरे पक्ष की मध्यस्थता से दिक्कत नहीं है, लेकिन भारत हमेशा से कहता रहा है कि यह द्विपक्षीय मामला है. डार ने कहा, हम तीसरे पक्ष की भागीदारी से नहीं हिचकिचाते, लेकिन भारत बार-बार कहता है कि यह द्विपक्षीय मुद्दा है. जब सीजफायर का प्रस्ताव रुबियो के जरिए आया था तो हमें भरोसा दिया गया कि भारत से बात होगी, लेकिन बाद में कहा गया कि भारत ने इनकार कर दिया है. डार बोले- हमें द्विपक्षीय वार्ता से भी कोई आपत्ति नहीं, लेकिन बातचीत व्यापक होनी चाहिए.

**भारत की चुप्पी, पाक की बेचैनी:** डार ने कहा कि हम भीख नहीं मांग रहे. अगर कोई देश बातचीत चाहता है, तो हमें खुशी होगी, हम स्वागत करते हैं. हम एक शांतिप्रिय देश हैं. हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन जाहिर है कि बातचीत के लिए दो लोगों की इच्छा की जरूरत होती है. इसलिए जब तक भारत बातचीत नहीं करना चाहता, तब तक ऐसा नहीं होगा.

### जैश ए मोहम्मद के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी ने कबूला

# भारतीय सेना ने मसूद अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े किए



**इस्लामाबाद।** जैश-ए-मोहम्मद के कमांडर मसूद इलियास ने कहा है कि भारत के हमले में मसूद अजहर का पूरा परिवार मारा गया. हालांकि भारत ने 6-7 मई की रात, जब ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था, उसी के बाद कह दिया था कि मसूद का पूरा परिवार और दर्जनों आतंकी मारे गये हैं, लेकिन अब जैश ने भी इसको कबूल कर लिया है. मसूद इलियास जैश का कमांडर है जो मसूद का करीबी है. पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिकों की मौत के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया था और पाकिस्तान के साथ साथ पीओके में 9 आतंकी ठिकानों पर भीषण हमले किए थे.

भारत ने जिन आतंकी ठिकानों पर हमले किए, उनमें बहावलपुर, कोटली और मुरीदके जैसे कुख्यात आतंकी गढ़ शामिल थे. ये लंबे समय से जैश और लश्कर जैसे संगठनों के गढ़ हैं.

**मसूद का पूरा परिवार खत्म:** अब जेईएम कमांडर इलियास का वीडियो सामने आया है, जिसमें वो कह रहा है कि दुश्मन सेना ने बहावलपुर में उनके ठिकाने पर हमला कर मसूद अजहर के परिवार को टुकड़े-टुकड़े कर दिया. वो कह रहा है कि दिल्ली, काबुल और कंधार से लड़ते-लड़ते हमने सब कुछ कुर्बान किया. 7 मई को बहावलपुर में मौलाना अजहर का परिवार भारतीय सेना ने तबाह कर दिया. उसके इस बयान से ये भी साफ है कि पाकिस्तान आतंकियों को पनाह देता है, जिसके सबूत हमेशा से भारत देता आया है.

**7 मई को बहावलपुर में क्या हुआ था:** 7 मई को पाक के बहावलपुर में भारत द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत मिसाइल हमले किए गए थे. भारत ने जैश के कथित मुख्यालय को निशाना बनाया. भारत द्वारा ये हमला 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बदले के रूप में हुआ था. पहलगाम हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी. जिसके बाद भारत ने पाक के आतंकी ठिकानों पर हमला बोला था.इन हमलों में मसूद अजहर का परिवार खत्म हो गया था. खुद मसूद अजहर ने इस बात की पुष्टि की थी. इस दौरान मसूद अजहर फूट-फूटकर रोया भी था.

# सशक्त, सनातन और विकसित भारत के ध्वजवाहक मोदी

बाबूलाल मरांडी

आज 17 सितंबर, देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की जयंती है.



कहा जाता है कि उन्होंने देवताओं के आवश्यक अ स्त्र- श स्त्र बनाए और कई बड़े मंदिरों का निर्माण किया. लेकिन 21वीं सदी में मां भारती के मंदिर को सशक्त बनाने और 140 करोड़ जनता की सेवा के लिए ईश्वर ने एक नए शिल्पी को इस पुण्य धरा पर भेजा, जिसे पूरी दुनिया नरेंद्र मोदी के नाम से जानती है.

17 सितंबर 1950 को गुजरात के वडनगर में दामोदर दास और हीरा बेन के घर जन्मे नरेंद्र मोदी ने अपने जीवन के प्रारंभ से ही संघर्षों का सामना किया. आठ वर्ष की उम्र में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़कर उनमें सेवा, समर्पण और प्रबल राष्ट्रभक्ति का संचार हुआ. उन्होंने परिवार की चाय की दुकान में मदद करते हुए समाज की सच्चाई को समझा. मोदी जी की आध्यात्मिक यात्रा, सांगठनिक कौशल और राष्ट्रप्रेम ने उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में स्थापित किया, जिनमें राम का आदर्श, कृष्ण की नीति, शिव का विष पान, बुद्ध की करुणा, महावीर का तप, आदि शंकराचार्य की सांस्कृतिक एकात्मता, विवेकानंद का अध्यात्म और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का प्रखर राष्ट्रवाद सम्मिलित हैं.

आपातकाल के समय देश की आज़ादी की दूसरी लड़ाई में उनकी भूमिका, लाल चौक पर तिरंगा फहराने का संकल्प और विभिन्न संगठनात्मक दायित्वों का कुशल निर्वहन मोदी जी की विशिष्ट पहचान है. गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में 2001 से 2014 तक उन्होंने



विकास के साथ विरासत को भी साकार किया. पिछले 11 वर्षों से वे बिना थके मां भारती की सेवा में लगे हुए हैं, जैसे हनुमान ने रामकाज किए बिना विश्राम नहीं किया.

कांग्रेस शासन के 60 वर्षों की भूल-चूक और भ्रष्टाचार की छाया में जहां देश डूब रहा था, वहीं मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता और विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं. आज भारत विश्व में बदलाव की अगुवाई कर रहा है, जहां सबका साथ, सबका विकास केवल नारा नहीं बल्कि वास्तविकता बन चुका है.

गांव-गरीब, किसान, जवान और विज्ञान विकास के केंद्र बने हैं. स्वच्छता अभियान से लेकर चंद्रयान की यात्रा तक, गरीबों के आवास से लेकर हाइवे निर्माण तक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाएं हर तबके तक पहुंच रही हैं. आयुष्मान योजना, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया जैसी पहल रोजगार और आत्मनिर्भरता को बल दे रही हैं. महिला सशक्तिकरण को नई ऊंचाई मिली है, जबकि आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्ग मुख्यधारा में तेजी से जुड़ रहे हैं.

विकास की इस भव्य इमारत की मजबूत नींव पर धारा 370 की समाप्ति और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण ने राष्ट्रीय एकात्मता और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत किया है. योग दिवस ने भारत की सांस्कृतिक विरासत को नई पहचान दी है. विदेशी मेहमानों को ताजमहल की जगह भगवद् गीता भेंट की जा रही है. आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जो निकट भविष्य में तीसरे स्थान पर पहुंचने वाली है. भारत अपने दुश्मनों को कड़ी सैन्य क्षमता से जवाब दे रहा है और परमाणु धमकियों या प्रतिबंधों से भयभीत नहीं है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐसा भारत बनाने का सपना देखा है, जहां आत्मसम्मान सर्वोपरि हो, सबके लिए अवसर हों और कोई अभावग्रस्त न रहे.विशेष रूप से जनजाति समाज के लिए मोदी जी का प्रेम स्पष्ट है. झारखंड में उनके कार्यकाल में अनेक विकास कार्य हुए हैं—एम्स, आईआईटी, आईआईएम, मेडिकल कॉलेज, एयरपोर्ट, हाईवे, रेलवे, गंगा पुल का निर्माण.

-शेष पेज 09 पर

### 150-200 की जगह अब टोल पर लगेंगे सिर्फ 15 रुपये: गडकरी

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मंगलवार को दावा किया कि टोल पर अब 150-200 की जगह सिर्फ 15 रुपये ही लगेंगे, जिससे आम आदमी और लोअर मिडिल क्लास को भारी फायदा होने वाला है. गडकरी ने एक बातचीत में कहा कि देश में सबसे ज्यादा जीएसटी ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री देती है. पेट्रोल की तुलना में इलेक्ट्रिक टू व्हीलर्स 15% ज्यादा बिके हैं. इससे पॉल्यूशन भी जीरो होगा और आनेवाले दिनों में इनकी कीमतें भी कम होंगी. इसके अलावा गडकरी ने सड़क हादसों पर चिंता जताते हुए कहा कि हमने की प्वाइंट्स पर ध्यान दिया है. कारों में अब चार की जगह छह एयरबैग लगने लगे हैं. दिक्कत यह है कि लोग हेलमेट नहीं पहनते हैं. हमने अनिवार्य किया कि बाइक खरीदने पर लोगों को हेलमेट भी मिले. हमने जुर्माना भी बढ़ाया है. जब तक हम लोगों को प्रशिक्षित नहीं करते हैं, तब तक यह दिक्कत बनी रहेगी.

### बेटिंग ऐप केस में ईडी का शिकंजा

# युवराज, उथप्पा और सोनू सूद भी पूछताछ के लिए बुलाए गए

एजेंसियां। नयी दिल्ली

अवैध बेटिंग ऐप 1xबेट से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है. इस मामले में कई हस्तियों को पूछताछ के लिए तलब किया गया है. ईडी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह को 23 को और अभिनेता सोनू सूद को 24 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है. क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा को भी 22 सितंबर को समन जारी किया गया है. इस केस में क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ हो चुकी है. अभिनेत्री उर्वशी रौतेला ने अभी तक ईडी को यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह पूछताछ में शामिल होंगी या नहीं.

इस मामले में ईडी पहले ही क्रिकेटर्स शिखर धवन, सुरेश रैना और हरभजन से पूछताछ कर चुकी है. अब युवराज सिंह व रॉबिन उथप्पा को तलब किया गया है. रॉबिन उथप्पा 2007 में खेले गए पहले टी-20 वर्ल्ड कप की विजेता भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे.

**क्या है मामला**

यह जांच कथित अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप्स से जुड़ी हुई है. आरोप है कि इस ऐप के जरिए कई निवेशकों और आम लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी की गई, साथ ही बड़े पैमाने पर टैक्स चोरी भी हुई. दूसरी ओर, कंपनी का दावा है कि 1xबेट सट्टेबाजी उद्योग में 18 वर्षों का अनुभव रखने वाला एक वैश्विक प्लेटफॉर्म है. कंपनी के मुताबिक, उनके प्लेटफॉर्म से जुड़े उपयोगकर्ता हजारों खेल आयोजनों पर दांव लगाने की सुविधा पाते हैं. साथ ही, उनकी वेबसाइट और मोबाइल ऐप 70 से अधिक भाषाओं में उपलब्ध हैं.

# पैरवी पुत्र! या चप्पल घिसने वाला... किसके हाथ लगेगा घाटशिला का टिकट?

शुभम संदेश। रांची



घाटशिला में होने वाले विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी का प्रत्याशी कौन होगा. क्या पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन को फिर से मौका मिलेगा या फिर रमेश हांसदा का नंबर लगेगा? या फिर कोई और होगा बीजेपी का प्रत्याशी. इस सवाल का जवाब जानने के लिए घाटशिला में बीजेपी के दावेदारों के साथ-साथ जेएमएम भी बेचैन है. क्योंकि प्रत्याशी के देखने-तौलने के बाद भी जेएमएम अपनी चुनावी रणनीति में फेरबदल करेगा. वैसे तो बीजेपी के अंदर चर्चा बाबूलाल सोरेन के नाम की है, लेकिन एक दशक पहले जेएमएम से बीजेपी में आये रमेश हांसदा की दावेदारी ने बाबूलाल सोरेन और चंपाई सोरेन को परेशान जरूर कर दिया है. मीडिया, सोशल मीडिया और फील्ड से लेकर संगठन तक जिस तरह रमेश हांसदा ने अपनी फील्डिंग सेट कर रखी है. उससे लग रहा कि कैंडिडेट सेलेक्शन में कुछ न कुछ खेल जरूर होगा.

**सालों से चप्पल घिस रहे हैं :** दूसरी तरफ हैं रमेश हांसदा. कोल्हान क्षेत्र में कई सालों से राजनीति में चप्पल घिस रहे हैं. पहले जेएमएम का फिर बीजेपी का झंडा उठाकर गांव-गांव घूम चुके हैं. नेताओं वाले सारे गुण हैं. कोल्हान से बाहर भी उन्होंने अपनी पहचान बनाई है. पार्टी के कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं. नेताओं जैसा लच्छेदार बोलते हैं. शानदार बयान देते हैं. चंपाई सोरेन को सरायकेला से विधानसभा चुनाव और लक्ष्मण टुडू को 2014 में घाटशिला विधानसभा चुनाव जितवाने का दावा करते हैं. इस बार खुद के लिए खुलकर टिकट मांग लिया है. दावेदारी तो मजबूत है, लेकिन देखना ये है कि बीजेपी क्या फैसला लेती है.

### बुरी तरह हार गये थे चंपाई पुत्र बाबूलाल

बीजेपी ने बाबूलाल सोरेन को घाटशिला से चुनाव लड़वाया था उस वक्त परिस्थितियां दूसरी थी, लेकिन इस बार दूसरी है. बाबूलाल सोरेन चुनाव तो लड़ गये, लेकिन बीजेपी और पिता चंपाई सोरेन के भरोसे. घाटशिला में बीजेपी का अपना वोटबैंक है. 2000 और 2005 के चुनाव तक बीजेपी यहां मजबूत स्थिति में नहीं थी, लेकिन 2009, 2014 और 2019 के विधानसभा चुनाव में बीजेपी यहां मजबूत पार्टी बन कर उभरी. 2014 में बीजेपी ने 6403 वोटों से चुनाव जीता था. वहीं 2019 में 6724 वोटों से बीजेपी चुनाव हार गई, लेकिन 2024 में बीजेपी को 22446 वोटों से चुनाव हारना पड़ा. बीजेपी का वोटबैंक और चंपाई सोरेन का हाथ सिर पर लेकर चुनाव मैदान में उतरे बाबूलाल सोरेन बुरी तरह चुनाव हार गये.

### जननेता वाली छवि नहीं बना पाये

बीजेपी को अगर बाबूलाल सोरेन और रमेश हांसदा में से किसी एक चुनना पड़े तो किसका पलड़ा भारी होगा यह भी जानना जरूरी है. पहले बात करते हैं बाबूलाल सोरेन की. बाबूलाल सोरेन की पहचान ये है कि वे चंपाई सोरेन के पुत्र हैं. जमीन से जुड़े नेता हैं, लेकिन महंगी गाड़ियों में घूमते हैं. बीच-बीच में घाटशिला विधानसभा का चक्कर लगाते रहते हैं, लेकिन रुतबा माननीयों वाला रखते हैं. सोशल मीडिया और मीडिया में बहुत ज्यादा नजर नहीं आते हैं. बातें कर लेते हैं, लेकिन वोकल नहीं है. एक जननेता वाली छवि नहीं बना पाये हैं.



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में पूर्व शिक्षा मंत्री स्मृति शेष-स्व. रामदास सोरेन के परिजनों ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी. इस दौरान मुख्यमंत्री ने काफी देर तक बातचीत की.

मुख्यमंत्री की पहल से लॉन्च 'पलाश ब्रांड' ग्रामीण महिलाओं की आत्मनिर्भरता की सशक्त पहचान

# श्रम-शक्ति को सम्मान, 40 करोड़ से अधिक का कारोबार

शुभम संदेश। रांची

पूर्व में हाउसकीपिंग कर परिवार चलाने वाली रांची के सिल्ली निवासी शीला देवी ने अन्य महिलाओं के साथ मिलकर पलाश आजीविका दीदी कैफ़े शुरू किया. प्रशिक्षण एवं क्रेडिट लिंकेज से मिली सहायता के जरिए उन्होंने, झारखंड के व्यंजनों को अपनी रोज़गार का आधार बनाया. दिल्ली सरस मेला में हर साल उनकी बिक्री 6-7 लाख रुपये तक पहुंच जाती है. आज वे लखपति दीदी बन चुकी हैं. शीला जैसी सैकड़ों महिलाओं की सफलता की कहानी का आधार पलाश ब्रांड बन चुका है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पहल पर वर्ष 2020 में लॉन्च किया गया "पलाश ब्रांड" आज झारखण्ड की ग्रामीण महिलाओं के आत्मनिर्भरता और सशक्तिकरण की सशक्त पहचान दे रहा है. इस ब्रांड के अंतर्गत अब तक 30 से अधिक गुणवत्तापूर्ण उत्पाद विकसित किए जा चुके हैं, जो राज्यभर में संचालित पलाश मार्ट, डिस्प्ले काउंटर एवं ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से आम उपभोक्ताओं तक पहुंच रहे हैं. अब तक पलाश ब्रांड के माध्यम से 40 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार दर्ज किया जा चुका है.

पलाश ब्रांड के अंतर्गत जीराफूल चावल, ब्राउन राइस, मडुआ आटा, गेहूँ का आटा, अरहर दाल, सरसों तेल, हर्बल आटा, मसाले, शहद, साबुन, डिटर्जेंट और हैंडवाश जैसे उत्पाद विशेष लोकप्रिय हो रहे हैं। सरसों का तेल पारंपरिक पद्धति से निकाला जाता है। पलाश शहद जंगल से संग्रहित, शुद्ध, पौष्टिक और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर लोगों तक पहुँच रहा है. अनपॉलिश दाल प्राकृतिक रूप में उपलब्ध, अधिक फाइबर और प्रोटीन वाली झारखण्ड की थाली में सज रही है.







### अपने उद्देश्य की ओर बढ़ता पलाश ब्रांड

पलाश ब्रांड का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं के श्रम और कौशल को एक साझा पहचान देना है, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके और वे सीधे बाज़ार से जुड़ सकें. इसका लोगो – राज्य का प्रतीकात्मक फूल "पलाश" और टैगलाइन "ग्रामीण महिलाओं की श्रम-शक्ति का सम्मान" उनकी मेहनत और योगदान को नई पहचान देता है.

### पलाश मार्ट व डिस्प्ले काउंटर, दो लाख से अधिक महिलाओं का योगदान

पलाश ब्रांड के राज्यभर में 46 पलाश मार्ट और 24 डिस्प्ले-कम-सेल काउंटर संचालित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से ग्रामीण महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पाद अब घर-घर तक पहुंच रहे हैं. आज 2 लाख से अधिक महिला उद्यमी पलाश ब्रांड से जुड़कर अपने उत्पाद बेच रही हैं और अपनी आजीविका बढ़ा रही है. बेहतर पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग की सुविधा से अब महिलाएं सीधे लाभान्वित हो रही हैं, जो पहले बिचौलियों पर निर्भर थीं.

### विनय चौबे को हजारीबाग एसीबी कोर्ट से राहत नहीं जमानत याचिका खारिज

**रांची/हजारीबाग।** हजारीबाग में उपायुक्त रहते हुए सेवायत भूमि घोटाला करने के आरोपी निलंबित वरिष्ठ आईएएस विनय चौबे की जमानत याचिका पर हजारीबाग एसीबी कोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है. मंगलवार को एसीबी कोर्ट ने विनय चौबे को जमानत देने से इनकार कर दिया है.

**कोर्ट ने फैसला रखा था सुरक्षित**

बता दें कि शुक्रवार यानी 12 सितंबर की सुनवाई के दौरान एसीबी और बचाव पक्ष की ओर से लंबी बहस के बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था. आईएएस विनय चौबे की ओर से अधिवक्ता शंकर बनर्जी ने बहस की. एसीबी की ओर से विशेष लोक अभियोजक अभिषेक कृष्ण गुप्ता ने बहस की.

**विनय चौबे को फिलहाल जेल में ही रहना होगा**

विनय चौबे ने जिस मामले में हजारीबाग एसीबी कोर्ट से बेल मांगी थी, उस मामले में अगस्त महीने प्राथमिकी दर्ज की गई थी. एसीबी ने इस संबंध में कांड संख्या 9/2025 दर्ज की है. इससे पहले विनय चौबे झारखंड शराब घोटाला मामले में भी आरोपी बनाए गए थे. लेकिन तय समय के अंदर चार्जशीट दाखिल नहीं होने के कारण उन्हें लाभ मिला और उन्हें शराब घोटाला केस में उन्हें जमानत मिल गई. लेकिन इस मामले में बेल नहीं मिलने के बाद अब विनय चौबे को फिलहाल जेल की सलाखों के पीछे ही रहना होगा.

## एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राष्ट्रीय युवा शक्ति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में राष्ट्रीय युवा शक्ति के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की. मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने अवगत कराया कि राष्ट्रीय युवा शक्ति की पहल पर विगत 5 से 7 सितंबर तक स्मृति शेष स्व. दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के पैतृक गांव नेमरा से रांची तक पदयात्रा सफलतापूर्वक की गयी. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्मृति शेष- दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन जी के त्याग, समर्पण, नशा उन्मूलन के प्रयासों एवं पर्यावरण संरक्षण की प्रतिबद्धता सहित समाज सुधारक के रूप में किए गए कार्यों को को याद करना था. मुख्यमंत्री के समक्ष राष्ट्रीय युवा शक्ति के प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड के सपूत स्मृति शेष-दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन जी को भारत रत्न से अलंकृत कराने हेतु राज्य सरकार से पहल करने का आग्रह किया तथा रांची के कांके डैम या हटिया डैम के निकट स्मृति शेष-दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन जी की आदमकद प्रतिमा स्थापित किए जाने का निवेदन किया. प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने कहा कि यह निर्णय न केवल झारखंड बल्कि पूरे भारतवर्ष के करोड़ों नागरिकों की भावनाओं को सम्मानित करेगा. मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्यों ने स्मृति शेष-दिशोम गुरु स्व. शिबू सोरेन जी के पैतृक गांव नेमरा की पवित्र मिट्टी भेंट की.

### भाजपा अपनी खोई जमीन एक अपराधी के सहारे तलाशने का कर रही कामः कांग्रेस

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि झारखंड में भाजपा अब अपनी खोई हुई जमीन एक अपराधी के सहारे तलाशने का काम कर रही है. पूरी भाजपा के नजर में बलात्कारी हो, भ्रष्टाचारी हो, या अपराधी हो वह समाज की चिंता करने वाला व्यक्ति होता है. उन्होंने आगे कहा कि महागठबंधन सरकार की विकास योजनाओं से विचलित भाजपा इतनी हताश हो गई है कि अब एक अपराधी के सहारे अपनी नैया पार करना चाहती है.राकेश सिन्हा ने तंज कसते हुए कहा कि यह पता नहीं चलता कि आशा लकड़ा झारखंड अनुसूचित जनजाति आयोग या राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य हैं. फ्लाईओवर विवाद का मामला हो या सूर्या हांसदा का एनकाउंटर का सिर्फ इसी राज्य में वो भ्रामक राजनीति करने का काम कर रही हैं.

अदिकार व अस्तित्व की लड़ाई के लिए कसी कमर

# 20 सितंबर को कुड़मी समाज करेगा रेल टेका आंदोलन

शुभम संदेश। रांची



आदिवासी कुड़मी समाज ने 20 सितंबर को रेल टेका आंदोलन करने का निर्णय लिया है. मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में समाज के रतन सत्यार्थी, पप्पू महतो, बबलू महतो, संतोष महतो, विकास कुमार और जयकिशोर महतो ने कहा कि यह आंदोलन कुड़मी समाज की अस्मिता, अधिकार और अस्तित्व की लड़ाई है. संवैधानिक अधिकार की लड़ाई है. क्योंकि कुड़मी आदिवासी थे और आदिवासी रहेंगे. पप्पू महतो ने कहा कि कुड़मी मूल रूप से आदिवासी थे, लेकिन आजादी के बाद कॉरपोरेट और सत्ता के षड्यंत्र के तहत समुदाय को बाहर कर दिया गया. जब कुड़मी समाज जागरूक हुआ, तब उसने अपने हक की आवाज बुलंद कर रहा है. उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज की खास संस्कृति, 81 टोटम, 12 माह के 13 पर्व और समृद्ध इतिहास इसकी पहचान है.

**टीआरआई ने गलत तैयार किया है दस्तावेज :** लोगो ने कहा कि कुड़मी समुदाय पर टीआरआई ने गलत दस्तावेज तैयार किया है,जो कुड़मि समुदाय को एसटी सूची से बाहर कर दिया है. दस्तावेज तैयार करने से पहले कुड़मी मुहल्ला में छह महीने रहना पड़ता है. लेकिन इन्होंने बैठे-बैठे दस्तावेज बनाया है. उनकी जीवन शैली, पूजा पद्धति, संस्कार को जानने के लिए कुड़मी समुदाय के मुहल्ला और टोला में रहना पड़ता है.

रेल टेका आंदोलन पर इन्होंने जवाब देते हुए कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार तक आवाज को पहुंचाना है. यही दोनों स्थानों से कुड़मी को एसटी में शामिल करने की मांग को सुनेगें और सूची बद्ध करेंगे.

**तीन प्रमुख मांगों को लेकर बुलाया है रेल टेका आंदोलन**

- कुड़मी समुदाय को अनुसूचित जनजाति (एसटी) सूची में शामिल किया जाए.
- कुड़माली भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में मान्यता मिले.
- पेसा कानून में संशोधन कर समुदाय को उसके पुराने अधिकार वापस दिए जाएं.

जेएसएससी सीजीएल केसः राज्य सरकार ने कहा-

# पेपर लीक नहीं हुआ, फोटो परीक्षा के बाद का, आज भी सुनवाई

शुभम संदेश। रांची

जेएसएससी सीजीएल (कर्मचारी चयन आयोग संयुक्त स्नातक स्तरीय परीक्षा) पेपर लीक मामले की (सीबीआई) से कराने की मांग के लिए दायर याचिका पर मंगलवार को हाईकोर्ट में लंबी बहस हुई. सुनवाई के दौरान सरकार और जेएसएससी की ओर से बहस करते हुए कोर्ट को बताया गया कि 22 तारीख को परीक्षा हुई थी और साक्ष्य के तौर पर जो फोटो प्रस्तुत किए गए हैं. वह 23 तारीख के हैं यानी परीक्षा के एक दिन बाद और प्रार्थियों के पास कोई सबूत नहीं कि पेपर लीक हुआ है. ऐसे में यह साबित नहीं होता कि प्रश्नपत्र परीक्षा से पूर्व लीक हुआ था. इसके अतिरिक्त यह भी दलील दी गई कि याचिकाकर्ताओं के पास पेपर लीक को लेकर कोई ठोस प्रमाण नहीं है. इसके बाद कोर्ट ने इस मामले में बुधवार को भी सुनवाई जारी रखने का निर्देश दिया है. इसके साथ ही अदालत द्वारा रिजल्ट के प्रकाशन पर लगाया गया स्टे भी अगली सुनवाई तक जारी रहेगा.

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन अधिवक्ता पीयूष चित्रेश एवं JSSC की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल और प्रार्थियों की ओर से वरीय अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की. हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में इस मामले की सुनवाई हुई.

वहीं याचिकाकर्ता पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने पेपर लीक की आशंका और सोशल मीडिया पर वायरल हुए प्रश्नपत्रों की विश्वसनीयता को आधार बनाते हुए सीबीआई जांच की मांग दोहराई. कोर्ट ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अगली सुनवाई बुधवार को जारी रखने का निर्देश दिया है. साथ ही, जब तक सुनवाई पूरी नहीं हो जाती, जेएसएससी सीजीएल परीक्षा परिणाम के प्रकाशन पर लगी रोक (स्टे) को यथावत रखने का आदेश दिया गया है. राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन एवं अधिवक्ता पीयूष चित्रेश ने पक्ष रखा. जेएसएससी की ओर से अधिवक्ता संजॉय पिपरवाल ने पक्ष रखा वहीं याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने पक्ष रखा.

# पत्थर माफिया ने कराई सूर्या हांसदा की हत्या : दीपक प्रकाश

शुभम संदेश। रांची




भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता सूर्या हांसदा एनकाउंटर मामला पूरी तरह फर्जी है. सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं हुआ, बल्कि पत्थर माफिया और दलाल बिचौलियों के इशारे पर राज्य की पुलिस ने उनकी हत्या की है. वे मंगलवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. दीपक प्रकाश ने राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की इस संबंध में जारी जांच रिपोर्ट के आलोक में कहा कि रिपोर्ट में साफ हो गया है कि सूर्या हांसदा की हत्या कराई गई है.

**आयोग ने की है सीबीआई जांच की अनुशंसाः** अनुसूचित जनजाति आयोग में जांच के लिए 16 अगस्त को लिखित आवेदन किया था. जिस पर संज्ञान में लेते हुए आयोग ने जांच की है. जांच में आयोग के सदस्य निरुपम चकमा, आशा लकड़ा सहित 6 अन्य अधिकारी शामिल हुए. 12 सितंबर को गृह मंत्रालय भारत सरकार को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की अनुशंसा की है और आवेदक के रूप में मुझे भी प्रतिलिपि प्रेषित की है.

**जांच रिर्पोट का हवाला देकर एनकाउंटर को फर्जी बतायाः** दीपक प्रकाश ने जांच रिर्पोट का भी हवाला दिया है. कहा है कि जांच टीम के समक्ष आरोपी पुलिस पदाधिकारियों का उपस्थित नहीं होना, तथाकथित मुठभेड़ स्थल पर कोई जंगल नहीं होनेके बावजूद दो घंटे मुठभेड़ दिखाना, मीडिया को घटना स्थल से दूर रखना, सूर्या हांसदा को बिना कोई वारंट के 24 घंटे से ज्यादा पुलिस कस्टडी में रखना, न्यायिक अधिकारी के समक्ष पेश नहीं करना और घटना स्थल पर खून के धब्बे नहीं होना जैसे साक्ष्य तथाकथित मुठभेड़ को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं. मुठभेड़व की कहानी पूरी तरह मनगढ़ंत है.

**सीआईडी जांच से इसका समाधान नहीं :** सूर्या हांसदा एक राजनीतिक सामाजिक कार्यकर्ता थे. संथाल परगना क्षेत्र में बड़े पैमाने पर राज्य सरकार के संरक्षण में पल रहे पत्थर माफिया और दलाल बिचौलियों का विरोध करते थे. इसलिए वे ऐसे लोगों के निशाने पर थे. उन पर कोई वारंट नहीं था, फर्जी मुकदमों में वे बरी होते जा रहे थे. लेकिन राज्य सरकार के इशारे पर उनकी हत्या कराई गई. सीआईडी जांच से इसका समाधान नहीं बल्कि लीपापोती होगी. सीबीआई जांच ही इसका एकमात्र समाधान है.

**राज्य सरकार अविलंब सीबीआई जांच की करे अनुशंसा :** दीपक प्रकाश ने राज्य सरकार से इस घटना की अविलंब सीबीआई जांच कराने के लिए अनुशंसा करने की मांग की.

रांची समेत देशभर के सभी एयरपोर्ट पर आज मनाया जाएगा यात्री सेवा दिवस

# बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर खास हैं तैयारियां

शुभम संदेश। रांची



देशभर के एयरपोर्ट्स पर इस बार बुधवार यानी 17 सितंबर को यात्री सेवा दिवस मनाया जाएगा. इसी कड़ी में बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची ने यात्रियों के स्वागत और उन्हें झारखंडी संस्कृति से परिचित कराने के लिए विशेष कार्यक्रमों की तैयारी की है. एयरपोर्ट डायरेक्टर ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी विस्तृत जानकारी दी.

**यात्रियों के लिए विशेष आयोजन**

एयरपोर्ट पर यात्रियों का स्वागत टीका और गुलाब का फूल देकर किया जाएगा.

झारखंड की सांस्कृतिक झलक दिखाने के लिए पारंपरिक नृत्य कार्यक्रम आयोजित होंगे.

स्कूली बच्चों (कक्षा 10वीं और 12वीं) को एविएशन सेक्टर में करियर की जानकारी दी जाएगी.

ब्लड डोनेशन कैंप, फ्री हेल्थ चेकअप और पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित होंगे.

**फ्लाइट विस्तार की योजना**


यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने गुवाहाटी, जयपुर और रायपुर/वाराणसी के लिए नई फ्लाइट की मांग भेजी है. भविष्य में उड़ानों की संख्या और गंतव्य बढ़ाने की दिशा में काम किया जा रहा है.

**एयरपोर्ट विस्तार और नाइट लैंडिंग सुविधा**

बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के पास 301 एकड़ जमीन उपलब्ध है, लेकिन विस्तार के लिए राज्य सरकार को जमीन उपलब्ध करानी होगी. फिलहाल कैट-2 लाइट्स की व्यवस्था है, जिससे नाइट लैंडिंग संभव है, लेकिन कम विजिबिलिटी और जमीन न मिलने की वजह से दिक्कतें आती हैं. आने वाले दिनों में इन सुविधाओं को और बेहतर करने पर जोर दिया जाएगा.

### माकपा के वरिष्ठ नेता 'इकबाल दा' का निधन

**रांची।** सीपीएम के वरिष्ठ नेता कामरेड इकबाल दा का मंगलवार को निधन हो गया.



उनकी मौत से पूरी पार्टी में शोक की लहर फ़ैल गई है. संताल परगना के पाकुड़ - साहिबगंज जिले में 'मास्टर' के नाम से विख्यात कोमरेड इकबाल दा एक अद्भुत व्यक्तित्व के लोकप्रिय नेता थे. उनका सरल स्वभाव और किसी के भी मुसीबत में मदद के लिए तत्पर हो जाना उनकी दिनचर्या में शामिल रहता था. अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत उन्होंने मेहनतकशों के संगठनकर्ता के रुप में की और बाद में वे उस क्षेत्र के एक प्रमुख ट्रेड यूनियन नेता के रूप में स्थापित हुए. उन्होंने परिवहन, बीड़ी, मैरी गोल्ड रेलवे के ठेका कामगारों समेत विभिन्न प्रकार के मजदूरों को सीटू में संगठित करने का काम किया.

# झारखंड के विश्वविद्यालयों में गैर-शैक्षणिक पदों पर भर्ती, 18 सितंबर से कर सकेंगे आवेदन

शुभम संदेश। रांची

झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में गैर-शैक्षणिक पदों पर नियमित नियुक्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं. नियुक्ति के लिए विज्ञापन संख्या 09/2025 जारी किया गया है, जो जेपीएससी की आधिकारिक वेबसाइट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है.

जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों में कुल 23 पदों पर नियुक्ति की जायेगी, जिनमें रजिस्ट्रार, डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार, परीक्षा नियंत्रक, वित्त पदाधिकारी और उपनिदेशक-फिजिकल एजुकेशन के पद शामिल हैं. इन पदों पर नियुक्ति 100 अंकों के साक्षात्कार के माध्यम से की जाएगी. इससे पहले आवेदनों की स्क्रूटनी कर एक मेधा सूची तैयार की जाएगी. बता दें कि ये पद लंबे समय से खाली पड़े हैं और वर्तमान में कई विश्वविद्यालयों में प्रभारी अधिकारियों के भरोसे काम चल रहा है.

**आवेदन से जुड़ी मुख्य तिथियां :**

- ऑनलाइन आवेदन की प्रारंभ तिथि : 18 सितंबर 2025
- ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 08 अक्टूबर 2025 (शाम 5:00 बजे तक)
- परीक्षा शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि : 09 अक्टूबर 2025 (शाम 5:00 बजे तक)
- हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि : 21 अक्टूबर 2025 (शाम 5:00 बजे तक)

**किन पदों पर होगी नियुक्ति?**

- वित्त पदाधिकारी : कुल 9 पद
- परीक्षा नियंत्रक : 8 पद
- रजिस्ट्रार : 2 पद
- डिप्टी रजिस्ट्रार : 2 पद
- असिस्टेंट रजिस्ट्रार : 1 पद
- उपनिदेशक (शारीरिक शिक्षा) : 1 पद

**हेल्पलाइन नंबर**

आवेदन से जुड़ी किसी भी समस्या या जानकारी के लिए अभ्यर्थी आयोग के हेल्पलाइन नंबर 7979970392 और 8340331314 पर सुबह 11 बजे से शाम 5:30 बजे संपर्क कर सकते हैं.



विक्की कौशल और कैटरीना कैफ जल्द बनेंगे माता-पिता

https://epaper.shubhamsandesh.net

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

रांची, बुधवार 17 सितंबर 2025 I आश्विन कृष्ण पक्ष एकादशी, संवत 2082 I रांची एवं पटना से प्रकाशित I वर्ष : 3, अंक : 161 I मूल्य ₹ 4, पृष्ठ संख्या : 12




## ब्रीफ खबरें

### राज्य में अब ऐप आधारित होगी ममता वाहन सेवा

**रांची ।** झारखंड में गर्भवती महिलाओं को अस्पताल तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए चलाई जा रही ममता वाहन सेवा अब और आधुनिक तकनीक से लैस होगी. जल्द ही यह सेवा ओला-उबर की तर्ज पर ऐप आधारित बन जाएगी. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा ने जानकारी दी कि इस काम के लिए आईसीआईसीआई बैंक को मोबाइल ऐप विकसित करने का निर्देश दिया गया है. ऐप के जरिए जैसे ही गर्भवती महिला अस्पताल जाने के लिए वाहन बुक करेगी, नजदीकी सभी ममता वाहन को संदेश मिल जाएगा और जो वाहन सबसे पास होगा, वह तुरंत मौके पर पहुंच जाएगा.

### राज्यपाल ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में की पूजा-अर्चना

**देवघर।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर समस्त राज्यवासियों के लिए सुख-समृद्धि की कामना की. राज्यपाल ने देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में संपूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना की. तीर्थ पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के बीच उन्हें संकल्प दिलाया. इस दौरान राज्यपाल ने द्वादश ज्योतिर्लिंग का जलाभिषेक कर विशेष पूजा की. राज्यपाल ने भगवान आशुतोष से समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की. भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के बाद जिला उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने राज्यपाल को स्मृति चिन्ह एवं बाबा बैद्यनाथ का प्रसाद भेंट किया.

### दुर्गा पूजा से पहले पुलिस की तैयारियां, इंस्पेक्टर ने किया स्थल निरीक्षण

**गोविंदपुर।** दुर्गा पूजा को लेकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए गोविंदपुर पुलिस इंस्पेक्टर विष्णु प्रसाद राउत ने मंगलवार को इलाके के विभिन्न पूजा पंडालों और सार्वजनिक स्थलों का निरीक्षण किया. उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों के दुर्गा पूजा स्थलों के साथ-साथ जीटी रोड, पेट्रोल पंपों और बैंकों का भी जायजा लिया. निरीक्षण के दौरान इंस्पेक्टर राउत ने जीटी रोड के पेट्रोल पंपों और बैंकों के सामने बड़ी गाड़ियाँ खड़ी न करने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति अपराधियों को सहूलियत देती है.

### सड़क हादसे में 3 की गई जान, 12 से अधिक गंभीर

**चाईबासा ।** सोमवार की देर शाम पश्चिमी सिंहभूम में एक बड़े सड़क हादसे में तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई. वहीं दर्जनों लोग घायल हो गए. यह हादसा जिले के हाटगम्हरिया थाना क्षेत्र में हुई है. बताया जा रहा है कि कुईड़ा गांव के समीप जंगल में ट्रेलर और कमांडर जीप के बीच जोरदार टक्कर हुई. इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई. मिली जानकारी के अनुसार सवारियों को लेकर कमांडर जीप हाटगम्हरिया मुख्य चौक में लगने वाले बाजार से माईंस करांजिया के चिनिबाई की ओर जा रही थी. इसी क्रम में यह दुर्घटना हो गई.

### पलामू : प्रसव पीड़ा से जूझती महिला को खटिया से नदी पार कर पहुंचाया अस्पताल

**मेदिनीनगर।** जिले के विश्रामपुर प्रखंड के राजखाड़ गांव में सोमवार की शाम एक बेहद मार्मिक और चिंताजनक दृश्य देखने को मिला, जिसने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था और प्रशासनिक दावों की पोल खोल कर रख दी है. यहां पुल नहीं होने के कारण गर्भवती महिला को खाट पर लिटाकर नदी पार कराना पड़ा. नदी पार करने के बाद अस्पताल पहुंचने के लिए भी उन्हें एंबुलेंस की सुविधा नहीं मिली. प्राप्त जानकारी के अनुसार, राजखाड़ गांव में गर्भवती महिला चंपा देवी को अचानक प्रसव पीड़ा शुरू हो गई. लेकिन गांव से सटी धुरिया नदी बारिश के कारण उफान पर थी. नदी पार करने के लिए पुल या अन्य कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने महिला को खाट पर लिटाकर नदी पार कराया गया.

---

मलेशिया समेत गल्फ देशों से फंडिंग की सूचना, देश भर में एनआईए की छानबीन शुरू

# वासेपुर में प्रज्ञा केंद्र संचालक के घर छापा

- बैंकमोड़ समेत कई थानों की पुलिस रही तैनात
- घर के सभी सदस्यों का एनआईए ने किया बयान दर्ज
- पांच लाख रुपये बरामद जब्त कर ले गई जांच एजेंसी
- नोट गिनने की आई मशीन घरवालों की संपत्ति खंगाली

शुभम संदेश। धनबाद

राष्ट्रीय जांच एजेंसी(एनआईए) ने मंगलवार को धनबाद के वासेपुर करीमगंज निवासी शाहबाज अंसारी नाम के व्यक्ति के घर पर छापेमारी की. शहबाज प्रज्ञा केंद्र संचालक है और गोविंदपुर में इसका प्रज्ञा केंद्र चलता है. कार्रवाई के दौरान शाहबाज के घर से पांच लाख रुपये नगद बरामद हुए हैं. जब्त रकम को एनआईए ने कोर्ट से छुड़ा लेने की बात कही है. एनआईए ने घर के सदस्यों से पूछताछ की. उनके घर की संपत्ति खंगाली और सभी के बैंक के खातों का भी डिटेल चेक किया. इस दौरान घर के सभी सदस्यों को घर से बाहर निकलने की इजाजत नहीं थी और न ही कोई बाहर से घर में प्रवेश कर पाया. घंटों तक चली जांच पड़ताल के बाद शाम को टीम यहां से चली गई. किसी को भी फिलहाल गिरफ्तार नहीं किया गया.

बता दें कि एनआईए की टीम( यूपी32बिजी6901) नंबर के वाहन से धनबाद पहुंची थी. बैंक मोड़ थाना की पुलिस बल के साथ सुबह वासेपुर स्थित जब्बार मस्जिद के समीप शाहबाज अंसारी के घर पर छापेमारी शुरू की. छापेमारी के दौरान









शाहबाज के घर से भारी मात्रा में कैश मिलने की संभावना जतायी जा रही थी. छापेमारी करने पहुंची एनआईए की टीम को पैसे गिनने के लिए मशीन लानी पड़ी, हालांकि बाद में पता चला कि सिर्फ पांच लाख रुपये ही बरामद हुए हैं. शाहबाज के घर के बाहर और आसपास के इलाकों में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात कर दिया गया था. इस कार्रवाई ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है. उल्लेखनीय है कि कुछ महीने पूर्व ही एनआईए की टीम ने वासेपुर में ही आतंकी गतिविधियों में संलिप्त होने की सूचना पर छापेमारी की थी. अब तक वासेपुर में कई बार दबिश दी गई है.

पूर्व में भी यहां से अयान नामक युवक को पकड़कर एनआईए ले गई थी. फिलहाल अयान जेल में है. अयान को गिरफ्तार करने जब एनआईए की टीम धनबाद आई थी, तब भी शहबाज से पूछताछ की गई थी. साथ ही अयान की पत्नी से भी पूछताछ की गई थी. अयान की पत्नी भी आधार कार्ड बनवाने का काम करती थी. पूछताछ के बाद अयान की पत्नी को छोड़ दिया गया था.

### महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, फोरेंसिक जांच होगी : एनआईए

एनआईए के प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी से कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिनकी फॉरेंसिक जांच की जा रही है. शाहबाज अंसारी से पूछताछ की गई है. उनके परिजनों से भी बयान दर्ज किए गए हैं. मात्र तीन महीने पहले, अप्रैल 2025 में झारखंड एटीएस ने वासेपुर सहित धनबाद के कई इलाकों में छापेमारी की थी. तब पाकिस्तानी आतंकी संगठन हिज्बुल मुजाहिदीन और द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) से जुड़े छह संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया था, जिनमें युसुफ, कौसर, गुलफाम, अयान, शहजाद और शबनम शामिल थे. यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर के पहलगाम हमले (अप्रैल 2025) से जुड़ी बताई गई थी, जिसमें 26 पर्यटकों की हत्या हुई थी. एनआईए की प्रारंभिक रिपोर्ट में पाकिस्तान की आईएसआई की संलिप्तता का जिक्र था. उस समय वासेपुर, पांडरपाला, आजाद नगर और भूली जैसे इलाकों में छापे मारे गए थे, जहां से अवैध हथियार और डार्क वेब से जुड़े सामग्री बरामद हुई थीं. पुलिस विभाग के जानकारों का मानना है कि टेरर फंड्स का इस्तेमाल धनबाद-कोयलांचल क्षेत्र में जमीन खरीदने के लिए हो रहा है. इससे आतंकी तत्व यहां बस सकते हैं, भारतीय नागरिकता हासिल कर सकते हैं और स्लीपर सेल्स स्थापित कर सकते हैं. इधर एनआईए के पास मलेशिया और गल्फ देशों से फंडिंग के चैनल्स का सुराग मिला है, जो टीआरएफ जैसे संगठनों को मजबूत कर रहे हैं. धनबाद जैसे कोयला-समृद्ध क्षेत्र में ऐसी गतिविधियां राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं. सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने राज्यों को अलर्ट जारी किया है, जबकि एनआईए पूरे देश में समानांतर जांच तेज कर रही है.

---

# दुर्गा पूजा में तीन गैंगों से पड़ेगा धनबाद का पाला

कोढ़ा गैंग, बंडेल गिरोह और लोकल अपराधी भी पूजा उत्सव में हो जाते हैं सक्रिय

- एक ही दिन में हो चुकी है चेन छिनतई की तीन अलग-अलग घटनाएं

शुभम संदेश। धनबाद

दुर्गा पूजा का उत्सव चंद कदम दूर है. पुलिस और प्रशासनिक तैयारियां जोरशोर से चल रही हैं. मां अंबे के भक्त भी इस बार पूजा को यादगार बनाने के लिए खरीदारी समेत अन्य तैयारियों में जुटे हैं. पूजा पंडाल कमेटियां भी पूरे जोश-खरोश से सुंदर और भव्य पंडालों के निर्माण में जुटी हैं. इन सबके साथ पूजा महोत्सव में खलल डालने वाले आपराधिक तत्व भी तैयार हैं. इनकी भी अलग तैयारी चल रही है. तीन दिन पूर्व ही इनकी एक झलक शहरवासियों ने देख ली है. एक ही दिन तीन अलग-अलग स्थानों में चेन छिनतई की घटनाएं हो चुकी हैं.

जी हां, हर बार की तरह पूजा के दौरान धनबाद वासियों को तीन आपराधिक गिरोह से पाला पड़ेगा. इनमें कोढ़ा गैंग, बंडेल गैंग और लोकल गैंग शामिल है. कोढ़ा गैंग जहां बाइक सवार अपराधियों का है, जो पलक झपकते ही चेन या रकम लेकर उड़न छू हो जाता है. बंडेल गैंग जो पूजा के मेले में, पंडाल में दर्शन के नाम पर श्रद्धालुओं के साथ भीड़ में शामिल होकर महिलाओं के चेन समेत अन्य जेवरात पर हाथ साफ करते हैं. इन दोनों गिरोहों के अलावा धनबाद के लोकल आपराधिक गिरोह भी पूजा के दौरान सक्रिय हो जाते हैं. घरों में चोरी, सड़क पर छिनतई और बीसीसीएल के खदानों और कोलियरियों से लौह सामग्री आदि की घटनाओं को अंजाम देते हैं. इन तीनों गिरोह में दो तो सक्रिय हो गए हैं. कोलियरी क्षेत्रों में खदानों, आफिस कार्यालय और गोदामों में चोरी की घटनाएं लगातार होने लगी हैं. इसके साथ ही घरों में भी चोरियां हो रही हैं.

**सबसे खतरनाक है कोढ़ा गैंग :** बिहार के पूर्णिया से सटे इलाके में कोढ़ा नामक एक जगह है. जहां के काफी युवा पूजा के दौरान झारखंड के विभिन्न इलाकों में आते हैं. ये लोग बाइक चलाने में काफी तेज तर्रार होते हैं. इन्हें बाइक से पीछाकर दबोचना किस्मत का खेल होता है. इस गिरोह के लोग धनबाद में भाड़े का मकान लेकर रहते हैं. पूजा के दौरान गिरोह के काफी सदस्यों का जुटान धनबाद में हो जाता है. ये लोग धनबाद जिले के अलग-अलग स्थानों में रहते हैं. बाइक से आसपास की सड़कों की बखूबी जानकारी लेने के बाद वारदात को अंजाम देते हैं. कई बार इस गिरोह के सदस्यों को दबोचा भी जा चुका है. धनबाद में एक ही दिन चेन छिनतई की घटनाएं हो चुकी हैं. घटना में इस गिरोह के हाथ होने से इंकार नहीं किया जा सकता है.

**बंडेल से आती है महिला ग्रुप :** पश्चिम बंगाल के बंडेल नामक जगह से दर्जनों की संख्या में महिला अपराधियों का गिरोह धनबाद पहुंचता है. इस गिरोह में आमतौर पर एक-दो पुरुष रहते हैं. ये लोग धनबाद के अच्छे होटलों में रुकते हैं. इनके पास चार पहिया वाहन होते हैं. साथ ही बेहतरीन कपड़े और जेवरों से लदे होते हैं. पहली झलक में इन्हें कोई चोर-उचक्का नहीं समझ सकता है. लेकिन असल में ये वेशभूषा लोगों को बरगलाने के लिए होता है. ये गिरोह पूजा पंडालों और मंदिरों में होने वाली भीड़ का फायदा उठाता है. इनके पास जेवर काटने के तेज और छोटे औजार होते हैं. भीड़ में ये आसानी से जेवर काट देते हैं और फिर दूसरे साथी को बढ़ा देते हैं. पल भर में ही जेवर गायब हो जाता है.



#### इन अपराधियों से ऐसे करें बचाव

- ✔ मेला या पंडाल दर्शन के लिए जेवर पहन कर न जाएं.
- ✔ घर को बिलकुल खाली कर मेला घूमने न जाएं,
- ✔ छोटे बच्चों की जेब में अपना मोबाइल नंबर जरूर रख दें.
- ✔ संदेह होने पर तत्काल पंडाल वोलेंटियर या पुलिस को सूचना दें.
- ✔ बैंक से बड़ी रकम निकालकर लौटते वक्त चौकन्ना रहें.
- ✔ सुनसान और अंजान रास्तों से बिलकुल परहेज करें.

---

### बरवाअड्डा में राजमिस्त्री ने की आत्महत्या

**बरवाअड्डा ।** बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के आसबनी-मिश्रडीह निवासी दिलीप रजवार (24) ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. जानकारी के अनुसार दिलीप रजवार राज मिस्त्री का काम करते थे. मंगलवार को आसनबनी फुटबॉल ग्राउंड स्थित एक पेड़ में फांसी लगाकर उसने आत्महत्या कर ली. घटना की सूचना पर बरवाअड्डा पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद भेज दिया. आत्महत्या के कारण का पता नहीं चल पाया है.

---

झारखंड हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

## बीसीसीएल को लौटाना होगा कोविड सेस

- प्रति टन 10 रुपये का होगा रिफंड

शुभम संदेश। धनबाद

झारखंड उच्च न्यायालय, रांची ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के पक्ष में फैसला सुनाया है. कोर्ट ने डब्ल्यू.पी. (सी) नंबर 4655/2024 में आदेश दिया है कि झारखंड राज्य सरकार द्वारा 05 जुलाई 2023 से बीसीसीएल से वसूला गया कोविड सेस रिफंड किया जाए. इसके तहत बीसीसीएल को अपने ग्राहकों को प्रति टन कोयले पर 10 रुपये की दर से कोविड सेस की राशि वापस करनी होगी.इंडस्ट्रीज एंड कॉमर्स एसोसिएशन, धनबाद ने अपने सभी सदस्य कोकरीज़ और समिति के सदस्यों को इस आदेश की जानकारी देते हुए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है. (शेष पेज-11 पर)

---

# बलियापुर में 11 स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित

एक्सक्लिलूसिव

- भिखराजपुर, सुरंगा, घड़बड़, चांदकुइयां, प्रधानखंता, कर्माटांड़, अलकडीहा, धोखरा, आमझर, कुसमाटांड़, बलियापुर पूर्वी के बडमुडी मौजा में बनने की उम्मीद

शुभम संदेश। धनबाद



धनबाद उपायुक्त आदित्य रंजन ने जिले में स्वास्थ्य और शिक्षा की सुविधा में बदलाव लाने के लिए अगला कदम बढ़ाया है. उन्होंने स्कूल, स्वास्थ्य केंद्र और आंगनबाड़ी के कायाकल्प का जो बीड़ा उठाया है. उस ओर एक और उपलब्धि हासिल होने जा रही है. बलियापुर अंचल में बनने वाले 11 स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए जमीन चिन्हित हो चुकी है. इन स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण 15वें वित्त आयोग से कराया जाएगा. डीसी का लक्ष्य है कि जिले के हर पंचायत में एक स्वास्थ्य केंद्र बनाया जाएगा. इसी कड़ी में बलियापुर अंचल अंतर्गत भिखराजपुर, सुरंगा, घड़बड़, चांदकुइयां, प्रधानखंता, कर्माटांड़, अलकडीहा, धोखरा, आमझर, कुसमाटांड़, बलियापुर पूर्वी के बडमुडी मौजा में जमीन चिन्हित हो गई है. इस बाबत अंचल अधिकारी ने जिला प्रशासन को पत्र लिखकर जानकारी दे दी है.बलियापुर के अंचल अधिकारी ने 15वें वित्त आयोग के तहत स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण के लिए भूमि चिन्हित कर ली है. अंचल अधिकारी ने इन भूमि का प्रतिवेदन ट्रेस नक्शा सहित जिला प्रशासन को भेज दिया है और पूर्व में भेजे गए प्रतिवेदन में संशोधन का अनुरोध किया है. यह कदम स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है.

**स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण से लाभ :** स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण से स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिलेगा. इससे ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने में आसानी होगी और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा.

---

तैयारी | दुर्गा पूजा के मद्देनजर एसएसपी ने किया कई चेकपोस्टों का निरीक्षण

# शहर के इंट्री पॉइंट पर बेरियर लगाकर होगी वाहनों की जांच

शुभम संदेश। धनबाद

दुर्गा पूजा के दौरान शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिए धनबाद एसएसपी प्रभात कुमार ने मंगलवार को शहर के प्रमुख चौक-चौराहों व व्यस्त मार्गों का निरीक्षण किया.एसएसपी ने सिटी सेंटर, श्रमिक चौक, बैंक मोड़, मटकुरिया चेक पोस्ट, धनसार चौक, नया बाजार, वासेपुर, पांडरपला, काको मठ, विनोद बिहारी चौक, मेमको मोड़ समेत भीड़-भाड़ वाले इलाकों का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने ट्रैफिक पुलिस, स्थानीय थाना प्रभारी अन्य अधिकारियों और जवानों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि त्योहार के समय अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए



वैकल्पिक मार्ग तैयार कर पब्लिक को पहले से सूचित किया जाए. निरीक्षण के क्रम में निर्देश देते हुए कहा कि दो लेयर में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया जाये. आसपास के जिलों व बंगाल सीमा से लगे सभी इंट्री पॉइंट पर बेरियर लगाई जाये एवं शहर के सभी इंट्री पॉइंट पर भी बेरियर लगाकर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाये.

एसएसपी ने पंडालों और भीड़भाड़ वाले स्थानों के पास अनुशासित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा. उन्होंने साफ निर्देश दिया कि जहां-तहां खड़े वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए. निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने कहा कि दुर्गा पूजा में सुरक्षा व ट्रैफिक दोनों की चुनौती होती है. इसके लिए पंडालों के आसपास विशेष बल की तैनाती की जाएगी. उन्होंने जवानों को चौक-चौराहों पर मुस्तैदी से ड्यूटी करने और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया. उन्होंने लोगों से अपील की कि दुर्गा पूजा के दौरान निजी वाहनों को पूजा पंडाल से दूर सुरक्षित स्थान अथवा निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही वाहन को खड़ी करें. दो पहिया वाहन में अतिरिक्त सुरक्षा लॉक ( ताला जंजीर) का इस्तेमाल करें व नशे में वाहन न चलाएं. उन्होंने अपील करते हुए कहा कि यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस प्रशासन को सहयोग दें, ताकि दुर्गा पूजा का पर्व शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में सम्पन्न हो सके.

---

रेलवे ग्राउंड में अंतर विभागीय टूर्नामेंट

## धीरज के चार गोल से जीती ऑपरेटिंग की टीम



शुभम संदेश। धनबाद

रेलवे ग्राउंड में अंतर विभागीय टूर्नामेंट 2025 का क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया,जिसमें पहला मैच ऑपरेटिंग बनाम एकाउंट्स के बीच खेला गया. इस मैच में धनबाद डिवीजन के स्पोर्ट्स ऑफिसर धीरज कुमार ने शानदार खेल का प्रदर्शन करके सारे दर्शकों का दिल जीत लिया. उन्होंने लगातार तीन गोल मारकर अभी तक का रिकॉर्ड बनाये और कुल चार गोल किये. एस चक्रवर्ती,मनमोहन सिंह और जयपाल ने एक-एक गोल कर के सात शून्य से यह मैच जीता. दूसरे मैच में इलेक्ट्रिक ओपी बनाम करेज एंड वैगन के बीच खेला गया. (शेष पेज-11 पर)

# कुमारधुबी फायरब्रिक्स के 9, फिटरलाइन के चार घरों में चोरी

## पांच लाख की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

शुभम संदेश।कुमारधुबी

तू डाल-डाल तो मैं पात-पात. चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती दी है. अभी कुमारधुबीओपी क्षेत्र के बागानधौड़ा का मामला शांत भी नहीं हुआ था की चोरों ने कुमारधुबी ओपी क्षेत्र के ही शिवलीबाड़ी मध्य पंचायत के फायरब्रिक्स के नौ घरों में बीते चोरी कर ली. सभी घरों में ताले बंद थे. कोई सामने के घर में सो रहा था तों कोई स्वजनों के घर में सोये हुए थे. इसके अलावा कुमारधुबी ओपी से महज 20 से 25 मीटर की दूरी पर फिटरलाइन में भी चोरों ने चार घरों का ताला तोड़ चोरी का प्रयास किया. कुछ नहीं मिलने पर चोर बेरंग वापस जाना पड़ा. सिर्फ एक घर का कुछ सामान चोरी हुआ है. घटना की सुचना मिलते ही कुमारधुबी ओपी प्रभारी मैथ्यु एक्का पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच मामले की जानकारी ली. पुलिस



आसपास में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगालने में जुट गई है. जानकारी के अनुसार शिवपुजन सिंह, राम सिंह, रामाशीष राम, सुभाष मंडल, सोल्जर कुमार, उमेश चौधरी, शिवलखन चौधरी, राजू चौधरी, अमन कुमार के घर चोरी हुई है.इस संबंध में पीड़ित राम सिंह ने बताया की पास में भाई के घर में सोये हुए थे. सुबह करीब पांच बजे जब मां घर आई तों देखी की दरवाजे का ताला, आलमीरा टुटा हुआ है तथा घर का सारा सामान बिखरा हुआ है. आकर देखे तों हमलोगों का होश ही उड़ गया. सारे जेवरात कान का झुमका, मांग टिका, चैन, पायल, नगद सहित लगभग ढाई से तीन का चोरी हो गया है. वही शिवपुजन सिंह ने कहा की वे सामने के घर में सोये हुए थे. सुबह साढ़े चार बजे आये तों देखे की दरवाजा का ताला टुटा हुआ है तथा घर में रखा नगद दस हजार, कान की बाली सब मिलाकर लगभग एक से सवा लाख की चोरी हो गया है. वही उमेश चौधरी का कहना है की फायरब्रिक्स में इस तरह की चोरी कभी नहीं हुई थी. यह पहली घटना है.

### पूर्व में चोरी के बाद थाना प्रभारी पर हुई थी कार्रवाई

कुमारधुबी क्षेत्र के लिए इस तरह की दूसरी घटना है. 7 सितंबर को बागानधौड़ा के बंद आठ घरों में इसी तरह चोरी की घटना को अंजाम दिया था. जिसके कारण वर्तमान प्रभारी राजेश लोहरा को एसएसपी प्रभात कुमार ने लाइन हाजिर कर दिया गया. अभी नए प्रभारी मैथ्यु एक्का के आये हुए दो दिन ही हुए है और चोरो ने फिर उसी तर्ज पर घटना को अंजाम दे दिया है. पुलिस प्रशासन का कहना है कि वे लगातार क्षेत्र में गस्ती कर रहे हैं. यहां तक की मोटरसाइकिल से गली-गली भी टीम गस्ती कर रही है. लेकिन इसके बावजूद भी क्षेत्र में चोरी होना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल तो खड़े कर रहे हैं.

# एसएसपी ने किया कतरास कांको और शक्ति चौक का निरीक्षण, दिया निर्देश

## त्योहार में सादे लिबास में पुलिस की रहेगी तैनाती

शुभम संदेश।कतरास

दुर्गा पूजा के मद्देनजर शहर में व्यापक ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर एसएसपी प्रभात कुमार मंगलवार को कतरास कांको चौक, शक्ति चौक सहित विभिन्न चौक चौराहों का निरीक्षण किया. एसएसपी ने निरीक्षण के दौरान बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार, कतरास थानेदार असित कुमार सिंह से बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए. एसएसपी ने बताया कि दुर्गा पूजा को लेकर शहर में ट्रैफिक की बेहतर व्यवस्था बनाए रखने के लिए निरीक्षण किया जा रहा है. ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी ने कहा कि आम जनों को पूजा में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो. इसके



लिए शहर के हर चौक चौराहे पर ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी. मेले व दुर्गा पूजा पंडालों में आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हो इसका पूरा ध्यान रखा जाएगा. मेले व भीड़-भाड इलाकों में निगरानी करने के लिए अलग से सादे लिबास पर पुलिस बल तैनात किए जाएंगे. मौके पर बाघमारा डीएसपी पुरुषोत्तम कुमार, कतरास थानेदार असित कुमार सिंह, सार्जेंट प्रवीण कुमार, राकेश कुमार दुबे, अवधेश कुमार, अर्जुन महथा, चारु बेघिया,आदि अधिकारी उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### हरिहरपुर पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**गोमो**। वरीय पदाधिकारी के दिशानिर्देश पर मंगलवार शाम हरिहरपुर थाना पुलिस द्वारा गोमो के स्टेशन चौक पर वाहन जांच अभियान चलाया गया. इस अभियान के दौरान कई बाइकों को बिना वैध कागजात के पकड़ा गया, कुछ पर चालान काटे गए, जबकि कुछ बाइकों को पैरवी के आधार पर छोड़े जाने की बात भी सामने आ रही है. इस अभियान को लेकर स्थानीय ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है. उन्होंने पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि आम लोगों की बाइक की सख्ती से जांच की जा रही है, जबकि अवैध बालू लदे ट्रैक्टर दिन-रात क्षेत्र में बेरोकटोक चल रहे हैं और उनकी कभी जांच नहीं होती. ग्रामीणों ने बताया कि बीते रविवार को सिक लाइन, गोमो में बालू तस्करी के दौरान दो ट्रैक्टरों की टक्कर हो गई थी, जिससे घंटों तक सड़क जाम रही.

### छात्र नेता सुरेंद्र की मनाई पुण्यतिथि

**पुटकी**। पूर्व छात्र नेता स्व सुरेंद्र सिंह की 7वीं पुण्यतिथि स्वामी विवेकानंद नगर पुटकी में मनाई गई. युवा विकास मंच द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने पूर्व छात्र नेता को श्रद्धांजलि दी.उनके छात्र जीवन पर चर्चा की.श्रद्धांजलि देने वालों में गोलू सिंह ,नीरज भगत, शिवनाथ साव ,अजीत सिंह, अभय सिंह, राजा विश्वकर्मा, मानबोध सिंह,मन्नू पासवान,भानु मिश्रा, बिट्टू चौधरी,अमित झा,शेखर राय,संजय ताती,बिट्टू सिह आदि शामिल थे.

# बांसजोड़ा सीएचपी के ट्रांसफार्मर में लगी आग, लाखों का नुकसान

## बीसीकेयू ने प्रबंधन पर लापरवाही का लगाया आरोप





शुभम संदेश।लोयाबाद

बांसजोड़ा कोलियरी साइडिंग स्थित सीएचपी के पास 750 केवीए के ट्रांसफार्मर में अचानक भीषण आग लग गई. घटना मंगलवार सुबह करीब 8.30 बजे की बताई जा रही है. आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते आग की लपटों के साथ काले धुएं का गुबार आसमान छूने लगा. कुछ समय के लिए अफरातफरी का माहौल उत्पन्न हो गया. आग की लपटे दूर से दिखाई देने पर स्थानीय लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए. आग बुझाने के लिए मौके पर बीसीसीएल की दो टैंकर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया. लेकिन तब तक भारी नुकसान हो चुका था. ट्रांसफार्मर पूरी तरह जलकर राख हो गया था. आग लगने की वजह प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है. कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि पुराने तारों के जंजाल और रखरखाव में लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ. घटना की सूचना पर सीएचपी पहुंचे बीसीकेयू के संयुक्त महामंत्री मानस चटर्जी ने कहा कि प्रबंधन की उपेक्षा से यह घटना हुई है. पुराने और जर्जर विद्युत संयंत्र की समय पर मरम्मत न कराना जिम्मेदारियों से बचने जैसा है. जहां भी बीसीसीएल में किसी भी तरह की घटनाएं हो रही है. सभी घटनाओं में प्रबन्धन की लापरवाही सामने आ रही है. इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए. बांसजोड़ा कोलियरी प्रबंधक कमलेश कुमार ने कहा कि निचितपुर में अल्टरनेट सीएचपी से कोयले पिसाई का काम चालू है. करीब दो घंटे के बाद बांसजोड़ा में अल्टरनेट ट्रांसफार्मर से सीएचपी चालू किया गया है. ट्रांसफार्मर मरम्मती में करीब चार लाख का खर्च आएगा, लगभग एक महीने का समय लग सकता है.

### बीसीसीएल को आर्थिक चपत, डिस्पैच प्रभावित

घटना से डिस्पेच पूरी तरह प्रभावित हो गया है. हालांकि उत्पादन प्रभावित नहीं हुआ है, कोयला पिसाई कर बांसजोड़ा साइडिंग से रैक के माध्यम से पावर प्लांटों तक कोयला भेजने का कार्य फिलहाल ठप हो गया है. घटना में ट्रांसफार्मर और अन्य उपकरणों का नुकसान लगभग 10 लाख रुपये आंका गया है. प्लांट के कर्मचारियों और स्थानीय लोगों ने प्रबंधन से शीघ्र मरम्मत और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है. सीएचपी चालू करने व डिस्पेच को बहाल करने की कोशिश की जा रही है. सुत्रों के अनुसार क्षेत्रीय प्रबंधन ने इस घटना की जांच के आदेश दिए हैं. दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही है.

## न्यूज अपडेट

### पौधरोपण कर किया पितरों को तर्पण



**झरिया (शुभम संदेश)**। पितृपक्ष के अवसर पर झरिया 4 नंबर टैक्सी स्टैंड में सड़क किनारे एवं मोहलबनी घाट में लोगों ने पूर्वजों की याद में स्मृति वृक्ष लगा कर अपने पितरों को तर्पण किया. मोहलबनी में पीपल के पौधे लगाए गए, झरिया में प्राइड ऑफ इंडिया नामक पौधे लगा कर लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया. ग्रीन लाइफ झरिया के संयोजक डॉ मनोज सिंह ने कहा कि पौधरोपण को यदि हम भावना से जोड़ दें तो पर्यावरण की रक्षा सहज हो सकेगी. पुराणों में भी वर्णित है कि उनके नाम पर वृक्ष लगाने एवं तालाब बनवाने से पितर प्रसन्न होते हैं. इन वृक्षों के छांव में बैठने वाले भी लगाने वाले को आशीर्वाद देते हैं. डॉ मनोज ने कहा कि यह स्मृति वृक्ष बड़ा हो कर पूर्वजों के सजीव स्मारक के रूप में स्थापित होगा. यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद ने कहा कि यदि सभी लोग एक पौधा भी लगाएं तो झरिया की हरियाली लौट सकती है. मुहिम में लोग साथ दें. शिक्षक संजय प्रजापति ने कहा कि पूर्वजों के याद करने का यह अनोखा तरीका है इसे अमल में लाना चाहिए. मौके पर ग्रीन लाइफ के संयोजक डॉ मनोज सिंह, यूथ कॉन्सेप्ट के संयोजक अखलाक अहमद, संजय कुमार प्रजापति, अर्जुन माली, सुनील तुलसियान, अशोक कुमार, अयोध्या साव विवेक कुमार ने अपने पूर्वजों के नाम पर पौधे लगाए.

### नवोदय गरीब बच्चों के लिए वरदान : रवि कुमार

**कतरास (शुभम संदेश)**। मंगलवार को जय धरती मां फाउंडेशन के तत्वाधान उत्क्रमित उच्च विद्यालय फुलवार कतरास अंचल में नवोदय जागरुकता अभियान चलाया गया. वर्ग अष्टम एवं दशम के बच्चों को संबोधित करते हुए संस्था के संस्थापक रवि कुमार निषाद ने कहा कि गरीब बच्चों के लिए नवोदय एक वरदान है. यहां रहना, खाना ,पढ़ना ,कपड़ा एवं जरूरत की सारी वस्तुएं निशुल्क प्राप्त होती हैं. संकल्प एजुकेशन के निदेशक सह धरती मां फाउंडेशन के जिला सचिव सहदेव महतो ने कहा कि कक्षा अष्टम एवं दशम के छात्र-छात्राओं के लिए यह एक विशेष अवसर है.सत्र 2026-27 के लिए आवेदक का जन्म 01 मई 2011 से लेकर 31 जुलाई 2013 के बीच का होना चाहिए. वहीं 11वीं के लिए आवेदक का जन्म 01- जून 2009 से लेकर 31 जुलाई 2011 तक होनी चाहिए. आवेदन नवोदय विद्यालय समिति के ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर 2025 है. कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार महतो, जय धरती मां फाउंडेशन के संस्थापक रंजीत कुमार, जनजातीय कल्याण पदाधिकारी सुधीर हेंब्रम, कार्यक्रम पदाधिकारी शमशेर अली, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में पौधारोपण का कार्य भी किया गया.

### ललित रंजन भगत ने पदभार ग्रहण किया



**महुदा (शुभम संदेश)**। महुदा थाना में मंगलवार को नये प्रभारी ललित रंजन भगत पदभार ग्रहण किया. थाना पहुंचने पर थाना के पदाधिकारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया. पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता से मैत्रीपूर्ण संबंध बनाते हुए उनके सहयोग से अपराध पर नियंत्रण करना उनकी प्राथमिकता होगी.कहा कि अवैध धंधेबाज को पांव पसारने नहीं दिया जायेगा. मौके पर एएसआई महेंदर राम, बिनोद कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह, मुन्सी बबीता कुमारी गुप्ता, यशोदा देवी, डोली कुमारी, प्रियंका कुमारी आदि मौजूद थे.

## आजीविका महिला संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति की वार्षिक आमसभा

# महिलाएं स्वावलंबी हुईं तो समाज होगा मजबूत : शत्रुघ्न

शुभम संदेश।मधुबन

बाघमारा प्रखंड के फुलारीटांड पंचायत अंतर्गत नावागढ़ हरेन्द्र टाकीज विवाह मंडप में मंगलवार को फुलारीटांड आजीविका महिला संगठन स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड बाघमारा संकुल-फुलारीटांड का वार्षिक आमसभा आयोजन किया गया. बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो ने बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए. कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक महतो, महेशपुर टू मुखिया संध्या देवी, फुलारीटांड के पूर्व मुखिया दिलीप कुमार विश्वकर्मा, चेम्बर ऑफ कॉमर्स नावागढ़ के सचिव संजय दुबे, समाजसेवी हरि साव, जेएसपीएल के प्रखण्ड कर्मी शंभु राणा, रघुवीर रवानी,खलबली देवी,तुलसी कुमारी में संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. अतिथियों का स्वागत गीत व नृत्य से किया गया. विधायक ने सभा



को संबोधित करते हुए कहा कि समूह से जुड़े सभी महिला छोटे छोटे कुटीर उधोग स्थापित कर स्वावलंबी बने, तभी अच्छे समाज की स्थापना हो सकती है. देखी गई. नारी शक्ति को सुदृढ़ बनाने का हमारा प्रयास रहेगा. सभा में फुलारीटाँड, महेशपुर टू,खरखरी, सिनीडीह, मधुबन, बरोरा, मंदरा, केशरगढ़, बहियारडीह व टुंडू पंचायत के 318 समूह सदस्य शामिल थे. सभा में संकुल द्वारा वर्ष 2024-25 का आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया. इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले 30 सक्रीय महिला, 01 बैक सखी,18 एमबीके, 01 नव जीवन सखी,को विधायक शत्रुघ्न महतो के द्वारा सम्मानित किया गया. कार्यक्रम का संचालन जेआरपी संगीत देवी ने किया.

# छात्र नेता सुरेंद्र सिंह की 7वीं पुण्यतिथि मनी

शुभम संदेश।धनबाद

छात्र नेता सुरेंद्र सिंह जी की 7वीं पुण्यतिथि बड़े ही श्रद्धा के साथ मनाई गई. यह कार्यक्रम समाजसेवी एवं पूर्व छात्र नेता अभिषेक विश्वकर्मा के कार्यालय, मेमको मोड़ में आयोजित हुआ, जहाँ अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं, पूर्व छात्र नेताओं एवं गणमान्य व्यक्तियों ने उनकी स्मृति में श्रद्धांजलि अर्पित की. इस अवसर पर समाजसेवी एवं पूर्व छात्र नेता उदय प्रताप सिंह ने सुरेंद्र सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सुरेंद्र सिंह छात्रों के सच्चे नेता थे. उनका जीवन छात्रों की समस्याओं और जनहित के मुद्दों के लिए संघर्ष करते हुए बीता. चाहे यूनिवर्सिटी की व्यवस्था हो, सिटी बस की सुविधा हो या विभिन्न जनसरोकारों के मुद्दे, वे हमेशा अग्रणी भूमिका निभाते थे. उनका संघर्ष केवल छात्रों के लिए नहीं, बल्कि पूरे समाज की भलाई के



लिए था. उन्होंने जिला प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि सुरेंद्र सिंह जैसे संघर्षशील छात्र नेता की याद में उनकी प्रतिमा किसी प्रमुख चौक या चौराहे पर लगाई जाय. यदि प्रशासन इस पर कदम नहीं उठाता है तो समाजसेवी और छात्र नेता मिलकर आगे आएंगे. साथ ही, कम से कम एक चौक को उनके नाम से समर्पित किया जाए, ताकि आने वाली पीढ़ी उनके आदर्शों और संघर्षों को हमेशा याद रख सके. पूर्व छात्र नेता विनोद सिंह ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि सुरेंद्र सिंह के बारे में जितना कहा जाए उतना कम है. वे युवाओं और छात्रों के बीच प्रेरणास्रोत थे. उनका आदर्श चरित्र और संघर्ष आज भी हमारे लिए पथ प्रदर्शक है. समय आ गया है कि उनकी मूर्ति का अनावरण कर उन्हें औपचारिक रूप से सम्मानित किया जाए. कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि सुरेंद्र सिंह के अधूरे सपनों और संघर्षों को पूरा करना ही उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी. सभी ने मौन रहकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी. इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अभिषेक विश्वकर्मा, बब्लू पासवान, शुभम सिंह, अशोक मंडल, शंकर पांडे, मुकेश महतो और अजय पांडे उपस्थित थे.

## सांसद सीपी चौधरी ने कहा, गिरिडीह लोकसभा की सेवा मेरा सौभाग्य

# जदयू के नेतृत्व में ग्रामीणों ने किया सांसद का अभिनंदन

शुभम संदेश।तोपचांची

सोनरीयाटांड़ विवाह भवन में पूर्व जिला परिषद सदस्य सह जदयू टुंडी विधानसभा प्रभारी सहदेव प्रसाद सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के सांसद सीपी चौधरी का समारोह कर अभिनंदन किया. जिसमें जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह उपस्थित हुए. जदयू कार्यकर्ताओं ने सांसद सीपी चौधरी का स्वागत हीरापुर मोड़ में माला पहनाकर किया. तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने मोटरसाइकिल जुलूस के साथ सांसद सीपी चौधरी को कार्यक्रम स्थल तक गर्मजोशी के साथ नारा लगाते हुए लाएं. अभिनंदन समारोह का शुभारंभ समारोह के अध्यक्ष सहदेव प्रसाद सिंह ने सांसद



सीपी चौधरी को माल्यार्पण कर किया. तत्पश्चात कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने बारी-बारी से माल्यार्पण कर सांसद सीपी चौधरी का अभिनंदन किया. अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए सांसद सीपी चौधरी ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है और इनका सेवा करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है. गिरिडीह की जनता के हर सुख-दुख में हम दिन-रात साथ है. किसी को भी किसी प्रकार का समस्या हो तो मुझे अपना सेवक समझकर संपर्क करें, मैं हर समस्या का समाधान करुंगा. जदयू प्रदेश महासचिव सह यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह ने कहा कि हमलोगों का सौभाग्य है कि गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में सी पी चौधरी जैसे सांसद मिला है.सीपी चौधरी सरल स्वभाव, व्यवहारकुशल और व्यक्तित्व के धनी हैं. गांव-गरीब, मजदूर-किसान,छात्र-नौजवान की उत्थान के लिए सांसद सीपी चौधरी लगातार काम कर रहे हैं. आज तक हमलोगों ने सांसद सीपी चौधरी जैसे सरल व्यक्तित्व का संसद नहीं देखा था. एनडीए के सहयोगी साथी होने के नाते जदयू और यूथ फोर्स के कार्यकर्ता सांसद सीपी चौधरी के नेतृत्व में गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से चलने के लिए तैयार है.अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता पूर्व जिला परिषद सदस्य सह जदयू टुंडी विधानसभा चुनाव सहदेव प्रसाद सिंह और संचालन तोपचांची प्रखंड दक्षिणी भाग के प्रखंड अध्यक्ष फुलचंद दास ने किया. धन्यवाद ज्ञापन जदयू तोपचांची प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार पांडेय ने किया. समारोह में मुख्य रूप से जदयू महिला प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव बिंदु देवी, जदयू अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के जिला महासचिव अशोक कुमार दास, सीता देवी, विनोद सिंह, संजय दे, प्रदीप सिंह , दीनदयाल सिंह, सत्यनारायण सिंह, कंचन तिवारी आदि उपस्थित रहे.

# छात्रावास का एक तल खाली, सीओ को सौंपी चाभी

शुभम संदेश।महुदा

महुदा इंटर कॉलेज महुदा प्रबंध समिति ने कॉलेज परिसर में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों के लिए कल्याण विभाग द्वारा निर्मित एक सौ शय्या के छात्रावास के एक तल को खाली कर उसकी चाभी बाघमारा सीओ को मंगलवार को सौंप दिया. स्मरण रहे कि धनबाद डीसी ने इस छात्रावास को कल्याण गुरुकुल को सौंपने का निर्देश दिया था. इसके लिए बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू को मैजिस्ट्रेट प्रतिनियुक्त गया था. छात्रावास खाली कराने के लिए बाघमारा सीओ सह मैजिस्ट्रेट गिरजानंद किस्कू दो बार महुदा इंटर कॉलेज पहुंचकर कॉलेज प्रबंध समिति के सचिव प्रो दीपनारायण शर्मा एवं डिग्री कॉलेज के प्राचार्य सह छात्रावास अधीक्षक प्रो श्यामलाल महतो से छात्रावास को दो दिनों के अंदर खाली करवाकर चाभी




जमा करने के लिए कहा था. सीओ के निर्देशानुसार छात्रावास के ऊपरी तल का खाली कर उसकी चाभी बाघमारा सीओ गिरजानंद किस्कू के कार्यालय में प्रो श्यामलाल महतो ने जमा कर दिया. उनके साथ महुदा इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रो सिकंदर रवानी भी मौजूद थे. इस संबंध में सीओ गिरजानंद किस्कू ने कहा कि जांच में पहले छात्रावास में बारह बच्चे रहने की सूचना मिली थी. लेकिन वर्तमान में 71 बच्चे रहने की बात छात्रावास अधीक्षक के द्वारा बतायी गयी है जो छात्रावास के रजिस्टर में नामांकित हैं. बच्चे छात्रावास में रहकर अपनी पढ़ाई पूरी कर रहे हैं. इसको देखते हुए एक तल को अभी छोड़ दिया गया है. आगे उन्होंने कहा कि एक तल खाली कर उसकी चाभी उन्हें मिल गयी है. इसकी सूचना जिला कल्याण पदाधिकारी को दे दी गयी है. छात्रावास के ऊपरी तल की चाभी जिला कल्याण पदाधिकारी के पास जमा कर दिया जायेगा ताकि कल्याण गुरुकुल अपना प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम संचालित कर सके.

▼ ब्रीफ खबरें

### जमुआ पुलिस ने आरोपी को भेजा जेल

**जमुआ (गिरिडीह)।** जमुआ थाना पुलिस ने कांड संख्या 49/25 दिनांक 8 मार्च 2025 में दर्ज मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए आरोपी छोटू पासवान (पिता दोना पासवान), ग्राम चंद्रमंडी, थाना चंद्रमंडी, जिला जमुई (बिहार) को गिरफ्तार कर लिया है. आरोपी के खिलाफ धारा 310(2) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी. पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर उसे धर दबोचा. गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया. पुलिस सूत्रों के अनुसार मामले की आगे की जांच जारी है. थाना प्रभारी ने बताया कि कानून-व्यवस्था कायम रखने और अपराध पर अंकुश लगाने के लिए इस तरह की सख्त कार्रवाई लगातार की जाएगी.

### जमुआ में ढिबरा लदा वाहन जब्त, चालक फरार

**जमुआ (गिरिडीह)।** डोरंडा रेंज के करमाटांड–जामडार रोड पर वन विभाग की टीम ने मंगलवार सुबह ढिबरा लदा बोलेरो पिकअप वाहन जब्त किया. वनपाल अमित कुमार ने बताया कि रात्रि गश्त के दौरान निकली टीम ने सुबह पिकअप संख्या जेएच 02 वाई-3158 को जब्त कर वन विभाग कार्यालय परिसर, जमुआ, लाया. वाहन में लगभग तीन टन ढिबरा लदा हुआ था. गश्त वाहन को देखकर उसमें सवार लोग गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए. अमित कुमार ने बताया कि वाहन मालिक तीसरी निवासी अजय साव और कारोबारी राजेश वर्णवाल के खिलाफ वन अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है.

### कर्मचारी संकल्प महा सम्मेलन की तैयारी तेज

**जमुआ (गिरिडीह)।** राज्य स्तरीय कर्मचारी संकल्प महा सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर जमुआ प्रखंड इकाई के कर्मचारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को कन्या मध्य विद्यालय, जमुआ में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार ने की. बैठक में निर्णय लिया गया कि 20 सितंबर 2025 को रांची के जिला स्कूल प्रांगण में आयोजित महासम्मेलन में जमुआ प्रखंड से सभी कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे. इस दौरान कर्मचारियों ने सभी को एमएसपी का लाभ, सेवानिवृत्ति आयु 62 वर्ष और शिशु शिक्षा भत्ता को लेकर एकजुटता प्रदर्शित की. बैठक में मुख्य रूप से झारोटेफ के जिला कार्यकारिणी संयुक्त सचिव आनंद शंकर, प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, सचिव सविता मिश्रा, रीता वर्मा, राजेश कुमार शर्मा, प्रभात पांडेय, पीतांबर कुमार सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित थे. कर्मचारियों ने संकल्प लिया कि अपनी जायज मांगों के समर्थन में वे 20 सितंबर को रांची पहुंचकर महा सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाएंगे.

### जीजीपीएस के संगीत शिक्षक सम्मानित

**बोकारो।** गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल, बोकारो के संगीत शिक्षक संजीव मजूमदार को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया गया. सम्मान प्राप्त करने के बाद संजीव ने प्रिंसिपल सौमेन चक्रवर्ती, सुमन नांगिया, अभिषेक, स्कूल मैनेजमेंट और अपने विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया. उन्होंने कहा कि मेरे प्यारे बच्चों ने मुझे ज़िंदगी में ऊँचाइयाँ दीं. मैं अपने माता-पिता का भी तहेदिल से धन्यवाद करता हूँ, जिन्होंने मुझे इस सम्मान का योग्य समझा. संजीव मजूमदार वर्ष 2017 से गुरु गोविंद सिंह पब्लिक स्कूल से जुड़े हैं. उनके मार्गदर्शन में कई विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ-साथ संगीत में भी अपनी पहचान बनाई है. स्कूल के बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर मोहन वीणा सहित अन्य वाद्ययंत्रों पर शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है.

### सर्वाइकल कैंसर जांच के लिए मिला प्रशिक्षण

**बोकारो।** सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद की अध्यक्षता में सर्वाइकल कैंसर जांच हेतु आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण का समापन किया गया. इस अवसर पर डॉ. प्रसाद ने बताया कि जिले के 30 नए सीएचओ, जो अब तक सर्वाइकल कैंसर की जांच में प्रशिक्षित नहीं थे, उन्हें यह प्रशिक्षण दिया गया. प्रशिक्षण डॉ. रश्मि मेघा और डॉ. राजश्री रानी सिंह द्वारा प्रदान किया गया. अपने संबोधन में सिविल सर्जन ने कहा कि कैंसर तेजी से बढ़ रही गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है. इसके खतरों को देखते हुए लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि एनसीडी कोषांग के माध्यम से सभी स्वास्थ्य संस्थानों में मुख कैंसर, स्तन कैंसर एवं सर्वाइकल कैंसर की जांच की जाती है.

# उपायुक्त की पहल पर बैंक ने ग्राहक को लौटाई गाड़ी

शुभम संदेश। बोकारो



समाहरणालय स्थित सभागार में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त अजय नाथ झा ने आम जनता से जुड़ी समस्याओं की क्रमवार सुनवाई की. इसी क्रम में चास निवासी मोनिका विश्वकर्मा ने अपने सास–ससुर के साथ उपस्थित होकर अपनी समस्या रखी. उन्होंने बताया कि आर्थिक कठिनाइयों के कारण वाहन की किस्तें समय पर जमा नहीं हो पाई थीं, जिसके चलते बैंक ने वाहन जब्त कर लिया. इस मामले को उपायुक्त अजय नाथ झा ने गंभीरता से लिया और मौके पर ही जन शिकायत कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी एवं एलडीएम आबिद हुसैन को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. तत्पश्चात पदाधिकारियों ने इंडसइंड बैंक के प्रतिनिधियों से वार्ता की. कुछ ही घंटों में मानवीय आधार पर बैंक ने वाहन (जेएच 09 बीसी 7736) की चाबी मोनिका विश्वकर्मा को लौटाने का निर्णय लिया. इसके बाद समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की उपस्थिति में बैंक प्रतिनिधि पवन श्रीवास्तव ने वाहन की चाबी पप्पु विश्वकर्मा के परिजनों को सौंप दी. वाहन मिलने पर मोनिका और उनके परिजन भावुक हो उठे और उपायुक्त के प्रति आभार व्यक्त किया. इस अवसर पर मोनिका ने भरोसा दिलाया कि आगे से सभी किस्तें समय पर जमा की जाएंगी. उपायुक्त की तत्परता, संवेदनशील पहल और बैंक के सहयोग से एक परिवार को बड़ी राहत मिली. जनता दरबार में कुल 63 मामलों की सुनवाई हुई. उपायुक्त ने प्रत्येक मामले को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए. कई मामलों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया. जनता दरबार में जमीन-जायदाद, जबरन कब्जा, सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, शिक्षा, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग, राजस्व, अंचल चंदनकियारी आदि से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए. भूमि संबंधी कई आवेदनों पर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता को विशेष दाखिल-खारिज शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो सके. मौके पर डीपीएलआर मेनका, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, प्रभारी पदाधिकारी जन शिकायत कोषांग पियुष, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे.

# पिकअप वैन की चपेट में आने से पिता-पुत्र की मौत

## घटना के बाद सात घंटे तक सड़क जाम, वार्ता के बाद हटा





खास बात

◆ जरीडीह थाना क्षेत्र के कल्याणपुर एनएच पर हादसा

शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)

बोकारो-रामगढ़ एनएच पर जरीडीह थाना क्षेत्र के कल्याणपुर के समीप मंगलवार की सुबह हुए सड़क हादसे में कसमार थाना क्षेत्र के कमलापुर निवासी 35 वर्षीय चंदन तुरी और उनके 15 वर्षीय पुत्र देवेंद्र तुरी उर्फ प्रेम तुरी की मौके पर ही मौत हो गई. जबकि मृतक की पत्नी 31 वर्षीय बबीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं. प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, गोला से बोकारो की ओर तेज गति से जा रही एक सब्जी लदी पिकअप वैन ने मृतक की बाइक को अपनी चपेट में ले लिया. हादसे में महिला सड़क किनारे जा गिरी, जबकि पिता और पुत्र वैन की चपेट में आकर कुचल गए. पिकअप वैन चालक मौके से फरार हो गया. घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने एनएच सड़क को जाम कर मृतक के आश्रितों को मुआवजा देने और फरार वाहन की पहचान की मांग करते हुए सात घंटे तक प्रदर्शन किया.

### बड़े बेटे को जिऊतिया का प्रसाद पहुंचाने गए थे पति-पत्नी

परिजनों ने बताया कि मृतक चंदन तुरी का पुत्र देवेंद्र तुरी अपने ननिहाल गुंजरडीह में था. सोमवार को जिऊतिया व्रत का पारण होने के बाद दोनों पति–पत्नी मायके गए थे. मां ने अपने पुत्र की दीर्घायु की कामना करते हुए उसे प्रसाद और जिऊतिया का धागा बांधा था. मंगलवार सुबह चंदन तुरी अपनी पत्नी बबीता देवी और पुत्र देवेंद्र तुरी को बाइक (संख्या जेएच09के–3379) से घर लौट रहे थे. कल्याणपुर बड़कावन के समीप सुबह लगभग आठ बजे अज्ञात पिकअप वैन ने उनकी बाइक को कुचल दिया. हादसे में पिता–पुत्र की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गईं. उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से उपेल अस्पताल, जैनामोड़ में भर्ती कराया गया.

### घटना की सूचना पाकर पहुंचे अधिकारी, तत्काल दिया 10,000

सड़क दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने एनएच जाम कर दिया. मुआवजा और वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर जाम सात घंटे तक जारी रहा. सूचना पाकर बेरमो एसडीओ मुकेश मछुआ, जरीडीह अंचलाधिकारी प्रणव रितुराज, कसमार थाना प्रभारी भजनलाल महतो, पेटरवार थाना प्रभारी राजू मुंडा और जरीडीह थाना प्रभारी विपिन महतो मौके पर पहुंचे. आश्रितों को तत्काल दाह संस्कार के लिए दस हजार रुपये की सहायता दी गई. साथ ही आपदा प्रबंधन से एक–एक लाख रुपये और परिवहन विभाग से भी मुआवजा दिलवाने का लिखित आश्वासन दिया गया. इसके बाद जाम समाप्त हुआ और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया. मौके पर जेएलकेएम जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार महतो, पोंडा मुखिया हारु रजवार, बारु मुखिया अवध रजवार समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे.

### वन विभाग ने किए तीन अवैध आरा मिल ध्वस्त कीमती लकड़ी बरामद

**गांडेय (शुभम संदेश)।** गिरिडीह डीएफओ मनीष तिवारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर वन विभाग की टीम ने गांडेय अंचल के ताराटांड़ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अवैध रूप से संचालित तीन आरा मिलों पर छापेमारी की. छापेमारी के दौरान विभागीय टीम ने मिलों में लगी मशीनों को जेसीबी की मदद से उखाड़ कर जब्त कर लिया. साथ ही, तीनों आरा मिलों से लगभग एक लाख रुपये मूल्य की लकड़ी भी बरामद की गई. सूत्रों के अनुसार, गिरिडीह डीएफओ को तीन दिन पूर्व ही सूचना मिली थी कि ताराटांड़ थाना क्षेत्र के बरमसिया-2 पंचायत के कुछ गांवों में अवैध आरा मिल संचालित हो रहे हैं. इसके बाद मंगलवार को डीएफओ मौके पर पहुंचे और स्थानीय वनरक्षियों को निर्देश देते हुए छापेमारी अभियान शुरू किया गया. जिन आरा मिलों पर कार्रवाई की गई, उनमें दो बरमसिया-2 पंचायत के चौरा गांव में वासुदेव वर्मा और हीरामन शर्मा द्वारा, जबकि तीसरा तीनपतली गांव में बाबूराम मुर्मू द्वारा संचालित किया जा रहा था. डीएफओ मनीष तिवारी ने बताया कि तीनों आरा मिल संचालकों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है. इस कार्रवाई में बेगाबाद खुरचुट्टा वन प्रक्षेत्र के रेंजर सुरेश रजक, वनरक्षी विष्णु किस्कू, रामदेव मरांडी, बमशंकर वर्मा, रंजन शर्मा, पप्पू शर्मा सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे.

# अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन, कई सामग्री बरामद

## ताराटांड़ थाना क्षेत्र के पलकिया गांव में संचालित थी फैक्ट्री



शुभम संदेश। गिरिडीह

जिले के ताराटांड थाना क्षेत्र स्थित पलकिया गांव में उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध विदेशी शराब फैक्ट्री का उद्भेदन किया. बताया जाता है कि मकान मालिक और अन्य शराब कारोबारी मौके से फरार हो गए. सभी छह आरोपियों विजय मंडल, मनोज रजक, दीपक सोरेन, सुभाष मंडल, मुचु हांसदा और मुरु टुडू के खिलाफ फरार अभियोग दर्ज किया गया है. छापेमारी के दौरान अवैध शराब फैक्ट्री से 27 बोतल शराब, 1280 लीटर स्प्रिट, 5 लीटर कैरामेल, 2000 पीस स्टिकर, 20,000 ढक्कन और 15 लीटर तैयार अवैध शराब बरामद की गई. छापेमारी दल में गिरिडीह के अवर निरीक्षक रवि रंजन, धनबाद के अमित गुप्ता, जॉय हेम्ब्रम और कुलदीप कुमार, बोकारो के सन्नी विवेक तिर्की सहित ताराटांड थाना पुलिस शामिल थी.

# जीरो एक्सीडेंट के लिए कार्य योजना तैयार करें : उपायुक्त

शुभम संदेश। दुमका



उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय कक्ष में रोड टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई. बैठक में उपायुक्त ने पिछली बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा की और अधिकारियों को कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि दुमका–देवघर सहित जिले के सभी मुख्य मार्गों पर पॉटहोल्स की जांच कर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की संभावना को समाप्त किया जा सके. सभी थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र के मुख्य मार्गों का निरीक्षण कर ब्लैक स्पॉट एवं ब्लाइंड टर्न की पहचान करें. हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने थाना प्रभारियों को शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि थाना, एमवीआई एवं डीटीओ स्तर से वाहनों की नियमित जांच हो, ड्रिंक एंड ड्राइव करने वालों को चिन्हित कर सख्त कार्रवाई की जाए. साथ ही स्कूल बसों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए. सभी बसों में जीपीएस लगाया जाए और उसका लोकेशन संबंधित थाना को उपलब्ध कराया जाए. उपायुक्त ने कहा कि जिले के सभी ब्लैक स्पॉट एवं दुर्घटना संभावित स्थलों पर कन्वैक्स मिरर लगाए जाएंगे. उन्होंने बताया कि पूरे जिले में लगभग 100 कन्वैक्स मिरर लगाए जाने की योजना है. साथ ही जीरो एक्सीडेंट लक्ष्य को लेकर एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया गया. बैठक में सिविल सोसाइटी के प्रतिनिधियों ने विभिन्न स्थानों पर प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने का सुझाव दिया, जिस पर उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया. इस अवसर पर नेक नागरिक के रूप में योगदान देने वाले प्रसनजीत महतो, विशाल महतो एवं सिदो कान्हू विद्यालय के सचिव प्रदीप्तो मुखर्जी को उपायुक्त ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया.

# भाकपा माले का दो दिवसीय सम्मेलन संपन्न

♦ जिला मुख्यालय पर 23 सितंबर को होगा प्रदर्शन

शुभम संदेश। कसमार (बोकारो)




भाकपा माले बोकारो जिला का दो दिवसीय सम्मेलन मंगलवार को कसमार के मेजर नागेंद्र प्रसाद सभागार में संपन्न हुआ. सम्मेलन के प्रतिनिधि सत्र को संबोधित करते हुए पार्टी पोलित ब्यूरो सदस्य हलधर महतो ने कहा कि पूंजीवाद देश और समाज में असमानता और भ्रष्टाचार की जननी है. आने वाले दिनों में भाकपा माले को बोकारो में मजबूत जनाधार वाला संगठन बनाना है. राज्य कमिटी सदस्य दिलीप तिवारी ने कहा कि भारत की स्थिति नेपाल से भी अधिक भयावह है. केंद्र सरकार अडाणी-अंबानी के पक्ष में तानाशाही छोड़कर किसान, मजदूरों और छात्र-युवाओं के हितों की चिंता करे, अन्यथा जनविक्षोभ केंद्र सरकार को मटियामेट कर देगा. सम्मेलन में राज्य स्थायी कमिटी सदस्य भुवनेश्वर केवट ने कहा कि बोकारो जिला प्राकृतिक संसाधनों, कारखानों और खनिजों से समृद्ध है. इसके बावजूद हर प्रखंड और पंचायतों से लोग पलायन को मजबूर हैं. चतरोचट्टी में हर सप्ताह प्रवासी मजदूरों का शव लौटना गांवों की दुर्दशा का सबूत है. जनमुद्दों पर जुझारू जनआंदोलनों से ही जिले के हालात बदले जा सकते हैं. सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि 23 सितंबर को जिला मुख्यालय पर जन सवालों को लेकर प्रदर्शन किया जाएगा. इस दौरान प्रतिनिधि सत्र में 36 प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए. जिला सचिव देवद्वीप सिंह दिवाकर ने प्रस्तुत दस्तावेज को पारित कराया. उन्होंने कहा कि जमीन, रोजगार, विस्थापन और अन्य जनमुद्दों को जोड़ते हुए बोकारो लाल झंडे के मजबूत आंदोलन का केंद्र बनेगा. सम्मेलन के मुख्य पर्यवेक्षक राज्य कमिटी सदस्य कार्तिक हाड़ी की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई. इसमें 31 सदस्यीय जिला कमिटी का गठन किया गया, जिसमें देवद्वीप सिंह दिवाकर सर्वसम्मति से जिला सचिव निर्वाचित हुए. राज केवट, राजेश किस्कू और उमाशंकर सिंह तीन युवा चेहरे के रूप में जिला कमिटी में शामिल किए गए. कमिटी में शकूर अंसारी, गंगाधर महतो, शोभा देवी, दिलीप ओझा, पंचानन मंडल, मोईन अंसारी, दुलाल प्रामाणिक, भीम रजक, बालेश्वर यादव, अजय रविदास, लाल मोहन रजवार, जे.एन. सिंह, सुरेंद्र यादव, लोकनाथ सिंह, बसंत केवट, दुर्गा सिंह, अभिलाष भगत, राजू महतो सहित अन्य सदस्य शामिल हैं. मौके पर सुरेश महतो, राजेश दत्ता, सुधामय शेखर, सुधीर बाउरी व अन्य लोग उपस्थित थे.

### कसमार चौक की विवादित सड़क की हुई मरम्मत

**कसमार (शुभम संदेश)।** पिछले सात साल से विवादित कसमार मुख्य चौक की सड़क का निर्माण कार्य मंगलवार को पूरा हुआ. इससे ग्रामीणों में खुशी की लहर है. उक्त सड़क का निर्माण कार्य विवादों के कारण सात वर्षों से अधर में लटका था. सड़क पर बने गड्ढों के कारण अब तक दर्जनों लोग गिरकर घायल हो चुके थे. इस समस्या के समाधान के लिए सामाजिक कार्यकर्ता सूरज जायसवाल ने पहल की. उन्होंने रैयत शैलेंद्र कुमार मिश्रा व अन्य रैयतों से बातचीत कर सहमति प्राप्त की. इसके बाद रैयतों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति दी. ग्रामीणों और रैयतों की उपस्थिति में जैनामोड़ के संवेदक अजय सिंह ने कसमार स्कूल चौक स्थित अधूरे सड़क निर्माण कार्य को पूरा कर कालीकरण किया. सड़क निर्माण पूरा होने पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया.

न्यूज अपडेट

### नाबालिग का यौन शोषण, आरोपी गया जेल

**तिसरी (शुभम संदेश)।** तिसरी थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग को बहला-फुसला कर और शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का मामला सामने आया है. मामले की गंभीरता को देखते हुए तिसरी पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया. सोमवार को एसोसिएशन फॉर वालंटियर एक्शन के अजय पाठक और राजेश सिंह के साथ पीड़िता की मां तिसरी थाना पहुंचीं. उन्होंने आवेदन में बताया कि मनोज कुमार साव नामक युवक ने उनकी 16 वर्षीय पुत्री को बहला-फुसला कर और शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया. आवेदन में पीड़िता की मां ने लिखा कि आरोपी ने उनकी पुत्री के साथ कई बार यौन शोषण किया है. हाल के दिनों में उनकी पुत्री और आरोपी के बीच बातचीत बंद हो गई है, लेकिन आरोपी द्वारा उनकी पुत्री को लगातार धमकियां दी जा रही है, जिससे वह मानसिक तनाव में है. इस मामले में तिसरी पुलिस ने कांड संख्या 83/25 के तहत पोक्सो अधिनियम और अन्य संबंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया है.

### विद्यालय की जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग

**गांडेय (शुभम संदेश)।** गांडेय प्रखंड के रसनजोरी पंचायत के चिकसोरिया गांव स्थित उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय की जमीन पर गांव के ही ठाकुर मंडल उर्फ शुकदेव मंडल द्वारा कब्जा करने का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है. गांव के ग्रामीणों ने मंगलवार को गांडेय अंचलाधिकारी मो. हुसैन को लिखित आवेदन देकर जांच कर कब्जा की गई विद्यालय की जमीन को मुक्त कराने की मांग की. बता दें कि गांडेय अंचल के चिकसोरिया मौजा के खाता नंबर 5, प्लॉट नंबर 207 गैरमजरुआ खास किस्म की जमीन पर उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बना हुआ है. ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय की जमीन पर कब्जा होने से बच्चों को पठन-पाठन के साथ-साथ खेलकूद की गतिविधियों में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है. इस संबंध में सीओ मो. हुसैन ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है, जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी. आवेदन में लोकनाथ मंडल, रामवृक्ष मंडल, राजू कुमार मंडल, जीतन मंडल, परमेश्वर मंडल, राम प्रसाद मंडल सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर किए गए हैं.

### गांव में कीटनाशी छिड़काव अभियान शुरू

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बाँझी के अंतर्गत कालाजार प्रभावित गाँव बाँझी संथाली में आईआरएस, द्वितीय चक्र कीटनाशी छिड़काव की मंगलवार सुबह 9 बजे शुरुआत की गई. कार्यक्रम का शुभारंभ सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला कार्यकारिणी समिति सदस्य स्टिफन मुर्मू एवं बाँझी पंचायत मुखिया ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली निकालते हुए किया. इस दौरान सभी ने ढोल बजाकर पूरे गांव में भ्रमण करते हुए ग्रामीणों को छिड़काव से संबंधित जागरूक किया और संदेश दिया कि लोग अपने घरों के सभी कमरों, गोशाला, बरामदे आदि में छिड़काव अवश्य करवाएँ. साथ ही ग्रामीणों को अपने घर के आसपास साफ-सफाई रखने, रोज मच्छरदानी लगाकर सोने, ताजा और गर्म खाना खाने, पानी को उबालकर पीने की सलाह दी गई. किसी को भी बुखार होने पर तुरंत सहिया दीदी या एमपीडब्ल्यू से संपर्क कर खून की जांच करवाने को कहा गया. लोगों को झोलाछाप डॉक्टर, झाड़-फूँक, ओझा-गुनी या जड़ी-बूटी के चक्कर में न पड़ने की भी हिदायत दी गई. इस दौरान छिड़काव कार्य का निरीक्षण भी किया गया और सभी एमपीडब्ल्यू एवं छिड़काव कर्मियों को गुणवत्तापूर्ण छिड़काव सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए. मौके पर डॉ. सत्ती बाबू डबड़ा (जिला सलाहकार), विष्णु कुमार भगत (बीपीएम), मनोहर पंडित, सभी सहिया साथी एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे.

### झारखंड विद्युत आपूर्ति प्रमंडल ने की बैठक

**साहिबगंज (शुभम संदेश)।** उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय के कार्यालय प्रकोष्ठ में झारखंड विद्युत आपूर्ति प्रमंडल के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में मुख्य रूप से मुख्यमंत्री उज्ज्वल योजना एवं रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम की प्रगति पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई. उपायुक्त ने मुख्यमंत्री उज्ज्वल योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया. उन्होंने संबंधित संवेदक से जानकारी ली, जिसमें बताया गया कि बरसात के कारण गांवों में पोल खड़ा करना संभव नहीं था. अब बरसात समाप्त होने के बाद कार्य को गति दी जा रही है. उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी को निर्देशित किया कि कार्य की अद्यतन प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से विभाग को प्रेषित करें. इसी प्रकार रिवैम्प्ड डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम की समीक्षा के दौरान पाया गया कि मानव संसाधन की कमी के कारण कार्यों की गति प्रभावित हो रही है. इस पर उपायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिया कि संबंधित विभाग योजना की प्रगति हेतु आवश्यक रिपोर्ट तैयार कर अविलंब पत्राचार सुनिश्चित करें, ताकि कार्य समयबद्ध रूप से पूरे किए जा सकें. बैठक में जिला विद्युत आपूर्ति कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी, सहायक अभियंता ज्ञानचंद्र, शिवम पांडे सहित विद्युत विभाग के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे.

### पारसनाथ महाविद्यालय ने मनाया 41वां स्थापना दिवस

**डुमरी (शुभम संदेश)।** पारसनाथ इंटर महाविद्यालय, इसरी बाजार ने मंगलवार को अपना 41वां स्थापना दिवस मनाया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जयराम कुमार महतो और विशिष्ट अतिथि के रूप में संस्थापक सचिव शंकर प्रसाद सिंह, मृगेंद्र नारायण सिंह (सचिव पारसनाथ महाविद्यालय) तथा यशोदा देवी (पूर्व प्रमुख) उपस्थित थे. प्राचार्य सुनील कुमार सिंह और प्रभारी प्राचार्य यशवंत सिन्हा (पीएन कॉलेज) भी कार्यक्रम में शामिल हुए. विधायक ने कहा कि महाविद्यालय का इतिहास गौरवपूर्ण रहा है और इसे हमेशा कायम रखना चाहिए. उन्होंने कॉलेज के विकास एवं छात्र-छात्राओं की समस्याओं के समाधान के लिए हमेशा तत्पर रहने का आश्वासन दिया. इस दौरान विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में शिक्षक प्रतिनिधि फारुक रजा, शशि भूषण यादव, कुबेर प्रसाद, योगेश महतो, रीता सिन्हा, आशा कुमारी, मनोहर महतो, संजय कुमार, हीरामणि शर्मा, विपिन कुमार, शमीम अंसारी, ब्रजेंद्र कुमार, सत्येंद्र कुमार, वसीम अंसारी, टेकनारायण महतो, विकास कुमार लोहानी, नीलकंठ साव, विक्रांत यादव, बासुदेव, शांति, बालेश्वर सहित अन्य शिक्षकगण एवं सभी कर्मचारी उपस्थित थे.

### गंगवार पुनः बने सीबीएसई के सिटी कोऑर्डिनेटर

**बोकारो (शुभम संदेश)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के प्राचार्य एवं डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष डॉ. अवनीन्द्र सिंह गंगवार को एक बार फिर बोकारो का सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया है. उनकी यह नियुक्ति 15 सितंबर 2025 से आगामी तीन वर्षों के लिए की गई है. यह दायित्व वह तीन वर्ष पूर्व भी निभा चुके हैं. उनकी जिम्मेदारियों में शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु बोर्ड की रणनीतिक पहलों को लागू करना, परीक्षाओं एवं मूल्यांकन प्रक्रियाओं में सहयोग, विभिन्न शैक्षणिक कार्यशालाओं व खेल कार्यक्रमों का आयोजन तथा स्कूलों, शिक्षकों, अभिभावकों और अन्य सामुदायिक हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करना शामिल होगा. सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किए जाने के बाद डॉ. गंगवार ने सीबीएसई के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा बोर्ड की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे.

### स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ आज

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू बुधवार को स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ करेंगे. इसे लेकर चैताडीह स्थित मातृ स्वास्थ्य केंद्र परिसर में व्यापक तैयारी की गई है.


पूर्व रेलवे

**ई–निविदा सूचना सं.: ओ/एसी/टी/95–96/25–26 (खुली), दिनांक 13.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन–713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई–निविदाएँ (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.:1, केस सं.** : ओ–एसी–टी–95–25–26, **कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के तहत (i) मोहनपुर–हंसडीहा शाखा के बीच सर्वधाम, (ii) देवघर–मोहनपुर–हंसडीहा शाखा के बीच त्रिकुट पर्वत और (iii) देवघर–मोहनपुर शाखा के बीच महेशमारा पर नए हॉल्ट स्टेशन के निर्माण के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 6,76,51,688.66, **बयाना राशि :** रु. 4,88,300/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **क्रम सं.:2, केस सं.** : ओ–एसी–टी–96–25–26, **कार्य का नाम:** वरिष्ठ डीईएन/1/आसनसोल के अधीन एईएन/मुख्यालय/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में डीआरएम कार्यालय, विवेकानंद पार्क, डीएमओ अस्पताल आदि जैसे विभिन्न स्थानों पर 12 महीने की अवधि के लिए बागवानी परिसंपत्तियों की मरम्मत और रखरखाव के लिए खुली निविदा। **निविदा मूल्य :** रु. 50,53,762.25, **बयाना राशि :** रु. 1,01,100/–, **कार्य की समापन अवधि:** 12 माह। **बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 09.10.2025 को 12.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-185/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway

@easternrailwayheadquarter

## ब्रीफ खबरें

### प्रमोद हत्याकांड में चंद्रमणि दोषी करार, सजा 23 को

**धनबाद।** जमीन विवाद को लेकर टुंडी निवासी प्रमोद ठाकुर की हत्या कर देने के मामले में अदालत ने अपना फैसला सुनाया. धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने मामले के नामजद आरोपी टुंडी निवासी चंद्रमणि ठाकुर को दोषी करार दिया है. अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 23 सितंबर की तारीख निर्धारित की है. प्राथमिकी प्रमोद के पिता उमेश ठाकुर की शिकायत पर टुंडी थाने में दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक 11 अप्रैल 2021 की शाम सात बजे जब उमेश को सूचना मिली कि उसके पुत्र प्रमोद ठाकुर को किसी ने चाकू से मारकर घायल कर दिया है. वह खून से लथपथ है. उस पर बीस-पच्चीस वार किया गया था..घायल अवस्था में वह अपने पुत्र को अस्पताल ले गया, रास्ते में उसके बेटा ने बताया कि चंद्रमणि ठाकुर, जीवन ठाकुर, मुण्डो देवी, सूरज पाण्डेय, गुड्डू ठाकुर एवं श्रीलाल ने जमीन विवाद को लेकर उसके ऊपर हमला किया. इलाज के दौरान प्रमोद की अस्पताल में मौत हो गई.

### विक्की हत्याकांड में उम्रकैद की सजा काट रहे अमन को जमानत

**धनबाद।** अरबाज उर्फ विक्की की गोली मारकर हत्या करने के मामले में उम्र कैद की सजा काट रहे जेल में बंद फहीम खान का साला टुन्ना खान का पुत्र अमन खान को झारखंड उच्च न्यायालय ने 8 वर्षों बाद अपील जमानत पर मुक्त करने का निर्देश दिया है. अभियुक्त फिलहाल जमशेदपुर जेल में बंद है.बचाव पक्ष के अधिवक्ता शाहबाज सलाम के अनुसार 4 सितंबर 2017 को अमन खान, जीशान और अल्ताफ मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी की अदालत में आत्म समर्पण किया था. 10 अक्टूबर 2018 को जिला एवं सत्र न्यायाधीश12 की अदालत द्वारा तीनों को ट्रायल के बाद दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई थी. अल्ताफ एवं जीशान को दोषी पाए जाने के कुछ दिनों के बाद ही जमानत उच्च न्यायालय से मिल गई थी. 8 वर्षों के बाद झारखंड उच्च न्यायालय के डबल बेंच ने अमन खान को जमानत पर मुक्त करने का निर्देश दिया है.

# दवा का सेवन कर डीसी ने शुरू किया कृमि मुक्ति दिवस अभियान

## 1-19 वर्ष के बच्चों को कृमि मुक्त कर स्वस्थ समाज का निर्माण करना है लक्ष्य : उपायुक्त

- जिले में कुल 3,86,159 बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली है खिलाना

**शुभम संदेश। धनबाद**




उपायुक्त आदित्य रंजन ने मंगलवार को बरमसिया स्थित मिडिल स्कूल में एल्बेंडाजोल गोली का सेवन कर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान का शुभारंभ किया.इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कृमि मुक्त समाज का निर्माण करना केंद्र एवं राज्य सरकार का उद्देश्य है. इस दवा का सेवन नहीं करने से सरकार का पोषण कार्यक्रम व्यर्थ हो जाएगा क्योंकि शरीर में जाने के बजाय सारा पोषण कृमि को मिलेगा. कहा कि अभियान के दौरान एक भी बच्चा छूट नहीं इसके लिए शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है. दवा के सेवन से बच्चे कृमि मुक्ति होंगे और स्वस्थ समाज का निर्माण होगा. उपायुक्त ने कहा कि अभियान के दौरान जिले में एक से 19 वर्ष के 3 लाख 86 हजार 159 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है. आज बलियापुर में 23517, गोविंदपुर में 48572, टुंडी में 26853 व पूर्वी टुंडी में 9966 बच्चों को गोली का सेवन कराया जाएगा. जबकि 18 सितंबर को बाघमारा में 61170, धनबाद सदर में 80638, झरिया में 41881, निरसा में 66573, एवं तोपचांची में 26989 बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य निर्धारित है. वहीं 19 सितंबर को मॉप-अप डे के दौरान बलियापुर, गोविंदपुर, टुंडी व पूर्वी टुंडी में छुटे हुए बच्चों को कृमि नाशक एल्बेंडाजोल की गोली का सेवन कराया जाएगा. वहीं 19 एवं 20 सितंबर को बाघमारा, निरसा, झरिया, तोपचांची एवं धनबाद सदर में मॉप-अप डे के दौरान छुटे हुए बच्चों को गोली का सेवन कराया जाएगा. इससे पहले विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के छात्राओं ने पारंपरिक तरीके से उपायुक्त का स्वागत किया. छात्राओं ने मनमोहक नृत्य भी प्रस्तुत किया.अभियान के शुभारंभ के दौरान उपायुक्त आदित्य रंजन, सिविल सर्जन डॉ आलोक विश्वकर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा, डीपीएम प्रतिमा कुमारी के अलावा विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र मौजूद थे.

# धनबाद नियोजनालय परिसर में रोजगार मेला शुक्रवार को

## दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला – 2025 में स्थानीय स्तर पर रोजगार पाने का अवसर

**शुभम संदेश। धनबाद**




श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखंड सरकार के अंतर्गत राज्य के बेरोजगार युवक / युवतियों के लिए रोजगार का एक नया अवसर प्रदान करने के उदेश्य से धनबाद जिला में दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 का आयोजन 2008 पदों के लिए किया जा रहा है. वैसे इच्छुक सभी अभियार्थी जो इस मेला में शामिल होना चाहते हैं, वे इस रोजगार मेला में महत्वपूर्ण दस्तावेज़ों के साथ शामिल हो सकते हैं. दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला-2025 शुक्रवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय परिसर बरटांड़ धनबाद में पूर्वाह्न 10:00 से अपराह्न 04:00 तक रहेगा. अभ्यर्थियों को बायोडाटा की दो प्रति में लेकर आनी है. रोजगार मेला में 09 हजार महीना से लेकर 40 हजार तक की नौकरी मिलेगी. जिला नियोजन पदाधिकारी पदमा कुमारी ने बताया कि रोजगार मेला में भाग लेने के लिए इच्छुक आवेदक का झारखंड के किसी भी नियोजनालय में निबंधन होना आवश्यक है. इस रोजगार मेला में आवेदक स्थानीय रोजगार से लेकर दुबई, यूएई में नौकरी पाने का भी सुनहरा अवसर का लाभ उठा सकेंगे. इस रोजगार मेले नॉन मैट्रिक, मैट्रिक, इंटर, ग्रेजुएट, आईटीआई, डिप्लोमा, बीएससी नर्स, बीईख् बी टेक, बीएचएम एवं अन्य योग्यताधारी शिक्षित बेरोजगारों के लिए रोजगार प्राप्त करने का सुनहरा अवसर है. मेले में रिटेल सेक्टर, टेली कॉलर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, इंजीनियरिंग, टेकनीशियन, इलेक्ट्रिशियन, सुपरवाइज़र, मेनेजर, सेफ़्टी ऑफिसर, हेल्पर आदि विभिन्न पदो के लिए भी रिक्तियाँ उपलब्ध हैं. आवेदक अपने सभी शैक्षणिक, प्रशैक्षणिक, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज का फोटो, नियोजनालय का निबंधन कार्ड, अपना बायोडाटा एवं स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र (न्यूनतम अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत) के साथ रोजगार मेला में भाग ले सकते है. इस रिक्तियों के विरुद्ध भर्ती के लिए सीधे नियोजक उत्तरदायी हैं. नियोजनालय एवं विभाग मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य करती है. रोजगार मेला में भाग लेने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं है. अधिक जानकारी के लिए नियोजनालय से संपर्क कर सकते हैं.

# आज से दो अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान

- नगर स्तरीय अंतर्विभागीय अभिसरण समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**शुभम संदेश। धनबाद**

नगर आयुक्त रवि राज शर्मा की अध्यक्षता में आज नगर स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई. नगर आयुक्त ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तैयारियों की समीक्षा थी. बताया कि यह अभियान 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा. इसका लक्ष्य महिलाओं, किशोरियों और बच्चों को बेहतर स्वास्थ्य और पोषण सेवाएँ उपलब्ध कराना है. अभियान के दौरान ब्लड प्रेशर, शुगर, बीएमआई, कैंसर और टीबी की स्क्रीनिंग, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएँ, टीकाकरण, पोषण परामर्श, योग एवं प्रकृति परीक्षण जैसी सेवाएँ प्रदान की जाएंगी. साथ ही आभा आईडी और पीएम-जय नामांकन जैसी डिजिटल सेवाएँ भी उपलब्ध कराई जाएंगी. इस राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत पूरे देश में एक लाख से अधिक शिविर लगाए जाने की योजना है. बैठक में पिछले तीन महीनों की ओपीडी सेवाओं की समीक्षा की गई और सेवा गुणवत्ता सुधार पर जोर दिया गया. एनसीडी पोर्टल की प्रगति पर भी चर्चा हुई और समय पर डेटा अपडेट सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. यह भी निर्णय लिया गया कि सभी अर्बन आयुष्मान आरोग्य मंदिर और मदर टेरेसा एडवांस्ड हेल्थ क्लिनिक में परिवार नियोजन सेवाएँ शीघ्र ही प्रारंभ की जाएंगी. बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, सनी कुमार, डॉ. रेखा कुमारी, डॉ. गायत्री, बाघमारा, झरिया और धनबाद के सीडीपीओ, धनबाद, झरिया एवं बाघमारा के एमओआईसी, सभी अर्बन पीएचसी के मेडिकल ऑफिसर्स, बिनय कुमार यादव, गौतम कुमार, रमेश कुमार, पीएसआई इंडिया के प्रेम कुमार, रुपेश कुमार, लालदेव, सिटी मैनेजर सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# आईसीएआई ने की करियर काउंसलिंग

- सीए बनने के लिए बहुत तेज होना जरूरी नहीं
- लगन और मेहनत ही सफलता की कुंजी है

**शुभम संदेश। धनबाद**



कार्मेल स्कूल, धनबाद में करियर काउंसलिंग सत्र का सफल आयोजन किया गया. इस अवसर पर विशेष अतिथि और मार्गदर्शक के रूप में सीए राहुल सुरेका (पूर्व चेयरमैन, आईसीएआई धनबाद शाखा) ने कक्षा 9, 10, 11 और 12 के छात्रों को संबोधित किया. छात्रों में इस सत्र के प्रति गहरी उत्सुकता और उत्साह देखने को मिला. अपने प्रेरक संबोधन में सीए राहुल सुरेका ने बताया कि चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) केवल एक डिग्री नहीं, बल्कि एक ऐसा करियर पथ है जो नौकरी, व्यवसाय या स्वतंत्र प्रैक्टिस जैसे असीमित अवसर प्रदान करता है. उन्होंने आईसीएआई के नए पाठ्यक्रम (न्यू स्कीम आफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग) के बारे में विस्तृत जानकारी दी, जो अब लागू हो चुका है. इस नए पाठ्यक्रम में फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल स्तरों पर हुए बदलावों को विशेष रूप से रेखांकित किया गया.

उन्होंने स्पष्ट किया कि सीए बनने के लिए असाधारण बुद्धिमत्ता की आवश्यकता नहीं है, बल्कि लगन और मेहनत सबसे महत्वपूर्ण हैं. मध्यम वर्गीय परिवारों के छात्र भी इस क्षेत्र में आसानी से प्रवेश कर सकते हैं, क्योंकि पूरे कोर्स की लागत लगभग 77,000 है, जिसे आर्टिकलशिप-इंटर्नशिप के दौरान आसानी से वसूल किया जा सकता है. इसके अलावा, इस परीक्षा में किसी प्रकार का कोटा सिस्टम नहीं है, जिससे सभी छात्रों को समान अवसर प्राप्त होते हैं. छात्रों को प्रेरित करते हुए सीए सुरेका ने कहा कि एक चार्टर्ड अकाउंटेंट सीएफओ (मुख्य वित्तीय अधिकारी) और सीईओ (मुख्य कार्यकारी अधिकारी) जैसे उच्च पदों तक पहुँच सकता है. उन्होंने जोर देकर कहा कि सीए बनकर न केवल व्यक्ति स्वयं का, बल्कि पूरे परिवार का जीवन स्तर ऊँचा उठा सकता है. विभिन्न प्रेरक उदाहरणों के माध्यम से उन्होंने छात्रों को अपने लक्ष्यों के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया. इस करियर काउंसलिंग सत्र को सफल बनाने में सीआईसीएएसए के चेयरमैन सीए निखिल अग्रवाल का विशेष योगदान रहा. साथ ही, आईसीएआई धनबाद शाखा के चेयरमैन सीए शशांक शेखर जायसवाल, वाइस चेयरमैन सीए पंकज कुमार सिंह, सचिव सीए मुकेश कुमार अग्रवाल और कोषाध्यक्ष सीए पंकज खरकिया ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाएँ निभाईं.

# जाहिदा को मिसेज इंडिया एशिया ईस्ट जोन का खिताब



**शुभम संदेश। धनबाद**

छोटे से शहर से निकल कर धनबाद की बेटी जाहिदा परवीन ने मिसेज इंडिया एशिया ईस्ट जोन का खिताब अपने नाम कर पूरे धनबाद का नाम रोशन किया है.

वो फैशन मेराकी द्वारा आयोजित मिसेज इंडिया एशिया प्रतियोगिता का हिस्सा बनी थी. इस प्रतियोगिता में जाहिदा को मिसेज फोटोजेनिक का खिताब भी मिला. जाहिदा ने शो के आयोजकों, मिसेज दिव्या जैन और करण, का दिल से शुक्रिया अदा किया. जाहिदा एक सफल व्यवसायी हैं.जाहिदा ने क्षेत्र में बतौर समाजसेवी भी काम करती हैं. जाहिदा परवीन की सफलता धनबाद की अन्य युवतियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हो सकती हैं.

## आसनसोल

# किसान सभा ने किया विरोध प्रदर्शन, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**शुभम संदेश। कुल्टी**



अखिल भारतीय किसान सभा की ओर से मंगलवार को सालानपुर प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया. प्रदर्शनकारियों ने रूपनारायणपुर डाबर मोड़ बस स्टैंड से रैली निकालते हुए प्रखंड बीडीओ कार्यालय का घेराव किया. कार्यालय के सामने एक जनसभा भी आयोजित की गई, जिसमें सभा की अगुवाई कामरेड मीनाक्षी मुखर्जी, प्रखंड किसान सभा अध्यक्ष गणेश पंडित समेत अन्य नेताओं ने की. प्रदर्शनकारियों ने बीडीओ देबांजन विश्वास को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की कि 100 दिन का काम तत्काल शुरू किया जाए, मजदूरों का बकाया वेतन जल्द भुगतान हो, जर्जर सड़कों की मरम्मत कर यातायात व्यवस्था सुधारी जाए. डाबर मोड़ पर ट्रैफिक पोस्ट बनाकर स्थायी ट्रैफिक व्यवस्था स्थापित की जाए और भारी वाहनों को नियंत्रित करने के लिए ठोस उपाय किए जाएं. इसके अलावा, सभी गरीबों को आवास योजना का लाभ देने, बंद हुई पेंशन तत्काल शुरू करने, न्यूनतम 3000 मासिक पेंशन देने, फर्जी जाति प्रमाण पत्रों को रद्द कर सही प्रमाण पत्र जारी करने, घरेलू बिजली मरम्मत समय पर कराने, बीपीएल परिवारों को दोबारा बिजली कनेक्शन देने, भूमिहीनों को पट्टा देने तथा राशन के आटे की गुणवत्ता सुधारने की मांग की गई. सभा को संबोधित करते हुए मीनाक्षी मुखर्जी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि गरीबों की आवाज को दबाया जा रहा है और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद 100 दिन का काम शुरू नहीं किया जा रहा. बीडीओ देबांजन विश्वास ने बताया कि ज्ञापन प्राप्त हुआ है, जिनमें से कई समस्याओं का समाधान हो चुका है और शेष मुद्दों पर कार्रवाई जारी है. उन्होंने भरोसा दिलाया कि जल्द ही बाकी समस्याओं का भी समाधान किया जाएगा.

### टीएमसी ने पंचायत कार्यालय में जड़ा ताला

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** झालदा-1 नंबर प्रखंड की मारू-मशीना पंचायत में मंगलवार को उस समय हंगामा मच गया जब तृणमूल कांग्रेस के निर्वाचित सदस्यों ने पंचायत कार्यालय के गेट पर ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया. तृणमूल नेताओं का आरोप है कि कांग्रेस बहुमत के बल पर कार्य योजनाओं और टेंडर प्रक्रियाओं में एकतरफा निर्णय ले रही है. विरोधस्वरूप तृणमूल नेताओं ने पंचायत कार्यालय के बाहर ताला जड़ दिया, जिससे कार्यालय के भीतर पंचायत प्रधान उर्मिला नायक, कुछ कर्मचारी और आम लोग फँस गए. स्थिति तब सामान्य हुई जब प्रशासनिक अधिकारी और पुलिस मौके पर पहुँचे और हस्तक्षेप किया. करीब दोपहर 3:30 बजे ताला खोला गया और सभी को बाहर निकाला गया. तृणमूल की राधारानी मुखर्जी और गुरुपद महतो ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पुराने कार्यकाल की योजनाओं को दरकिनार कर रही है.

# बर्नपुर एबी टाइप में 3डी थीम वाले पंडाल में बिराजेंगे त्रिदेव

## 5 लाख रुपए के बजट में भव्य पंडाल, आकर्षक प्रतिमा, विद्युत सज्जा होंगे आकर्षण का केंद्र

**शुभम संदेश। बर्नपुर**



दुर्गापूजा में अब कुछ दिन ही शेष रह गए है. पूजा कमेटियां दुर्गा पूजा तैयारियों को लेकर पूरा जोर लगाए हुए है. इस्पात नगरी बर्नपुर में दुर्गापूजा कमेटियों द्वारा एक से बढ़कर एक थीम आधारित पूजा पंडाल का निर्माण किया जा रहा है. एबी टाइप स्थित एबी पूजा कमेटी द्वारा 46वें वर्ष काफी भव्य तरीके से दुर्गापूजा का आयोजन किया जा रहा है. पूरे शिल्पांचल में अपने आकर्षक थीम के लिए प्रसिद्ध एबी टाइप पूजा कमेटी द्वारा इस वर्ष 3डी थीम पर भव्य पूजा पंडाल के साथ मां दुर्गा की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है. पूजा कमेटी के वरिष्ठ सदस्य संजय दास ने बताया कि 46 वें वर्ष आयोजित दुर्गापूजा का थीम त्रि आयामी ब्रह्मा, विष्णु, महेश के एक मंदिर पर आधारित है. पूजा पंडाल में प्रवेश करते हुए दर्शनार्थियों को अलग तरह की अनुभूति होगी. उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को पूजा का उद्घाटन किया जाएगा. साथ ही दुर्गापूजा के दौरान स्थानीय निवासियों को लेकर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्विज एवं मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा. इस वर्ष दुर्गापूजा का बजट 5 लाख रुपए है. पूजा कमेटी के अध्यक्ष निशिकांत सिंह ने सभी को दुर्गापूजा की अग्रिम शुभकामना देते हुए बताया कि हमेशा की तरह एक वर्ष भी एबी टाइप पूजा का पूजा पंडाल एवं प्रतिमा दर्शनार्थियों के बीच आकर्षण का केंद्र रहेगा. मंडप सज्जा मोहिशिला के कौशिक पाल एवं विमल सेन कर रहे है. प्रतिमा का निर्माण पुरुलिया के मूर्तिकार सचिन सूत्रधार तथा विद्युत सज्जा पचगछिया के शांतिमय नायक कर रहे हैं.

# पुलिस की छापेमारी में 413 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ आरोपित गिरफ्तार



**एजेंसी। मालदा**

मालदा जिला पुलिस को नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है. कलियाचक थाने की पुलिस ने मंगलवार को गंगानारायणपुर इलाके में छापेमारी कर मादक पदार्थ तस्करी के मामले को सामने लाया है . इस दौरान पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर इलाके के निवासी मदन मंडल (पिता–निबारण मंडल) को घेराबंदी कर पकड़ लिया है. तलाशी के दौरान उसके पास से 413 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद हुआ, जिसे आरोपित अपने कब्जे में रखे हुए था. अधिकारियों ने बताया कि बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत लगभग चालीस लाख रुपये आंकी गई है. आरोपित को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया और उसके खिलाफ एक विशेष मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है. पुलिस ने उसे अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड की अर्जी दाखिल की है, ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों तक भी पहुंचा जा सके. पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में जिले भर में विशेष अभियान और भी तेज किए जाएंगे ताकि समाज को नशामुक्त बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके.

### रेल रोको आंदोलन को लेकर रेलवे प्रशासन सतर्क

**पुरुलिया (शुभम संदेश)।** देशभर में रेलवे सेवाएँ आम नागरिकों की जीवन रेखा बन चुकी हैं. रोज़ाना लाखों लोग यात्रा और माल ढुलाई के लिए भारतीय रेलवे पर निर्भर रहते हैं. ऐसे में किसी भी तरह की सेवा में बाधा पूरे तंत्र को प्रभावित कर सकती है. इसी को ध्यान में रखते हुए पुरुलिया में रेलवे प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया. दरअसल, आदिवासी कुड़मी समुदाय ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर 20 सितंबर को रेल रोको आंदोलन का आह्वान किया है. इस संभावित आंदोलन को देखते हुए रेलवे पुलिस पहले से ही कड़ी तैयारियों में जुटी है, ताकि रेल सेवाओं में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो. रेलवे पुलिस का कहना है कि आंदोलन को शांतिपूर्ण तरीके से निपटाने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर निगरानी और सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है.

# दुर्गापूजा से पहले नवग्राम में सड़कें बदहाल, लोगों में आक्रोश

**एजेंसी। हुगली**



दुर्गापूजा की आहट के बीच हुगली जिले के कोन्नगर के नवग्राम ग्राम पंचायत इलाके के लोगों की नाराज़गी बढ़ती जा रही है. स्थानीय लोगों का आरोप है कि इलाके की सड़कें और नालियां पूरी तरह जर्जर स्थिति में है. थोड़ी सी बारिश होते ही इलाके में जलजमाव हो जाता है और लोगों को घुटनों तक पानी में चलना पड़ता है. लोगों ने पंचायत प्रधान को कई बार समस्या से अवगत कराया, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला. पंचायत प्रमुख सोमा दास ने साफ़ कहा कि दुर्गापूजा से पहले सड़क का काम पूरा होना संभव नहीं है. इतना ही नहीं, उन्होंने छात्रों को सलाह दी कि वे फिलहाल किसी दूसरी सड़क से घूमकर स्कूल जाएं. उनके इस बयान को लेकर राजनीतिक विवाद तेज़ हो गया है. स्थानीय निवासी अरित्र साहा ने कहा, “सड़कों की हालत बेहद खराब है. जल्द से जल्द इन्हें दुरुस्त किया जाना चाहिए. हर आदमी परेशानी झेल रहा है.” पंचायत प्रधान ने माना कि सड़कों की हालत बेहद ख़राब है और दुर्घटना का डर बना हुआ है. उनका कहना है कि इस साल बारिश बहुत ज़्यादा हुई, इसलिए काम बाधित हुआ है. कोशिश के बावजूद पूजा से पहले काम पूरा हो पाना मुश्किल है. उधर विपक्ष ने पंचायत प्रधान पर ज़िम्मेदारी निभाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया है. भाजपा के श्रीरामपुर सांगठनिक जिला मीडिया प्रभारी जसवंत सिंह ने मंगलवार को 'हिन्दुस्थान समाचार' से कहा, “नवग्राम पंचायत लोगों से टैक्स लेने और वसूली में आगे है, लेकिन जनता को सेवा देने में सबसे पीछे. पहले कभी नवग्राम का इतना बुरा हाल नहीं हुआ.”

# शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती के दर्शन को उमड़े श्रद्धालु



**शुभम संदेश। बराकर**

सनातन धर्म के सर्वोच गुरु पूरी पीठाधीश्वर श्री मद जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाराज के आसनसोल में ग्यारह दिवसीय कार्यक्रम में भक्तों की अपार भीड़ रही. इसी क्रम में बराकर गौरांग मंदिर के पुजारी हरे कृष्ण बाबा के सानिध्य में स्वामी जी के दर्शन और उनके आशीर्वाद लेने के लिए भक्तों का कारवा ढ़ोल कीर्तन के साथ सभा स्थल पहुंच आशीर्वाद प्राप्त किया. इस दौरन हरे कृष्ण बाबा ने बताया की आनंद वाहिनी पश्चिम बंगाल बिहार के अध्यक्ष निभा प्रकाश और अलोक प्रकाश की ओर से आसनसोल आनंद रेजीडेंसी मे पहली बार अपने गुरु के मिशन के नाम से इस प्रकार का आयोजन किया गया है. भारत को हिन्द राष्ट्र का दर्जा प्राप्त हो, भारत में गो हत्या पूरी तरह से बंद हो. धर्म सभा में विदेश में हो रहे तख्ता पलट व अराजकता पर सजग रहने, अपने धर्म के प्रति सदैव तत्पर रहे. धर्म सभा के साथ दर्शन, दीक्षा एवं गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है.



# ड्रेस के मुताबिक कैसी हो इयररिंग

**अधिकतर लड़कियों को इयररिंग काफी पसंद आते है। यह आपके ट्रेडिशनल ड्रेस को एक बेहतरीन लुक देने में मदद करते है। अगर आप भी हमेशा नए स्टाइल के इयरिंग कैरी करना पसंद करती है, तो हम आपको इस लेख में ड्रेस के मुताबिक इयरिंग के बारे में बता रहे जिन्हें अपनाकर आप परफेक्ट लुक पा सकती है।**

सिंपल सूट को एकदम नया लुक देने के लिए अधिकतर महिलाएं इयररिंग कैरी करना चाहती है, क्योंकि एक परफेक्ट और ड्रेस के हिसाब से इयरिंग पहनने से आपका पूरा लुक ही बदल जाता है। यदि आपने लाइट कलर की कोई ड्रेस पहनी है, तो आप छोटे मोती वाले झुमके इसके साथ पहन सकती हैं। यदि आप ज्यादा हैवी इयरिंग पहनना पसंद नहीं करती है, तो आपके लिए ये इयररिंग बिलकुल परफेक्ट है। फंक्शन में अक्सर महिलाएं ट्रेडिशनल ड्रेस पहनना पसंद करती है। वहीं यदि आप इसके साथ ड्रेस के हिसाब से इयरिंग पहनती है, तो ये आपके लुक को बेहद खूबसूरत बना देता है। आप ट्रेडिशनल ड्रेस के साथ गोल्डन इयररिंग कैरी कर सकती है। इनका फैशन एवरग्रीन है और सिंपल लहंगे को भी सुंदर बनाने के लिए इस तरह के इयररिंग बिल्कुल परफेक्ट रहते हैं।

अगर आप सिंपल सी प्रिंटिड साड़ी पहनती है, तो इनके साथ सिंपल झुमके कैरी कर सकती है। आप सिल्वर कलर के सिंपल झुमके इसके साथ पहन सकती हैं। इसके अलावा सिल्वर कलर के इयररिंग भी कैरी कर सकती हैं। इयररिंग के साथ नेकलेस आजकल काफी पसंद किया जा रहा है। जिसका लुक भी बहुत बढ़िया आता है। इसके लिए आप अपने ड्रेस के हिसाब से इयररिंग पहनें।

बस ख्याल इस बात का रखें कि जब भी आप हैवी इयररिंग और नेकलेस पहन रही है, तो लाइट मेकअप करें। ताकि आपका लुक बैलेंस हो सकें। सिंपल कुर्ती के साथ चांदबालियों का फैशन काफी ट्रेंडिंग है। इसे अधिकतर महिलाएं पसंद करती है। यदि आप नियमित कुर्ती कैरी करना पसंद करती है। तो आप स्टोन वाली चांदबाली पहन सकती है। इसके अलावा आप चांदबाली को सूट और लहंगे के साथ भी कैरी कर सकती है।



# कहीं आपकी पर्सनैलिटी नेगेटिव तो नहीं?

## इन तरीकों से पहचानें और ऐसे करें सुधार

**क्या आपको लगता है कि आपकी बातों या व्यवहार से लोग दूर भागने लगे हैं? ऐसा हो सकता है कि अनजाने में आपकी पर्सनैलिटी में नकारात्मकता आ गई हो। ऐसे में, यह रिश्तों को प्रभावित करने के साथ-साथ आपकी सफलता और मानसिक शांति में भी बाधा डाल सकती है। आइए, इस लेख में हम आपको ऐसे तरीके बताते हैं, जिनसे आप अपनी पर्सनैलिटी में नकारात्मकता को पहचान सकते हैं और उसे सकारात्मकता में बदल सकते हैं।**

हम सभी के जीवन में ऐसे क्षण आते हैं, जब हम खुद में नकारात्मक महसूस करते हैं या कई बार हमारे मन पर नकारात्मक विचार हावी हो जाते हैं। वैसे तो यह स्वाभाविक है, लेकिन जब यह नकारात्मकता हमारी पर्सनैलिटी का स्थायी हिस्सा बन जाए और हमारे व्यवहार, बातचीत और दृष्टिकोण में झलकने लगे, तो यह चिंता का विषय बन सकता है। साइकोलॉजिस्ट के अनुसार, नकारात्मक पर्सनैलिटी आपके निजी और पेशेवर रिश्तों को खराब कर सकती हैं। साथ ही, यह आपकी मानसिक शांति, खुशी और सफलता के रास्ते में भी बाधा बन जाती है। कई बार लोग अनजाने में ही नेगेटिविटी के शिकार हो जाते हैं और उन्हें इसका एहसास भी नहीं होता है।

### अपनी बातचीत पर गौर करें

आपकी बातचीत का तरीका और आपके द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले शब्द आपकी पर्सनैलिटी की सबसे बड़ी पहचान होते हैं। क्या आपकी बातचीत में शिकायतें ज्यादा होती हैं? क्या आप अक्सर दूसरों की कमियां निकालते हैं या हर बात में नकारात्मक पहलू देखते हैं? क्या आप बातचीत को हमेशा निराशाजनक मोड़ पर ले जाते हैं? अगर हां, तो आपको अपने अंदर बदलाव लाने की जरूरत है। अपनी बातचीत में सकारात्मक शब्दों का प्रयोग करना शुरू करें। किसी भी समस्या पर बात करते समय, उसके समाधान पर भी चर्चा करें। दूसरों की सराहना करें और उनकी सफलताओं को स्वीकार करें। नकारात्मक गपशप या शिकायतों में शामिल होने से बचें।

### प्रतिक्रियाओं का विश्लेषण करें

आप अलग-अलग परिस्थितियों में कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, यह आपकी मानसिकता को दर्शाता है। जब कोई चुनौती आती है, तो क्या आपकी पहली प्रतिक्रिया गुस्सा, निराशा या हार मान लेना होती है? क्या आप छोटी-छोटी बातों पर भी बहुत ज्यादा प्रतिक्रिया करते हैं या हर बात को व्यक्तिगत रूप से लेते हैं? तो हो सकता है कि आपके अंदर नेगेटिविटी है। इसे सुधारने के बारे में आपको विचार करना चाहिए। किसी भी स्थिति पर तुरंत प्रतिक्रिया देने से पहले एक पल रुकें और सोचें। भावनाओं के बजाय तर्क से काम लें। समस्याओं को सीखने के अवसर के रूप में देखें, न कि केवल बाधाओं के रूप में। अपनी भावनाओं को बेहतर ढंग से नियंत्रित करने के लिए गहरी सांस लेने या ध्यान का अभ्यास करें।

### अपने आसपास के लोगों को देखें

आप जिन लोगों के साथ समय बिताते हैं, वे अक्सर आपकी पर्सनैलिटी का आईना होते हैं। क्या आपके दोस्त और परिचित अक्सर नकारात्मक विचारों वाले हैं? क्या आप अक्सर ऐसे लोगों की संगति में रहते हैं जो शिकायत करते हैं, आलोचना करते हैं या नकारात्मक ऊर्जा फैलाते हैं? अगर ऐसा है तो आपके अंदर सकारात्मक बदलाव बहुत जरूरी है। आपको अपने आसपास सकारात्मक लोगों को शामिल करने का प्रयास करें। ऐसे लोगों के साथ समय बिताएं जो आपको प्रेरित करते हैं, आपका समर्थन करते हैं और आपको बेहतर बनने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। यदि कुछ रिश्ते अत्यधिक नकारात्मक हैं और आप उन्हें बदल नहीं सकते, तो उनसे थोड़ा दूरी बनाए रखें।

### कृतज्ञता का स्तर जांचें

कृतज्ञता एक शक्तिशाली सकारात्मक भावना है। इसकी कमी अक्सर नकारात्मकता का संकेत होती है। क्या आप अक्सर उन चीजों पर ध्यान केंद्रित करते हैं जो आपके पास नहीं हैं, बजाय उन चीजों के लिए आभारी होने के जो आपके पास हैं? क्या आप दूसरों की मदद को कम आंकते हैं या उसे अपना अधिकार समझते हैं? तो इनसब नेगेटिव आदतों में सुधार करने की जरूरत है। हर दिन उन चीजों के लिए कृतज्ञता व्यक्त करने की आदत डालें, जिनके लिए आप आभारी हैं। एक कृतज्ञता जर्नल बनाएं और उसमें हर दिन कुछ चीजें लिखें। छोटी-छोटी खुशियों को पहचानना और उनका जश्न मनाना सीखें।

### आत्म-आलोचना करें

आप खुद से कैसे बात करते हैं, यह भी आपकी नकारात्मकता का एक बड़ा संकेत हो सकता है। पहचानने के लिए आप खुद पर कुछ सवाल कर सकते हैं। जैसे- क्या आप खुद को अत्यधिक दोष देते हैं? क्या आप अपनी गलतियों को लेकर बहुत कठोर होते हैं और खुद को माफ़ नहीं करते? क्या आप दूसरों की गलतियों को तो माफ कर देते हैं, लेकिन अपनी गलतियों के लिए खुद को कोसते रहते हैं? इन सवालों के जवाब खुद से जानने के बाद आप अपने अंदर सकारात्मक बदलाव कर सकती हैं। खुद के प्रति दयालु और समझदार बनें। गलतियां करना मानवीय है। अपनी गलतियों से सीखें, लेकिन खुद को अत्यधिक दंडित न करें। खुद के प्रति वही दया दिखाएं जो आप एक अच्छे दोस्त के प्रति दिखाते हैं। आत्म-करुणा का अभ्यास करें।





# किन रंगों से महकेगा आपका आशियाना

**दीपावली के पहले घरों की रंगाई-पुताई करवा रहे हैं, तो यह टिप्स आपको जरूर जानना चाहिए। क्या आप अपने नए घर को पेंट करवाने का सोच रहे हैं? या अपने पुराने आशियाने को ही नई रंगत देकर नया लुक देना चाहते हैं? यदि हां, तो आपकी घर की दीवारों को पेंट करवाने से पहले ये जरूर जान लीजिए कि किन रंगों से महकेगा आपका आशियाना। घर की साज-सज्जा एवं रंग-रोगन के लिए दिशा के अनुसार चुनें इन 5 समृद्धिदायक रंगों को, और पाएं वर्ष भर खुशहाली व सुख-समृद्धि। जानें कैसे करें रंगों का चुनाव...**

हिन्दू धर्म के सबसे बड़े त्योहार दीपावली के लिए कई दिनों से घर में साफ-सफाई और रंग-रोगन का दौर शुरू हो जाता है। घर में सुख शांति और प्रसन्नता का वातावरण बना रहे इसलिए कई लोग घर की साज-सज्जा व रंगाई के लिए वास्तु और फेंगशुई के टिप्स भी आजमाते हैं।

- घर का बैठक कक्ष सबसे अहम होता है, इसलिए यहां की दीवारों पर विशेष तौर पर ध्यान देने की जरूरत होती है। यहां पर भूरा, गुलाबी, सफेद या क्रीम कलर सबसे अच्छा माना जाता है। यहां पर इन रंगों के परदे या तकिए कवर का इस्तेमाल भी शुभ फल देता है।
- भोजन कक्ष को रंगवाते समय आसमानी, हल्का हरा व गुलाबी रंग करवा सकते हैं। इससे हमेशा ऊर्जा व ताजगी का संचार होता है और सकारात्मकता बनी रहती है।
- रसोई घर में सफेद रंग हमेशा अच्छा माना जाता है। हांलांकि यह गंदा भी बहुत जल्दी होता है, लेकिन अगर आप नियमित तौर पर सफाई बनाएं रखें तो यह बहुत ही सकारात्मक प्रभाव छोड़ता है।
- बाथरूम या शौचालय के लिए हल्का गुलाबी या फिर सफेद रंग ही सबसे बेहतर होते हैं। खास तौर से बाथरूम में गुलाबी रंग का प्रयोग ताजगी बनाए रखता है और आप आंतरिक खुशी महसूस करते हैं।
- शयन कक्ष भी काफी महत्वपूर्ण होता है, यहां पर भी आप हल्का हरा, आसमानी, गुलाबी जैसे रंगों को इस्तेमाल कर सकते हैं, जिन्हें देखकर मन हमेशा प्रसन्न रहे। इससे आपके रिश्तों में भी मधुरता आती है।
- पीला रंग सुकून व रोशनी देने वाला रंग होता है। घर के ड्राइंग रूम, ऑफिस आदि की दीवारों पर यदि आप पीला रंग करवाते हैं तो वास्तु के अनुसार यह शुभ होता है।
- अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के लिए आपको अपने कमरे की उत्तरी दीवार पर हरा रंग करना चाहिए।
- आसमानी रंग जल तत्व को इंगित करता है। घर की उत्तरी दीवार को इस रंग से रंगवाना चाहिए।
- घर के खिड़की दरवाजे हमेशा गहरे रंगों से रंगवाएं। बेहतर होगा कि आप इन्हें डार्क ब्राउन रंग से रंगवाएं।
- जहां तक संभव हो सके घर को रंगवाने हेतु हमेशा हल्के रंगों का प्रयोग करें।



### काम थोड़ा आसान होगा

खाने के बाद काफ़ी बर्तन सिंक में इकट्ठे हो जाते हैं। अब घर की सफ़ाई करें या बर्तन धोएं, यह भी तो एक समस्या है। इसलिए खाना ऐसा बनाएं जिसे पकाने के लिए कम से कम बर्तनों का इस्तेमाल हो, जैसे कि वन पॉट रेसिपी आज़मा सकते हैं। वहीं, डिस्पोज़ेबल प्लेट और कटोरी का उपयोग कर सकते हैं जिस पर खाना खाकर बर्तन धोने की झंझट से बच सकेंगे। चम्मच और गिलास भी डिस्पोज़ेबल रख सकते हैं।

### स्वच्छता का ध्यान रखें

घर की सफ़ाई के दौरान हमारे हाथ धूल से भर जाते हैं। नाखूनों में भी गंदगी समा जाती है। कुछ खाने के लिए भले आप हाथों को अच्छी तरह से धो लें, परंतु फिर भी हाथों से कुछ खाने की इच्छा नहीं होती। इसीलिए, बेहतर होगा कि आप हाथ के बजाय चम्मच से खाएं। भोजन बनाते वक़्त भी इस बात का ध्यान रखें कि आप जो भी बना रहे हैं उसे हाथ से न खाना पड़े।



# सर्वपितृ अमावस्या का महत्त्व

प्रति वर्ष श्राद्ध विधि करना यह हिंदू धर्म का एक महत्वपूर्ण आचार धर्म है एवं उसका महत्व अनन्य साधारण है। पुराणकाल से चलती आ रही इस विधि का महत्व हमारे ऋषि मुनियों ने अनेक धर्म ग्रंथों में लिखकर रखा है। इस लेख में हम 'सर्वपितृ अमावस्या का महत्व' जानेंगे। दिनांक के अनुसार इस वर्ष सर्वपितृ अमावस्या 21 सितंबर को है। प्रतिवर्ष श्राद्धविधि करना यह हिन्दू धर्म का एक महत्त्वपूर्ण आचारधर्म है और उसका महत्त्व अनन्यसाधारण है । पुराणकाल से चले आ रहे इस विधि का महत्त्व हमारे ऋषि-मुनियों ने अनेक धर्मग्रंथों में लिखा है । इस लेख में हम सर्वपितृ अमावस्या का महत्त्व जानेंगे । पितृपक्ष की अमावस्या को ही 'सर्वपितृ अमावस्या' कहते हैं । इस तिथि पर कुल के सभी पितरों के लिए यह श्राद्ध किया जाता है । पूरे वर्ष में अथवा पितृपक्ष के अन्य तिथियों पर श्राद्ध करना संभव ना होने पर, इस तिथि पर सभी पितरों के लिए यह श्राद्ध करना अत्यंत आवश्यक है; क्योंकि पितृपक्ष की यह अंतिम तिथि है । शास्त्र में बताया गया है कि श्राद्ध के लिए अमावस्या की तिथि अधिक योग्य तिथि है और पितृपक्ष की अमावस्या सर्वाधिक योग्य तिथि है । शास्त्र में जिन कृतियों के लिए जो काल निश्चित किया गया है, उस काल में वो कृति करना आवश्यक और महत्त्वपूर्ण है । इसलिए पितृपक्ष में ही महालय श्राद्ध करें । विभिन्न पक्षों ने पितृपक्ष में महालय श्राद्ध करने की बात कही है । पितृपक्ष में केवल एक दिन मृत व्यक्ति की मृत्यु तिथि पर ही महालय श्राद्ध किया जाता है। यदि कोई जन्म शौच या मृत्यु शौच (सुवेरा-सूतक) या किसी अन्य अपरिहार्य कारण से उस तिथि पर महालय श्राद्ध करने में असमर्थ है तो उसे सर्वपितृ अमावस्या को श्राद्ध करना चाहिए। अन्यथा सुविधानुसार कृष्ण पक्ष की अष्टमी, द्वादशी, अमावस्या और व्यतिपात योग के दिन भी महालय श्राद्ध किया जा सकता है। कलियुग में कम-अधिक प्रमाण में प्रत्येक को आध्यात्मिक कष्ट होने के कारण, श्राद्ध करने के साथ 'श्री गुरुदेव दत्त' यह नामजप भी अधिकाधिक करें । दत्त देवता का पितरों के स्वामी होने के कारण उनके नामजप से पितरों को सद्गति मिलने में सहायता होती है । उसका लाभ हमें भी होता है ।

**संदर्भ** – सनातन संस्था का ग्रंथ "श्राद्ध"

**आपकी विनम्र,**
**श्रीमती बबीता गांगुली**
**सनातन संस्था**
**संपर्क – 9830227666**



मंथन

## पेसा कानून में गंभीरता से क्रियान्वयन की दरकार

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा झारखंड पेसा नियमावली को लेकर की गई उच्च स्तरीय बैठक जनजातीय समाज व्यवस्था और स्थानीय स्वशासन को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है. पेसा कानून, संविधान की 73वीं धारा का विस्तार है, जो अनुसूचित क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को निर्णय लेने और प्रशासनिक अधिकार प्रदान करता है. इस कानून की आत्मा यही है कि जनजातीय समाज परंपराओं, संस्कृति और संसाधनों की रक्षा करते हुए आत्मनिर्भर और सशक्त बने. मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि नियमावली का क्रियान्वयन केवल प्रशासनिक औपचारिकता न होकर ग्राम सभा की वास्तविक शक्ति बढ़ाने वाला होना चाहिए. इससे न केवल पारंपरिक स्वशासन की मर्यादा बनी रहेगी, बल्कि स्थानीय लोगों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति भी सुधरेगी हालांकि, चुनौती यही है कि नियमावली के प्रावधान केवल कागज पर सीमित न रह जाएं. प्रशासनिक ढांचा और स्थानीय तंत्र को संवेदनशील बनाना आवश्यक है. जनजातीय समुदायों में जागरूकता और क्षमता निर्माण की भी उतनी ही आवश्यकता है, ताकि वे अपने अधिकारों का प्रभावी प्रयोग कर सकें. झारखंड के लिए पेसा नियमावली केवल एक कानून नहीं, बल्कि आत्मसम्मान और अस्तित्व से जुड़ा दस्तावेज है. मुख्यमंत्री की पहल स्वागतयोग्य है, लेकिन इसका वास्तविक मूल्यांकन तभी होगा जब ग्राम सभा की आवाज शासन-प्रशासन में निर्णायक रूप से गूंजे. यही कदम जनजातीय समाज के सशक्तिकरण और लोकतांत्रिक विकेंद्रीकरण की वास्तविक पहचान बनेगा. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की इस पहले से झारखंड में पेसा नियमावली अच्छे ढंग से लागू होने की आस जग गई है.

नजरिया

## एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक से जगी नई आस

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार की एसआईआर प्रक्रिया की वैधता पर सुनवाई करते हुए 7 अक्तूबर को अंतिम दलीलों के लिए तारीख तय की है. कोर्ट ने स्पष्ट किया कि यदि चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में किसी भी चरण पर अवैधता मिली, तो पूरी प्रक्रिया रद्द कर दी जाएगी. यह टिप्पणी लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद को मजबूत करती है, क्योंकि मतदाता सूची ही निष्पक्ष चुनाव की पहली शर्त है. मामले की गंभीरता इससे बढ़ जाती है कि आयोग इसे बिहार मॉडल को पूरे देश में लागू करने की घोषणा कर चुका है. न्यायमूर्ति सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि कई लोग केवल दस्तावेजों की कमी से मताधिकार से वंचित हो रहे हैं, बेहद चिंताजनक है.मताधिकार संवैधानिक अधिकार है, इसे तकनीकी खामियों की भेंट नहीं चढ़ाया जा सकता. प्रशांत भूषण का यह तर्क कि केवल 30% आपत्तियां और आवेदन ही वेबसाइट पर डाले गए हैं, इस प्रक्रिया की गंभीर खामियों को उजागर करता है. यदि लोगों की आपत्तियां ही दर्ज न हों, तो न्यायसंगत समाधान की उम्मीद कैसे की जा सकती है? आयोग जैसी संवैधानिक संस्था से जनता को निष्पक्षता और पारदर्शिता की सर्वोच्च उम्मीद होती है. एसआईआर पर कोर्ट का निर्णय न केवल बिहार बल्कि पूरे देश के मतदाता अधिकारों की रक्षा का आधार बनेगा. आवश्यक है कि अंतिम आदेश से पहले आयोग सभी शंकाओं को दूर करे और सुनिश्चित करे कि कोई भी नागरिक बिना उचित कारण अपने अधिकार से वंचित न हो. यही लोकतंत्र की असली मजबूती है.

# आदिवासी जीवन से दुनिया सीखे डेवलपमेंट का पाठ

डॉ. मयंक मुरारी

**आदिवासी जीवनशैली आज के दौर में दुनिया के लिए सबसे उपयोगी साधन है.**



फ्रांसीसी चिंतक रूसो ने वैज्ञानिक व औद्योगिक विकास पर आधारित सभ्यता के खतरों से आगाह किया और लोगों का प्रकृति की ओर लौट चलने की अपील की, तो लोगों ने उन्हें अप्रगतिशील करार दिया. इसी प्रकार महात्मा गांधी ने हिंद स्वराज के माध्यम से 1909 में ही कहा कि ये असीमित उपभोग पर आधारित सभ्यता है और ये एक दिन अपने को नष्ट करेगी. लेकिन तब भी दुनिया ने उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया. उदारीकरण के बाद दुनिया ने 1992 के अर्थ समिट में सस्टेनेबल डेवलपमेंट को पृथ्वी के भविष्य के लिए अनिवार्य बताया. आदिवासी परंपरा में सस्टेनेबल डेवलपमेंट (सतत विकास) एक गहरी समझ है, जो प्रकृति से सद्भाव में रहने और संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग करने पर आधारित है. यह समझ उनके जीवन के हर पहलू में झलकती है, जैसे कि कृषि, वानिकी, और सामुदायिक जीवन. आदिवासी समुदाय अक्सर जैव विविधता को संरक्षित करने वाली प्रथाओं में संलग्न होते हैं, जैसे कि अंतर-फसल और बीज संरक्षण.

कई जनजातियां ऐसी प्रथाओं को अपनाती हैं जो मिट्टी के स्वास्थ्य को पुनर्जीवित करती हैं, जो कार्बन पृथक्करण और जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद करती हैं. आदिवासी समुदायों का प्रकृति के साथ एक मजबूत संबंध होता है, और वे प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग जिम्मेदारी से करते हैं. आदिवासी समुदायों के पास पारंपरिक ज्ञान का खजाना है, जो उन्हें पर्यावरण की चुनौतियों का सामना करने और जीवन जीने में मदद करता है. आज जब 'ईको-फ्रेंडली' शब्द बाजार का नारा बन गया है, तब हलमा एक ऐसी जीवन-पद्धति की याद दिलाता है, जो बिना प्रचार के पर्यावरण की रक्षा करता है. छत्तीसगढ़, झारखंड, ओडिशा और मध्य प्रदेश के कई आदिवासी समुदायों में प्रचलित यह परंपरा बताती है कि 'सस्टेनेबल डेवलपमेंट' कोई नई खोज नहीं, बल्कि हमारे लोक जीवन का हिस्सा है.

हलमा का मतलब है, जब कोई किसान अकेले अपने खेत की बुआई या सिंचाई न कर सके, तो पूरा गांव बिना पैसे, बिना मजदूरी के उसकी मदद के लिए आगे आए. इसमें श्रमदान, सामूहिकता और प्रकृति के प्रति सम्मान भी शामिल है. इस प्रक्रिया में खेत की मिट्टी को विश्राम देने, फसल चक्र के अनुसार बुआई करने और पारंपरिक बीजों को बोने की समझ लोकजीवन में गहराई से मौजूद है. हलमा की खेती में बैल, हल और मानव श्रम का उपयोग होता है, जिससे कार्बन उत्सर्जन नहीं के बराबर होता है. आज जब ग्लोबल वार्मिंग की वजह से तापमान बढ़ रहा है, पानी के स्रोत सूख रहे हैं और भूमि बंजर हो रही है, तब यह सवाल उठना स्वाभाविक है, क्या हम कुछ भूल तो नहीं गए? हलमा जैसी परंपराएं बताती हैं कि प्रकृति से सामंजस्य बैठाने के लिए बड़ी परियोजनाओं की नहीं, बल्कि एकजुट मन और समर्पित समाज की जरूरत होती है. हलमा केवल काम करने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक उत्सव है. इस दौरान न कोई शोरगुल, न प्रदूषण. खेतों में काम करते हुए लोग प्रकृति के साथ संवाद करते हैं. हालांकि, ये संवाद मशीनों के शोर में कहीं खो गया है.

आजकल जब सीएसआर, एसडीजी व ग्रीन इनिशिएटिव जैसी वैश्विक अवधारणाएं चलन में हैं, तब हलमा एक स्थानीय समाधान बनकर उभर सकता है. यह एक 'ग्लोबल सॉल्यूशन इन लोकल कल्चर' है. हलमा केवल अतीत की नहीं, भविष्य की भी आवाज है, बस उसे सुनने के लिए हमें शोर से बाहर निकलना होगा.आदिवासी संस्कृति में ऐसे कई तत्व हैं जो सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देते हैं, जैसे कि प्रकृति की पूजा, सामुदायिक भागीदारी, और सरल जीवनशैली. आदिवासी जंगलों से जड़ी-बूटियां लेते हैं और बदले में भरपूर वृक्षारोपण करते हैं, जिससे पर्यावरण का संतुलन बना रहता है. आदिवासी अपने दैनिक जीवन में प्रकृति से प्राप्त वस्तुओं का उपयोग करते हैं, जैसे कि मिट्टी के बर्तन और लौकी, जो पर्यावरण के अनुकूल हैं.

**आदिवासियों से दुनिया क्या सीख सकती है? जल संरक्षण, पवित्र उपवनों की पूजा और प्राकृतिक जलाशयों का प्रबंधन आदिवासी समुदायों और जलवायु लचीलेपन के स्तंभ के रूप में कार्य करता है और पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा मिलता है.**

आदिवासी परंपराएं सस्टेनेबल डेवलपमेंट के लिए एक अमूल्य सबक प्रदान करती हैं. इस दौर में आदिवासी योगदान सह-अस्तित्व के लोकाचार को रेखांकित करता है. आज दुनिया वनीकरण परियोजनाओं के गुणों की प्रशंसा करती है,जबकि आदिवासी लंबे समय से बीज संरक्षण और नियंत्रित दहन के अभ्यासी रहे हैं.

पीढ़ियों से परिष्कृत तरीकों से वन जीवन शक्ति का पोषण करते हैं. जब शहरी पर्यावरणविद शून्य अपशिष्ट प्रतिमान के गुणों की प्रशंसा करते है, तो आदिवासी प्रथाएं आदर्श के रूप में सामने आती हैं, जो यह सुनिश्चित करने में उत्कृष्ट दक्षता का प्रदर्शन करती हैं कि पौधे या जानवर के हर टुकड़े का उपयोग किया जाए, जिससे कोई मलबा न बचे.जब टिकाऊ भविष्य के लिए अंतर्ज्ञान की बात आती है तब हम आदिवासी ज्ञान के गुणों की प्रशंसा करते है, लेकिन जब उसे अमलीजामा पहनाने का समय आता है, जब स्वदेशी भूमि के लिए कानूनी सुरक्षा सुनिश्चित करने की बात आती है, तब हम जिम्मेदारी से पीछे हट जाते हैं. पर्यावरण संरक्षण में आदिवासियों की भूमिका स्पष्ट है, फिर भी उनकी पहचान और सशक्तीकरण मायावी बनी हुई है, जो नौकरशाही जड़ता और कॉर्पोरेट लालच के जाल में फंसी हुई है.

आदिवासियों से दुनिया क्या सीख सकती है? जल संरक्षण, पवित्र उपवनों की पूजा और प्राकृतिक जलाशयों का प्रबंधन आदिवासी समुदायों और जलवायु लचीलेपन के स्तंभ के रूप में कार्य करता है, जिससे भूजल पुनर्भरण और पारिस्थितिक संतुलन को बढ़ावा मिलता है. टिकाऊ कृषि, कृषि वानिकी और फसल, जो आदिवासियों द्वारा बहुत पहले से विकसित किया गया है, आधुनिक कृषि विज्ञान के कृत्रिम, रसायन युक्त तरीकों की तुलना में मिट्टी के पोषक तत्वों की पूर्ति कहीं अधिक प्रभावी ढंग से करता है. आदिवासी लोगों की आवाज को हाशिए पर धकेलने के बजाय उनकी पर्यावरण-अनुकूल स्वदेशी परंपराओं को मुख्यधारा की जलवायु नीतियों के व्यापक ढांचे में एकीकृत करना चाहिए.

## आज का इतिहास

- 1876: बांग्ला उपन्यासकार शरतचंद्र चट्टोपाध्याय का जन्म.
- 1948 : हैदराबाद रियासत का भारत में विलय.
- 1949 : दक्षिण भारतीय राजनीतिक दल द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की स्थापना.
- 1950 : भारतीय राजनेता और वर्तमान में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्म.
- 1956 : भारतीय तेल एवं प्राकृतिक गैस आयोग का गठन.
- 1957 : मलेशिया संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ.
- 1978 : अमेरिकी राष्ट्रपति कार्टर की पहल पर शांति के लिए मिस्र और जार्डन के बीच कैंप डेविड समझौता.
- 1982 : भारत और श्रीलंका के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया.
- 2020: लोकसभा ने कृषि उपज व्यापार और वाणिज्य विधेयक और कृषक संरक्षण कीमत आश्वासन समझौता और कृषि सेवा पर करार विधेयक को मंजूरी दी.

## अच्छी शिक्षा से बड़ा कोई धन हो ही नहीं सकता

चिंतन

एक बार एक राजा वन में शिकार खेल रहा था. अचानक वर्षा होने लगी. राजा रास्ता भूल गया और सेना से अलग हो गया. भूख प्यास से व्याकुल राजा एक टीले पर बैठ गया. थोड़ी देर में उसने वहां तीन बालकों को देखा. सुनो बच्चों! यहां आओ. राजा ने उन्हें बुलाया. बालक वहां पहुंचे तो राजा ने पूछा – क्या भोजन और जल मिलेगा? मैं बहुत प्यासा हूं और भूख भी लगी है. बालकों ने कहा – अवश्य. हम घर से अभी कुछ ले आते हैं. वे तुरंत जल और भोजन ले आये. राजा बच्चों से प्रसन्न हुआ. राजा बोला-बच्चों! तुम लोग जीवन में क्या चाहते हो? मैं तुम्हारी मदद करना चाहता हूं. एक बालक बोला-मुझे धन चाहिए. मैं बहुत गरीब हूं. राजा बोला-ठीक है. मैं तुम्हें इतना धन दूंगा कि जीवन भर सुखी रहोगे. दूसरे बालक ने पूछा- क्या आप मुझे बड़ा-सा बंगला और घोड़ागाड़ी देंगे? राजा ने कहा-तुम्हारी इच्छा भी पूरी हो जाएगी. तीसरे बालक ने कहा-मुझे तो आप आशीर्वाद दीजिए जिससे मैं विद्वान बनूं और अपने देश की सेवा करूं. तीसरे बालक की इच्छा सुनकर राजा प्रभावित हुआ. उसने उसके लिए उत्तम शिक्षा का प्रबंध किया. वह बालक बड़ा विद्वान बना और राजा ने उसे अपना मंत्री बना दिया. एक दिन राजा को वर्षों पहले घटी वह घटना याद आई. उन्होंने मंत्री से कहा, वर्षों पहले तुम्हारे साथ जो दो और बालक थे, वो कैसे हैं. कल अपने उन दोनों मित्रों को भोजन पर बुला लो. मंत्री ने दोनों को बुलवा दिया. राजा बोला-तुम तीनो को फिर साथ देख मैं प्रसन्न हूं. इनके बारे में तो मैं जानता हूं, पर तुम दोनों अपने बारे में बताओ. जिस बालक ने धन मांगा था वह बोला, मैंने आपसे धन मांग कर बड़ी गलती की. मैं आलसी बन गया और बहुत सारा धन बेकार की चीजों में खर्च कर दिया, बहुत सा धन चोरी भी हो गया. अब मैं फिर गरीब हो गया हूं. बंगला-गाडी मांगने वाले बालक भी रोने लगा, महाराज, मैं बड़े ठाट से अपने बंगले में रह रहा था, पर बाढ़ में मेरा सबकुछ बर्बाद हो गया और मैं भी गरीब हो गया हूं. उनकी बातें सुन कर राजा बोले, तुम लोग गांठ बांध लो धन-संपदा सदा हमारे पास नहीं रहते पर ज्ञान जीवन-भर मनुष्य के काम आता है और उसे कोई चुरा भी नहीं सकता. शिक्षा ही मानव को विद्वान और बड़ा आदमी बनाती है, इसलिए सबसे बड़ा धन "विद्या" ही है.

## इंडिया पर ट्रेंडिंग




1. #WorldOzoneDay
2. #VantaraPrideOfIndia
3. #ExamTips
4. #RGHS_फर्जीवाड़ा
5. #Dehradun
6. श्री गुरु नानक देव
7. Safalta Ki Kunji
8. सिख धर्म
9. Vidyarthi Jeevan
10. ज्योति ज्योत

# बहुरंग



## जॉली एलएलबी 3' में डबल धमाका, हुमा कुरैशी और अमृता की धमाकेदार वापसी

दस सितम्बर को जब 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज़ हुआ, तो फैंस का उत्साह देखते ही बन गया. ट्रेलर में हंसी, ड्रामा और ग्रैंड कोर्टरूम फेस-ऑफ़ की झलक ने दर्शकों का मन मोह लिया. हर फ्रेम में कोर्टरूम की तकरार और कॉमिक टाइमिंग का तड़का साफ दिख रहा है, जिससे फैंस को फिल्म के फाइनल क्लैश का बेसब्री से इंतजार होने लगा है.

इस बार फ्रैंचाइज़ की दो लोकप्रिय अदाकाराएं, हुमा कुरैशी और अमृता राव, पहली बार एक ही स्क्रीन पर साथ दिखाई देंगी. हुमा कुरैशी अपने पुराने किरदार पुष्पा पांडे की चटपटी अदाओं और फायरबाज़ी के साथ लौट रही हैं. उनका तेज़ तर्रार अंदाज़ और दमदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आएगा. वहीं अमृता राव संध्या त्यागी की ग्रेसफुल और सपोर्टिव भूमिका में वापस आ रही हैं, जो पहले के सीरीज़ की यादें ताज़ा करती हैं और फिल्म में एक अलग तरह की मजबूती जोड़ती हैं.

हुमा और अमृता की यह जोड़ी, अक्षय कुमार और अरशद वारसी की जोड़ी के साथ मिलकर कोर्टरूम ड्रामा और कॉमिक टाइमिंग को नया स्तर देती है. इसके अलावा सौरभ शुक्ला और गजराज राव जैसे अनुभवी कलाकार फिल्म के सटायर और ह्यूमर को और मज़बूत बनाते हैं. 'जॉली एलएलबी 3' का ट्रेलर साफ संकेत देता है कि इस बार कोर्टरूम क्लैश और कॉमिक सीन का अनुभव पहले से भी बड़ा और मज़ेदार होगा. स्टार स्टूडियो18 के बैनर तले और सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी यह फिल्म फैंस के लिए बड़े स्क्रीन पर कोर्टरूम का धमाका लेकर आ रही है. अब इंतजार केवल 19 सितम्बर का है, जब फिल्म सिनेमाघरों में दस्तक देगी और दर्शकों को फाइनल कोर्टरूम क्लैश का पूरा मज़ा मिलेगा.

## वृषभा आज लेगी पैन इंडिया इंट्री, दर्शकों को तोहफा

मलयालम सुपरस्टार मोहनलाल उर्फ लालेटन अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वृषभा' के साथ दर्शकों को सिनेमा का नया अनुभव देने के लिए तैयार हैं. इस एपिक एंटरटेनर का काउंटडाउन अब खत्म होने जा रहा है. बुधवार से शुरू होगा फिल्म की जर्नी का अगला अहम पड़ाव, जिसमें ग्लोबल फैंस के लिए एक्सक्लूसिव कंटेंट और धमाकेदार कोलैब्स का अनावरण किया जाएगा.

**मोहनलाल का खास संदेश**

मोहनलाल ने खुद सोशल मीडिया पर फिल्म को लेकर बड़ा ऐलान किया है. उन्होंने लिखा, ₹इंतज़ार खत्म दहाड़ कल से शुरू! तैयार हो जाइए वृषभा की दुनिया में कदम रखने के लिए.₹ उनके इस संदेश के बाद फैंस का उत्साह और भी बढ़ गया है. लेखक और निर्देश मेंक नंदा किशोर की इस फिल्म को भारतीय सिनेमा की अब तक की सबसे महत्वाकांक्षी प्रस्तुतियों में गिना जा रहा है. 'वृषभा' में दर्शकों को विशाल बैटल




सीक्वेंसेज़, इमोशन से भरपूर ड्रामा और पावरफुल परफॉर्मेंसेज़ देखने को मिलेंगे. फिल्म का संगीत सैम ने तैयार किया है, जबकि साउंड डिज़ाइन की कमान ऑस्कर विजेता रेसुल पूकुट्टी ने संभाली है.

**मेकर्स और पैन-इंडिया रिलीज़**

'वृषभा' को कनेक्ट मीडिया, बालाजी टेलीफिल्म्स और अभिषेक व्यास स्टूडियोज़ ने मिलकर प्रस्तुत किया है. फिल्म को मलयालम और तेलुगु भाषाओं में शूट किया गया है, साथ ही इसे हिंदी और कन्नड़ में भी रिलीज़ किया जाएगा. यानी यह फिल्म एक सच्चा पैन-इंडिया महाकाव्य बनने जा रही है. फिल्म की खासियत इसका ग्रैंड विज़ुअल ट्रीटमेंट है, जो भारतीय सिनेमा की भव्यता को नए स्तर पर ले जाएगा. भव्य सेट्स, बड़े युद्ध दृश्य और मोहनलाल की दमदार अदाकारी इसे और खास बना रहे हैं. 'वृषभा' सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि भारतीय सिनेमा की नई दास्तां बनने जा रही है, जो ग्रैंड्योर की परिभाषा बदल देगी. कल से इसकी दहाड़ सुनाई देने लगेगी.

## विक्की कौशल और कैटरीना कैफ जल्द बनेंगे माता-पिता



कैटरीना कैफ और विक्की कौशल अपने मम्मी-पापा के साथ समय बिता रहे हैं. पिछले कुछ महीनों से कैटरीना कैफ सोशल मीडिया से गायब हैं. उन्हें किसी भी इवेंट में नहीं देखा गया है. कुछ दिन पहले उन्हें विक्की के साथ जेटी पर देखा गया था. उन्होंने एक ओवरसाइज़्ड सफेद शर्ट पहनी हुई थी. तब से, कैटरीना कैफ की प्रेगनेंसी की अफवाहें जोरों पर थीं. रिपोर्ट के अनुसार, कैटरीना कैफ प्रेग्नेंट हैं और अक्टूबर-नवंबर के बीच वे अपने बच्चे को जन्म देंगी. विक्की और कैटरीना की ओर से इस खबर पर अभी प्रतिक्रिया नहीं आई है लेकिन फैन्स इस खुशखबरी से बेहद उत्साहित हैं. पिछले साल विक्की कौशल को कैटरीना कैफ के साथ फिल्म 'बैड न्यूज' के ट्रेलर लॉन्च पर देखा गया था. जब उनसे गर्भावस्था को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, रही बात अच्छी खबर की, तो जब भी होगी, मैं आपके साथ जरूर शेयर करूंगी, लेकिन अभी इसमें कोई सच्चाई नहीं है. अब आप बुरी खबर का मजा ले सकते हैं. अब हर किसी की नजर इस बात पर है कि विक्की अपने फैंस को ये खुशखबरी कब देंगे. विक्की कौशल और कैटरीना कैफ ने 2021 में राजस्थान में शादी के बंधन में बंधे थे. शादी के चार साल बाद, यह जोड़ी अपनी जिंदगी की नई पारी के लिए तैयार है.

## फिल्म जटाधारा 7 नवंबर को हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी




कुछ समय पहले सोनाक्षी सिन्हा और सुधीर की फिल्म 'जटाधारा' की घोषणा हुई थी, जिसने सिनेमाप्रेमियों के बीच उत्सुकता बढ़ा दी थी. खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए सोनाक्षी तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत करने जा रही हैं. यही वजह है कि हिंदी और साउथ इंडस्ट्री के दर्शक इस फिल्म को लेकर खासा उत्साहित हैं. लंबे समय से लोग इसकी रिलीज का इंतजार कर रहे थे और अब यह इंतजार खत्म होने जा रहा है. फिल्म के निर्माताओं ने 'जटाधारा' की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है. यह फिल्म 7 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी. दर्शकों के लिए यह फिल्म हिंदी और तेलुगु भाषाओं में रिलीज की जाएगी, जिससे यह व्यापक दर्शक वर्ग तक पहुंच सके. रिलीज डेट का ऐलान करते हुए फिल्म का शानदार मोशन पोस्टर भी जारी किया गया है. इस पोस्टर में फिल्म के रहस्यमयी और पौराणिक अंदाज की झलक देखने को मिलती है. निर्माताओं ने इसके साथ लिखा, ₹अंधकार की गहराइयों से, दिव्यता उभरती है.₹ यह टैगलाइन फिल्म की कहानी और थीम के रहस्य को और गहरा करती है. 'जटाधारा' का निर्देशन वेंकट कल्याण और अभिषेक ने किया है. फिल्म की स्टारकास्ट भी दमदार है. सोनाक्षी और सुधीर बाबू के साथ इसमें दिव्या खोसला और शिल्पा शिरोडकर भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे. भव्य सेट्स, रहस्यमयी कहानी और पैन-इंडिया रिलीज की योजना के साथ 'जटाधारा' इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक बन गई है. दर्शक अब बेसब्री से 7 नवंबर का इंतजार कर रहे हैं, जब यह फिल्म बड़े पर्दे पर अपना जादू बिखेरेगी.

बॉक्स ऑफिस रिव्यू

## सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का ट्रेलर रिलीज



वरुण धवन जल्द ही दर्शकों के सामने अपनी नई फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' लेकर आने वाले हैं. इस फिल्म में उनके साथ जाह्नवी कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी. वहीं, सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी कहानी में अहम किरदार निभा रहे हैं. फिल्म से जुड़े पोस्टर, टीजर और गानों ने पहले ही दर्शकों का उत्साह बढ़ा दिया था. अब इसका धमाकेदार ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है.

'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का ट्रेलर हंसी, मस्ती और रोमांस का तड़का पेश करता है. फिल्म में वरुण धवन सनी संस्कारी के किरदार में नजर आ रहे हैं, जबकि जाह्नवी कपूर तुलसी कुमारी बनी हैं. दोनों की ऑन-स्क्रीन कैमिस्ट्री को दर्शकों से खूब तारीफें मिल रही हैं. वरुण की बेहतरीन कॉमिक टाइमिंग दर्शकों को लुभा रही है. वहीं, सान्या मल्होत्रा अनन्या और रोहित सराफ विक्रम के रोल में नजर आएंगे. इनकी नई जोड़ी को लेकर भी दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है. 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का निर्देशन शशांक खेतान ने किया है, जो 'हम्प्टी शर्मा की दुल्हनिया', 'बद्रीनाथ की दुल्हनिया', 'धड़क' और 'अजीब दास्तां' जैसी लोकप्रिय फिल्मों के लिए जाने जाते हैं. फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है. वरुण धवन और जाह्नवी कपूर के साथ इसमें मनीष पॉल, अक्षय ओबेरॉय और रिया विज जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा
मोबाइल नंबर 8210075897

**मेष :** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा. किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होगी. अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा. कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा. घरेलू बहुमूल्य वस्तुओं के क्रय का योग है. शुभांक-3-5-7

**वृष :** परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा. अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी. व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है. स्थाई सम्पति के निर्माण, मरम्मत व पुर्नस्थापना पर व्ययभार बढ़ेगा. किसी की टीका-टिप्पणी से आपको परेशानी हो सकती हैं. शुभांक-2-4-5

**मिथुन :** विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें. राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें. मान-सम्मान को ठेस लग सकती है. जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें. नये आगंतुकों से लाभ होगा. कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी. परिवार के साथ मनोरांजनिक स्थल की यात्रा होगी. शुभांक-2-4-6

**कर्क :** पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा. परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी. बुरी संगति से बचें. नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें. अपनों का सहयोग प्राप्त होगा. परिवार पक्ष से थोड़ी ङ्क्षचता रहेगी. शुभांक-1-3-5

**सिंह :** दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता हैं. शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें. आत्मङ्क्षचतन करें. पुराने मित्र से मिलन होगा. पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी. खान-पान में सावधानी रखें. अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा. भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है. शुभांक-4-6-8

**कन्या :** अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे. रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी. व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए. अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें. नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे. परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी. शुभांक-2-3-5

**तुला :** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं. समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा. परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं. कार्य क्षेत्र में पदोन्नति के योग बनेंगे. दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे. पुरुषार्थ का सहारा लें. व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी. शुभांक-2-5-6

**वृश्चिक :** कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी. व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे. उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा. आप अच्छी सफलताएं प्राप्त करेंगे. बुद्धि कौशल से चुनौतीपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी. आर्थिक दृष्टि से समय उपलब्धिकारक रहेगा. भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा. शुभांक-1-4-6

**धनु :** संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे. मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी. कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे. स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा. महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा. श्रम अधिक करना पड़ सकता है. वरिष्ठजनों से मतभेद उभर सकते हैं. शुभांक-3-5-6

**मकर :** शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी. मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी. यात्रा परिणाम शुभ रहेगा. आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी. सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी. लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी. अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे. शुभांक-2-4-6

**कुंभ :** विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी. अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें. प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा. कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते है जो कि अतिविश्वसनीय व्यक्तियों को ही दिये जाते हैं. कार्य साधक दिन है व्यर्थ न गंवाऐ. मनोरथ सिद्धि का योग है. शुभांक-3-5-7

**मीन :** व्यापारिक कार्यों में स्थिति उत्तम रहेगी. उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढग़ की परेशानियां पैदा करेगी. कारोबार की उन्नति के लिये एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोंगो को आश्चर्य में डाल देगें. चल-अचल सम्पति में वृद्धि होगी. बौद्धिक क्षेत्र में प्रतियोगिता जीतने का मौका मिलेगा. शुभांक-2-5-6

## ब्रीफ न्यूज

### लूट का खुलासा, चालक सहित तीन गिरफ्तार हुए

**मुजफ्फरपुर।** जिले में 14 सितंबर को हुई मवेशी व्यापारी महेश राय से 3 लाख 66 हजार रुपये की लूट की गुत्थी पुलिस ने महज 48 घंटे में सुलझा ली है. औराई थाना क्षेत्र के सिमरी पुल के पास हुई इस वारदात में पिकअप वाहन के चालक मोहम्मद रिजवान उर्फ आरजू को गिरफ्तार किया गया है, जो खुद इस लूट की साजिश में शामिल था. घटना के दिन महेश राय गरहा भैंस बाजार से भैंस बेचकर घर लौट रहे थे, तभी दो नकाबपोश अपराधी बाइक से आए और हथियार के बल पर उनसे तीन लाख 66 हजार रुपये लूट लिए. घटना की सूचना मिलते ही औराई थाना प्रभारी राजा सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की.

### जमीन विवाद को लेकर हिंसक झड़प, आठ घायल

**गोपालगंज।** जिले के जादोपुर थाना क्षेत्र के हिरापाकड़ गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच सोमवार को हिंसक झड़प हुई, जिसमें आठ लोग घायल हो गए. घटना तब हुई जब एक पक्ष विवादित जमीन पर रसोईघर का निर्माण कर रहा था, जिस पर दूसरे पक्ष ने आपत्ति जताई. जानकारी के अनुसार, दोनों पड़ोसी अपनी-अपनी जमीन पर निर्माण का दावा कर रहे थे, जिससे बहस शुरू हुई. बहस जल्द ही लाठी-डंडों की झड़प में बदल गई. इस झड़प में महिलाओं सहित आठ लोग घायल हो गए. घायल लोगों को तुरंत गोपालगंज सदर अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया है.

### यूट्यूबर की पिटाई मामले में राजद का महाधरना

**दरभंगा।** यूट्यूबर दिलीप सहनी के साथ मारपीट के मामले ने सियासत में भूचाल ला दिया है. नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सिंहवाड़ा थाना जाकर दिलीप सहनी के समर्थन में मामला दर्ज कराया और मंत्री जीवेश कुमार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की. इसके बाद शाम को सिंहवाड़ा निवासी गुड़िया देवी ने तेजस्वी यादव, संजय यादव समेत चार लोगों के खिलाफ माई बहिन योजना में 200 रुपये की वसूली को लेकर एफआईआर दर्ज कराई. इस मामले को लेकर राजद ने कर्पूरी चौक पर एक दिवसीय महाधरना आयोजित किया, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री अली असरफ फातमी समेत कई नेता शामिल हुए.

## तेजस्वी की अगुवाई में महागठबंधन की 'बिहार अधिकार यात्रा' शुरू, कहा

# नए संकल्प के साथ यात्रा की शुरुआत

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर महागठबंधन ने मंगलवार से अपनी नई राजनीतिक मुहिम 'बिहार अधिकार यात्रा' शुरू कर दी है. इस यात्रा का नेतृत्व आरजेडी के प्रमुख तेजस्वी यादव कर रहे हैं. तेजस्वी यादव ने बताया कि यह यात्रा नये संकल्प और नयी उम्मीदों के साथ शुरू की गई है. इसके जरिए उन जिलों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है, जिन्हें अब तक महागठबंधन की पिछली यात्राओं में कवर नहीं किया गया था. 'बिहार अधिकार यात्रा' का मुख्य उद्देश्य बिहार को एक नया और बेहतर राज्य बनाना है. इस यात्रा के दौरान बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी जैसे गंभीर समस्याओं को दूर करने का संकल्प लिया जाएगा. इसके साथ ही किसानों, मजदूरों के सम्मान, महिलाओं की सुरक्षा और बिहार में उद्योग-धंधे बढ़ाने के मुद्दों को प्रमुखता दी जाएगी. यात्रा की शुरुआत जहानाबाद जिले से हुई, जबकि मंगलवार शाम को नालंदा जिले में कार्यक्रम प्रस्तावित है. इस यात्रा के जरिए उन सभी जिलों से संपर्क किया जाएगा जो पिछली यात्राओं में छूट गए थे. पूर्णिया की जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से घुसपैठिए के मुद्दे को उठाए जाने पर तेजस्वी यादव ने इसे चुनावी मुद्दों से ध्यान भटकाने वाला बताया. उन्होंने कहा, ₹घुसपैठिए को रोकने और भगाने से कौन रोक रहा है? आप 11 साल से केंद्र की सरकार में हैं और बिहार में 20 साल से सत्ता में हैं, फिर ये घुसपैठिए कहां से आ गए?₹ तेजस्वी ने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि आखिर ये घुसपैठिए कौन हैं और किसने उन्हें चिन्हित किया है. उनका कहना था कि झारखंड में भी चुनाव के दौरान यह मुद्दा उठा, लेकिन अब वह खत्म हो गया है. असल मुद्दा शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई है, न कि चुनावी बयानबाजी.

तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी की पार्टी के मंत्रियों द्वारा पत्रकारों पर हो रहे हमलों की भी कड़ी आलोचना की. उन्होंने कहा कि सवाल पूछने पर पत्रकारों को गालियां दी जाती हैं और यहां तक कि मारपीट भी होती है. हालांकि, ऐसे मामलों में आरोपियों के खिलाफ कोई मुकदमा नहीं हो पा रहा है, जिसके लिए नेता प्रतिपक्ष को थाने तक जाना पड़ रहा है. तेजस्वी ने आरोप लगाया कि पहले पत्रकारों के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट होती है, फिर उनके समर्थन में खड़े लोगों के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज करवाए जाते हैं. तेजस्वी यादव ने कहा कि बिहार अधिकार यात्रा नए संकल्पों के साथ शुरू की गई है, जिसका उद्देश्य बिहार में विकास की नई राह बनाना है. बेरोजगारी, महंगाई, गरीबी को हटाना, किसानों और मजदूरों को सम्मान देना, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और बिहार में उद्योग-धंधों का विस्तार करना इस यात्रा के मुख्य एजेंडे में शामिल हैं. महागठबंधन की यह यात्रा बिहार के उन हिस्सों को भी जोड़ने 0का काम करेगी जहां पहले ध्यान नहीं दिया गया. तेजस्वी यादव ने इसे बिहार के विकास और न्याय की लड़ाई बताया है, जिसमें जनता का समर्थन सबसे बड़ी ताकत होगी. इस यात्रा के माध्यम से महागठबंधन का प्रयास है कि वे बिहार के लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याएं समझें और चुनाव के समय सही दिशा में कदम बढ़ाएं. तेजस्वी यादव का मानना है कि बिहार के लोगों की उम्मीदों और आकांक्षाओं को पूरा करना उनकी सरकार की प्राथमिकता होगी. बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले महागठबंधन की यह यात्रा चुनावी परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है. तेजस्वी यादव की बिहार अधिकार यात्रा नए संकल्पों और विकास की दिशा में बिहारवासियों को जोड़ने का प्रयास है. इस यात्रा के दौरान महंगाई, बेरोजगारी, किसानों के मुद्दे, महिलाओं की सुरक्षा और उद्योग विकास पर जोर दिया जाएगा, जिससे बिहार का एक नया और मजबूत राजनीतिक परिदृश्य उभर सके.

### रिश्वत लेते चपरासी को किया गिरफ्तार

**रोहतास।** बिक्रमगंज अनुमंडल कार्यालय में तैनात चपरासी विनोद कुमार ठाकुर को एक लाख 16 हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया. आरोपी ने जमीन विवाद निपटाने के नाम पर रिश्वत मांग रहा था. मिली जानकारी के अनुसार, विनोद कुमार बिक्रमगंज के धनगांई गांव के राकेश कुमार ठाकुर से 1.60 लाख रुपए की रिश्वत मांग रहा था. शिकायत मिलने के बाद निगरानी विभाग ने जाल बिछाकर ट्रैप ऑपरेशन चलाया, जिसमें चपरासी को रिश्वत लेते पकड़ लिया गया. गिरफ्तारी के बाद उसे पटना निगरानी की विशेष अदालत में पेश किया जाएगा. निगरानी विभाग के डीएसपी नरेंद्र कुमार ने बताया कि इस कार्रवाई से साफ हो गया है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है. रोहतास जिले में पिछले दो-तीन महीनों में यह सातवीं बड़ी कार्रवाई है. निगरानी विभाग और सीबीआई के लगातार शिकंजा कसने से सरकारी दफ्तरों में हड़कंप मचा हुआ है.

## बांका में बदुआ नदी तट पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट कार्य को मिली मंजूरी

# परियोजना पर 14.99 करोड़ रु खर्च होंगे

**शुभम संदेश। पटना**



बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बांका जिले के शंभूगंज प्रखंड के तिलडीहा गांव में स्थित प्रसिद्ध माँ दुर्गा मंदिर के पास बदुआ नदी तट पर रिवर फ्रंट डेवलपमेंट और पक्का निर्माण कार्य को मंजूरी दे दी है. इस महत्वाकांक्षी परियोजना पर लगभग 14 करोड़ 99 लाख 74 हजार रुपये खर्च किए जाएंगे. सम्राट चौधरी ने बताया कि अगले 10 दिनों के भीतर निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा. सम्राट चौधरी ने कहा कि यह योजना बाढ़ नियंत्रण के साथ-साथ मंदिर और आसपास के क्षेत्र के धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व को बढ़ाने में भी अहम भूमिका निभाएगी. बदुआ नदी, जो बांका और मुंगेर की सीमा पर बहती है, हर साल बाढ़ का खतरा उत्पन्न करती है, जिससे तिलडीहा गांव और मां दुर्गा मंदिर को नुकसान उठाना पड़ता है. इस योजना के तहत नदी के किनारे पक्के बंध और सुरक्षा दीवारें बनाई जाएंगी, जिससे मंदिर और ग्रामीण क्षेत्र सुरक्षित रहेंगे.

परियोजना में नदी तट का सौंदर्यीकरण और पर्यटन विकास भी शामिल है. आधुनिक और सुरक्षित सीढ़ी घाट, हरित क्षेत्र, सजावटी लाइटिंग, बैठने की व्यवस्था, नदी किनारे पैदल पथ एवं जॉगिंग ट्रैक बनाए जाएंगे. साथ ही, नदी की सफाई और कचरा प्रबंधन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को स्वच्छ वातावरण में पूजा-अर्चना और स्नान की सुविधा मिलेगी. उपमुख्यमंत्री ने बताया कि नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालु बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश समेत अन्य राज्यों से तिलडीहा आते हैं. इस रिवर फ्रंट विकास से न केवल श्रद्धालुओं के लिए एक आकर्षक स्थल बनेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे. सम्राट चौधरी ने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार धार्मिक पर्यटन को तेजी से बढ़ावा दे रही है. हाल ही में गृहमंत्री अमित शाह ने सीतामढ़ी में करीब 1 हजार करोड़ रुपये की योजना के तहत पुनौराधाम मंदिर का शिलान्यास किया है. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने वैशाली में 550 करोड़ रुपये की लागत से बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय-सह-स्मृति स्तूप का उद्घाटन भी किया है.

## न्यूज अपडेट

### नीतीश कुमार ने 12वीं पास छात्रों के लिए दी बड़ी सौगात

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों के लिए बड़ी खुशखबरी दी है. बिहार सरकार की 07 निश्चय योजना के तहत 2 अक्टूबर 2016 से लागू बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना में अब कई महत्वपूर्ण सुधार किए गए हैं. इस योजना के अंतर्गत छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए अधिकतम 4 लाख रुपए तक का शिक्षा ऋण ले सकते हैं. पहले इस योजना के तहत सामान्य आवेदकों को 4 प्रतिशत ब्याज दर पर और महिला, दिव्यांग, ट्रांसजेंडर छात्रों को मात्र 1 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण मिलता था. लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में घोषणा की है कि अब स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत दिए जाने वाले सभी शिक्षा ऋण पूरी तरह से ब्याज मुक्त होंगे. इसके साथ ही ऋण वापसी की अवधि में भी विस्तार किया गया है. पहले 2 लाख रुपए तक के शिक्षा ऋण को 60 मासिक किस्तों (5 वर्ष) में चुकाने का प्रावधान था, जिसे बढ़ाकर अब 84 मासिक किस्तें (7 वर्ष) कर दिया गया है. वहीं 2 लाख रुपए से ऊपर के ऋण को 84 मासिक किस्तों (7 वर्ष) से बढ़ाकर अधिकतम 120 मासिक किस्तों (10 वर्ष) में वापस किया जा सकेगा. नीतीश कुमार ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि बिहार के अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करें. शिक्षा ऋण में दी गई इन नई सुविधाओं से छात्रों को मनोबल मिलेगा और वे बेहतर भविष्य की ओर कदम बढ़ा सकेंगे.

### बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की चुनाव समिति में सारण के नदीम अख्तर अंसारी को मिली जगह

**छपरा।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश चुनाव समिति का गठन कर दिया है. पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार समिति में 39 सदस्य शामिल किए गए हैं. इस सूची में सारण जिला कांग्रेस कमिटी के वरिष्ठ नेता नदीम अख्तर अंसारी को भी स्थान दिया गया है. नदीम अख्तर अंसारी लंबे समय से कांग्रेस संगठन में सक्रिय रहे हैं. वे सारण जिला कांग्रेस कमिटी में जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता और प्रदेश प्रतिनिधि के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं. संगठनात्मक अनुभव और जमीनी पकड़ के कारण उन्हें प्रदेश चुनाव समिति में शामिल किया गया है. कांग्रेस नेताओं का कहना है कि अंसारी के शामिल होने से सारण और आसपास के जिलों में पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा. पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने भरोसा जताया है कि वे आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों में अहम योगदान देंगे.

### जदयू प्रदेश महासचिव रवि कुमार बोले-मील का पत्थर साबित होगा उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ब्याज मुक्त ऋण

**भागलपुर।** जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव रवि कुमार ने मंगलवार को एक प्रेस बयान जारी कर कहा कि स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड के नियमों में बदलाव कर ब्याजमुक्त ऋण और ऋण वापसी के समय सीमा को बढ़ाने के फैसले को उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बड़ा ऐतिहासिक फैसला बताया है. उन्होंने कहा कि बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना के तहत अब छात्रों को दिया जाने वाला शिक्षा ऋण पूरी तरह ब्याजमुक्त होगा. यह योजना 07 निश्चय कार्यक्रम के अंतर्गत 2 अक्टूबर 2016 से लागू है, लेकिन इस बार किए गए बदलाव से लाखों छात्रों को सीधा लाभ मिलेगा. पहले इस योजना में सामान्य आवेदक को 4 प्रतिशत और महिला, दिव्यांग एवं ट्रांसजेंडर छात्रों को प्रतिशत ब्याज पर अधिकतम 4 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाता था. अब यह सभी के लिए पूरी तरह ब्याजमुक्त होगा. अब 2 लाख रुपये तक का ऋण अब 60 मासिक किस्तों की जगह 84 मासिक किस्तों में चुकाया जाएगा. 2 लाख से अधिक का ऋण 84 मासिक किस्तों की जगह 120 मासिक किस्तों में चुकाने का प्रावधान होगा. जदयू नेता रवि कुमार ने कहा कि उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह निर्णय उच्च शिक्षा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा. अब गरीब परिवार के बच्चे भी डिप्लोमा, इंजीनियरिंग, नर्सिंग, मैनेजमेंट, आईटी, मीडिया, फार्मेसी, एग्रीकल्चर जैसे प्रोफेशनल कोर्स की पढ़ाई कर सकेंगे. बिहार का बच्चा मजदूर नहीं, बल्कि अच्छे पदों पर सम्मानजनक नौकरी करेगा. रवि कुमार ने कहा कि इस फैसले से न सिर्फ उच्च शिक्षा को बढ़ावा मिला.

## कारोबार

### भारत के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में 4.9 फीसदी की बढ़ोतरी

**कोलकाता।** अमेरिकी संरक्षणवादी नीतियों और व्यापार युद्ध के बावजूद, अगस्त 2025 में भारत के इंजीनियरिंग सामानों के निर्यात में 4.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई है. इस महीने भारत का इंजीनियरिंग निर्यात 9.90 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 9.44 अरब डॉलर था. चालू वित्त वर्ष 2025-26 के पहले पांच महीनों (अप्रैल से अगस्त) में निर्यात 5.84 प्रतिशत बढ़कर 49.24 अरब डॉलर हो गया है.

### 22 सितंबर से ऑनलाइन फूड के डिलीवरी चार्ज पर लगेगा 18% जीएसटी

**नयी दिल्ली।** आगामी 22 सितंबर 2025 से ऑनलाइन फूड डिलीवरी और भी महंगी हो जाएगी, क्योंकि सरकार ने अब डिलीवरी चार्ज पर 18% जीएसटी लगाने का फैसला किया है. इसका मतलब है कि जितने का भी ऑर्डर होगा, उसके साथ डिलीवरी चार्ज पर अलग से 18 फीसदी टैक्स देना होगा. फिलहाल, ये कंपनियां पहले से ही हर ऑर्डर पर प्लेटफॉर्म शुल्क वसूल रही हैं. हाल ही में त्योहारों से पहले इन शुल्कों में भी इजाफा किया गया है.

### सुजलॉन को टाटा पावर से 838 मेगावाट का बड़ा ऑर्डर

**नयी दिल्ली।** सुजलॉन एनर्जी के शेयर मंगलवार को 1.77% की तेजी के साथ 59.10 रुपये पर पहुंच गए. यह तेजी कंपनी को मिले एक बड़े ऑर्डर के कारण आई है. टाटा पावर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने सुजलॉन को वित्त वर्ष 2026 के लिए 838 मेगावाट का दूसरा सबसे बड़ा ऑर्डर दिया है. इस प्रोजेक्ट के तहत सुजलॉन 266 'मेड इन इंडिया' एस144 विंड टर्बाइन लगाएगी, जिनकी क्षमता हर एक 3.15 मेगावाट होगी. यह ऑर्डर टाटा पावर के फर्म एंड डिस्पैचेबल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट का हिस्सा है, जिसे तीन राज्यों—कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में पूरा किया जाएगा.

## रिलायंस रिटेल 2027 में आएगी शेयर बाजार में, 200 अरब डॉलर वैल्यूएशन की उम्मीद

# जियो का आईपीओ 2026 में संभावित

**एजेंसी। नयी दिल्ली**




भारत और एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी अपनी कंपनियों को शेयर बाजार में लिस्ट कराने की बड़ी योजना पर काम कर रहे हैं. रिलायंस इंडस्ट्रीज की दो प्रमुख इकाइयों रिलायंस जियो और रिलायंस रिटेल का आईपीओ क्रमशः 2026 और 2027 में आने की संभावना है. रिपोर्ट के अनुसार, रिलायंस रिटेल का आईपीओ जियो के आईपीओ के एक साल बाद लॉन्च किया जाएगा. रिलायंस रिटेल की लिस्टिंग के समय इसकी वैल्यूएशन करीब 200 बिलियन डॉलर (लगभग 16.6 लाख करोड़ रुपये) तक हो सकती है. हाल ही में रिलायंस की सालाना आम बैठक में मुकेश अंबानी ने कहा था कि रिलायंस जियो को 2026 की पहली छमाही में शेयर बाजार में लिस्ट किया जाएगा. ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म गोल्डमैन सैश का अनुमान है कि जियो की एंटरप्राइज वैल्यू एक बुल-केस परिदृश्य में 154 बिलियन डॉलर तक जा सकती है. अन्य ब्रोकरेज फर्म जैसे जेफरीज ने इसकी वैल्यू 146 अरब डॉलर, मैक्वेरी ने 123 अरब डॉलर और एमके ने 121 अरब डॉलर आंकी है. विश्लेषकों का मानना है कि जियो की लिस्टिंग के बाद इसकी वैल्यू 134 से 146 बिलियन डॉलर (लगभग 11.2–12.2 लाख करोड़ रुपये) के बीच हो सकती है. इससे यह भारत की टॉप पांच लिस्टेड कंपनियों में शुमार हो जाएगी.

रिलायंस रिटेल ने आईपीओ से पहले अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं. कंपनी अपने फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स यूनिट– रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स को अलग कर चुकी है, जो अब पैरेंट कंपनी की डायरेक्ट सब्सिडियरी होगी. इसके अलावा, कंपनी कुछ कमजोर प्रदर्शन करने वाले स्टोर्स को बंद करने की प्रक्रिया में है, ताकि मुनाफा और परिचालन दक्षता बढ़ाई जा सके. रिलायंस रिटेल के तहत कई फॉर्मेट्स काम कर रहे हैं, जिनमें रिलायंस स्मार्ट, फ्रेशपिक, रिलायंस डिजिटल, जियोमार्ट, रिलायंस ट्रेंड्स, 7-इलेवन और रिलायंस ज्वेल्स शामिल हैं. सूत्रों के अनुसार, कुछ फॉर्मेट्स को मर्ज करने पर भी विचार चल रहा है, हालांकि इस पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है. इस आईपीओ के जरिए जीआईसी (सिंगापुर), अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, केकेआर, पीटीजी और सिल्वर लेक जैसे बड़े निवेशकों को एग्जिट करने का मौका मिलेगा. इससे यह आईपीओ केवल आम निवेशकों के लिए ही नहीं, बल्कि प्रमुख वैश्विक संस्थागत निवेशकों के लिए भी अहम होगा. सोमवार को दोपहर 3:15 बजे, बीएसई पर रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 0.48% की तेजी के साथ 1,406 रुपये पर ट्रेड कर रहा था. बीते छह महीनों में यह स्टॉक 13% चढ़ा है, जो निवेशकों के भरोसे को दर्शाता है. रिलायंस इंडस्ट्रीज की यह रणनीति भारतीय शेयर बाजार के लिए एक बड़ा मोड़ साबित हो सकती है. जहां जियो का आईपीओ भारत का अब तक का सबसे बड़ा पब्लिक इश्यू हो सकता है, वहीं रिटेल बिजनेस की 200 अरब डॉलर की संभावित वैल्यूएशन इसे ग्लोबल रिटेल दिग्गजों की कतार में खड़ा कर सकती है. आने वाले दो वर्षों में ये दोनों लिस्टिंग्स बाजार को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकती हैं.

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड आज भारत ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक बन चुकी है. मुकेश अंबानी के नेतृत्व में यह कंपनी तेल, रिटेल और टेलीकॉम सेक्टर में नंबर वन बन चुकी है. लेकिन इसका सफर बेहद साधारण शुरुआत से शुरू हुआ था. रिलायंस की कहानी 1960 में शुरू हुई, जब धीरूभाई अंबानी ने अपने कजिन चंपकलाल दमानी के साथ सिर्फ 1000 रुपये की पूंजी से एक टेक्सटाइल ट्रेडिंग कंपनी शुरू की. इससे पहले, धीरूभाई ने गरीबी के कारण स्कूल छोड़ दिया था और पकोड़े बेचने लगे थे. यमन के अदन शहर में उन्होंने 300 रुपये महीने की नौकरी भी की थी. लेकिन उनका सपना बड़ा था. भारत लौटने के बाद उन्होंने रिलायंस की नींव रखी और कंपनी आगे बढ़ी.

## सेल | सीएमडी अमरेंदु प्रकाश ने इस्पात उद्योग की चुनौतियों के बीच दृढ़ता पर दिया जोर

# कंपनी ने साझा किया हरित भविष्य और डिजिटल परिवर्तन का रोडमैप

**शुभम संदेश। नयी दिल्ली**




स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ने नई दिल्ली स्थित चिन्मया मिशन में अपनी 53वीं वार्षिक आम बैठक का आयोजन किया. वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) अमरेंदु प्रकाश ने कंपनी की मजबूती, परिवर्तन की दिशा और भविष्य के लिए तैयार रणनीतियों को साझा किया.

सीएमडी ने कहा कि इस्पात की तरह सेल भी वर्षों से चुनौतियों का सामना करते हुए और अनुभवों से मजबूत बनकर उभरा है. "सेल न केवल भारत की विकास यात्रा की साक्षी है, बल्कि उसका सक्रिय भागीदार भी है," उन्होंने कहा.

उन्होंने जोर दिया कि बुनियादी ढांचा, रेलवे, रक्षा और ऊर्जा जैसे विविध क्षेत्रों के लिए इस्पात की आपूर्ति करते हुए, सेल देश के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. कंपनी की आगे की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय इस्पात नीति 2017 के तहत सेल ने अपनी अगली विकास यात्रा की शुरुआत कर दी है. इस यात्रा का केंद्र हरित प्रौद्योगिकियां, स्मार्ट लॉजिस्टिक्स, डिजिटलीकरण, ग्राहक-केंद्रित समाधान और जनशक्ति होगी. उन्होंने कहा कि ₹सेल का इस्पात भारत की विकास गाथा के केंद्र में है.₹ ग्रीन स्टील की दिशा में सेल की पहल का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि कंपनी हाइड्रोजन आधारित स्टील निर्माण, कार्बन कैप्चर, बायोचार इंजेक्शन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसी तकनीकों पर कार्य कर रही है. भविष्य की तैयारी के तहत, सेल ने दो प्रमुख परिवर्तनकारी कार्यक्रम शुरू किए हैं, 'प्रवर्तनम' (डिजिटल परिवर्तन) और 'सेल दर्पण' (एचआर परिवर्तन). इनका उद्देश्य संयंत्रों और खदानों में आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करना है. प्रकाश ने भरोसा जताया कि सेल दृढ़ता, दूरदृष्टि और सामर्थ्य के साथ आने वाले कल में नई ऊंचाइयों को छुएगा.

### रॉयल एनफील्ड ने लॉन्च किया अपडेटेड मेटियोर 350

**नयी दिल्ली।** रॉयल एनफील्ड, जो मिड-साइज़ मोटरसाइकिल में ग्लोबल लीडर है, उसने आज भारत में बिल्कुल नया और अपडेटेड मेटियोर 350 लॉन्च किया. सुनहरे सूरज का समय हो या घुमावदार हाइवे हो. सभी आरामदायक सफ़र के लिए बनाई गई मेटियोर 350 अपने खास क्रूज़र डिजाइन, स्टाइल, स्मूथ परफॉर्मेंस और आरामदायक राइडिंग के साथ मिड-साइज़ क्रूज़र सेगमेंट में अव्वल है.वर्ष 2020 में लॉन्च हुई मेटियोर 350 लंबे सफ़र और शहर की आसान यात्राओं के लिए एक भरोसेमंद और आरामदायक बाइक के रूप में जानी जाती है. अपने नए रूप में यह बाइक फायरबॉल, स्टेलर, ऑरोरा और सुपरनोवा वेरिएंट्स में सात नए शानदार रंगों और नए फीचर्स के साथ उपलब्ध है.20.2 बीएचपी @6100 आरपीएम की अधिकतम शक्ति और 27 एनएम @4000 आरपीएम का अधिकतम टॉर्क देने वाले लोकप्रिय 349 सीसी एयर-कूल्ड जे-सीरीज़ इंजन द्वारा संचालित, 2025 मेट्योर 350 अपनी पूरी रेंज में कई मानक अपग्रेड के साथ आता है. इन अपग्रेड में एलईडी हेडलैंप, ट्रिपर पॉड, एलईडी टर्न इंडिकेटर्स, यूएसबी टाइप-सी फास्ट-चार्जिंग पोर्ट, असिस्ट-एंड-स्लिप क्लच और एडजस्टेबल लीवर शामिल हैं. फायरबॉल और स्टेलर वेरिएंट में अब एलईडी हेडलैंप और ट्रिपर पॉड मानक के रूप में मिलते हैं, जबकि मेट्योर 350 सुपरनोवा और ऑरोरा वेरिएंट में एडजस्टेबल लीवर मानक रूप से उपलब्ध हैं, जिससे यह टॉप-ऑफ-द-लाइन वेरिएंट पूरी तरह से सुविधाओं से भरपूर और आज इस सेगमेंट में उपलब्ध एक बेहतरीन टूरिंग क्रूज़र बन गया है.

## पेज एक का शेष

### भारतीय कर्म और कौशल की परंपरा...

मेरे गांव के लुहार स्व. जयप्रकाश काका गुणों की खान थे. गृहस्थ जीवन के लिए अपेक्षित सभी उपकरण निर्माण के साथ ही वे तबला, सारंगी, ढोलक,पखावज सहित वाद्य यंत्र स्वयं बनाते थे. बनाने के साथ ही बजाने में भी महारत हासिल थी और उनकी उंगलियां सबपर समान थिरकतीं थीं.

आज सर्वाधिक बेरोजगारी अकुशल-अर्द्धकुशल के क्षेत्र में है. कोई भले बीए-एमए पास कर लिया हो, कर्म और कौशल युक्त नहीं है, तो बेकार है. यहां पत्थर काटनेवाला भी बुद्ध को कर्म की महत्ता बताता है. भारतीय समाज ने श्रम की महत्ता के साथ-साथ इसके अधिष्ठाता भगवान विश्वकर्मा को सर्वथा सृष्टि का सर्जक माना है. हर वर्ष 17 सितंबर को सभी भेद-भाव का त्याग कर सभी उत्पादक परिक्षेत्र के मजदूर, कार्मिक जाति-धर्म का भेदभाव भुला भगवान विश्वकर्मा की पूजा करते हैं. बहुत लोग उस दिन काम में लगे औजार नहीं छूते. यही अवसर है, जब सारे भेद मिट जाते हैं.

वर्तमान सरकार ने इस सेक्टर की मलिन हो रही क्षमता को पुरातन सम्मान दिलाने के लिए 18 महात्वाकांक्षी प्रोजेक्ट के तहत युवा उद्यमियों को विश्वकर्मा सेक्टर के तहत भरपूर समर्थन दे रही है, ताकि यह बृहद उत्पादक समाज सृजन की कुशलता को जमीन पर उतारे और राष्ट्र को श्री संपन्न बनाये. प्रत्येक कारखाने से जुड़ा इंटर्नशिप, कौशल विकास, इंटरप्राइजेज और स्टार्टअप इसी के आयाम हैं. आज भारत का विश्वकर्मा समाज अर्थात योग कर्मसु कौशलम् फिर बिखरे संसाधन को समेटे तेजी से इकोनॉमिक समृद्धि को छू रहा है. करोड़ों अकुशल-अर्द्धकुशल हाथों को उत्पादक बनाने में ये उपक्रम सार्थक सिद्ध होंगे.

### सशक्त, सनातन और विकसित भारत के ...

जनजाति गौरव दिवस को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता मिली है और पीएम जन मन योजना ने जनजाति समाज के सर्वांगीण विकास को गति दी है.

75 वर्ष की आयु पार करते हुए भी मोदी जी में हनुमान जैसी शक्ति है, जिन्होंने रामकाज किए बिना विश्राम नहीं किया. आज उनकी सेवा ही भारत का रामकाज है-आत्मनिर्भर, विकसित और स्वाभिमानी भारत का निर्माण.झारखंड की जनता की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं और ईश्वर से उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना. हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व में भारत का स्वप्न—सशक्त, विकसित और आत्मनिर्भर भारत—जल्द ही साकार होगा.

**(-लेखक झारखंड भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष हैं)**

# बॉयकॉट की चेतावनी, 'नो हैंडशेक' विवाद पर आईसीसी ने पीसीबी की मांग ठुकराई

एजेंसियां । नई दिल्ली



एशिया कप 2025 के दौरान 'नो हैंडशेक विवाद' को लेकर शुरू हुआ विवाद और गंभीर हो गया है. पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड द्वारा मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाने की मांग को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने औपचारिक रूप से खारिज कर दिया है. अब यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान टीम इस फैसले के बाद क्या रुख अपनाती है.

**कहां से शुरू हुआ विवाद :** दरअसल, मामला भारत-पाकिस्तान मैच के बाद शुरू हुआ जब भारत को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा. मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाया, जिससे पीसीबी नाराज हो गया. बोर्ड ने आरोप लगाया कि मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट ने पाकिस्तान कप्तान सलमान अली आगा को टॉस के समय भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से हाथ मिलाने से रोक दिया था.

**पीसीबी ने रेफरी को हटाने की रखी थी मांग :** पीसीबी ने इस घटनाक्रम को गंभीरता से लेते हुए एंडी पाइक्रॉफ्ट की एशिया कप से तत्काल हटाने की मांग की थी. साथ ही यह भी धमकी दी थी कि अगर आईसीसी ने उनकी मांग नहीं मानी, तो वे टूर्नामेंट से बॉयकॉट कर लेंगे और 17 सितंबर को यूएई के खिलाफ होने वाला मैच नहीं खेलेंगे.

**आईसीसी का स्पष्ट जवाब :** हालांकि, आईसीसी ने पीसीबी की मांग को सिरे से खारिज कर दिया है. पीटीआई को आईसीसी के सूत्रों ने बताया कि मैच रेफरी एंडी पाइक्रॉफ्ट को हटाया नहीं जाएगा. उनके निर्देश व्यक्तिगत नहीं थे. आईसीसी के अनुसार, एशियन क्रिकेट काउंसिल के ग्राउंड स्टाफ ने पहले ही रेफरी को सूचित कर दिया था कि टॉस पर हैंडशेक की अनुमति नहीं होगी, इसलिए पाइक्रॉफ्ट ने वही निर्देश टीमों को दिए. आईसीसी ने यह भी साफ किया कि रेफरी का आचरण प्रोटोकॉल के अनुसार था, न कि पक्षपात पूर्ण.

**अगर पाकिस्तान करता है बॉयकॉट तो :** अगर पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट का बॉयकॉट करती है और यूएई के खिलाफ नहीं खेलती, तो इसका सीधा फायदा यूएई को मिलेगा, जो सुपर-4 चरण के लिए क्वालीफाई कर सकती है. दूसरी ओर, पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी, क्योंकि उसके खाते में सिर्फ 2 अंक हैं, जो उसने दो मैचों में से एक जीतकर अर्जित किए हैं. आईसीसी के इस निर्णय से साफ है कि वह नियमों और आयोजकों के निर्देशों के तहत काम कर रही है और किसी भी दबाव में आने को तैयार नहीं. अब सबकी निगाहें पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड और टीम के अगले कदम पर टिकी हैं – क्या वे मैदान में उतरेंगे या वाकई में टूर्नामेंट से किनारा कर लेंगे?

**विवाद पर बीसीसीआईका पलटवार – ये सिर्फ सद्भावना का इशारा, कोई अनिवार्य नियम नहीं**

एशिया कप 2025 में भारत की पाकिस्तान पर सात विकेट से शानदार जीत के बाद खड़ा हुआ'नो हैंडशेक' विवाद अब नया मोड़ ले चुका है. मैच के बाद भारतीय खिलाड़ियों द्वारा पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ न मिलाने को लेकर जहां पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नाराजगी जताई थी, वहीं अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इस पर अपनी चुप्पी तोड़ी है. बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने न्यूज एजेंसी पीटीआई से बातचीत में स्पष्ट किया कि "मैच के बाद हाथ मिलाना कोई अनिवार्य नियम नहीं है, बल्कि यह सिर्फ सद्भावना दिखाने का तरीका (गुडविल जेस्टर)है."

उन्होंने आगे कहा कि भारतीय टीम का व्यवहार नियमों के खिलाफ नहीं था और खिलाड़ियों ने खेल भावना के अनुरूप ही बर्ताव किया. यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब पीसीबी ने इस मामले में एसीसी और आईसीसी से आधिकारिक शिकायत की है.बीसीसीआई के बयान से यह साफ हो गया है कि बोर्ड इस विवाद को बढ़ावा नहीं देना चाहता.

**शहीदों को समर्पित थी जीत, सुपर-4 और फाइनल में भी 'नो हैंडशेक' जारी रह सकता है टीम इंडिया का स्पष्ट संदेश:** एशिया कप 2025 में भारत की पाकिस्तान पर जीत के बाद 'नो हैंडशेक' विवाद के बीच टीम इंडिया के रुख में कोई नरमी नहीं दिखाई दे रही है. सूत्रों के मुताबिक, अगर सुपर-4 या फाइनल में फिर से पाकिस्तान से मुकाबला होता है, तो भारतीय खिलाड़ी हाथ नहीं मिलाएंगे. मैच के बाद कप्तान सूर्यकुमार यादव ने स्पष्ट किया कि यह कदम खेल भावना के विरुद्ध नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद 26 निर्दोषों को श्रद्धांजलि देने और उनके परिजनों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए था. उन्होंने कहा, कुछ चीजें खेल भावना से भी ऊपर होती हैं. यह जीत हमारे शहीदों को समर्पित है. हेड कोच गौतम गंभीर ने भी इस निर्णय का समर्थन किया. उनका हमेशा से मानना रहा है कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन करता है, तब तक खेल संबंध सामान्य नहीं हो सकते. टीम प्रबंधन और बीसीसीआईकी सहमति के बाद ही खिलाड़ियों को यह निर्देश दिया गया था.

---

### ग्लेन मैक्सवेल, विक्टोरिया टीम में शामिल

## वनडे से संन्यास के बाद भी 50 ओवर फॉर्मेट में लौटे

एजेंसियां । मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने भले ही इस साल की शुरुआत में वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया हो, लेकिन वह अब एक बार फिर 50 ओवर फॉर्मेट में खेलते नजर आएंगे. टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज़ की तैयारी के तहत मैक्सवेल को विक्टोरिया की ओर से डीन जोन्स ट्रॉफी के पहले दो मुकाबलों के लिए टीम में शामिल किया गया है. विक्टोरिया टीम बुधवार को क्वींसलैंड और शुक्रवार को तस्मानिया के खिलाफ एलेन बॉर्डर फील्ड में भिड़ेगी.36 वर्षीय मैक्सवेल ने मार्च 2022 के बाद से विक्टोरिया के लिए केवल एक लिस्ट ए मैच खेला है, जो पिछले साल अक्टूबर में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ था.

टीम में मैट शॉर्ट की भी वापसी हुई है, जो चोट के कारण जुलाई से मैदान से बाहर थे. वे मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) खेलने के बाद पहली बार प्रतिस्पर्धात्मक क्रिकेट में उतरेंगे. टीम के नियमित कप्तान विल सदरलैंड पहले मैच के बाद इंडिया ए दौरे के लिए रवाना होंगे, जिसके बाद पीटर हैंड्सकॉम्ब कप्तानी संभालेंगे. युवा खिलाड़ी ऑलिवर पीक और स्पिनर टॉड मर्फी फिलहाल इंडिया ए दौरे पर हैं और इस सीरीज़ का हिस्सा नहीं होंगे. हैरी डिक्सन और सैम इलियट दोनों मैचों के बाद भारत रवाना होंगे, जहां वे ऑस्ट्रेलिया ए की ओर से 30 सितंबर से कानपुर में होने वाले 50 ओवर के मैच खेलेंगे.

**क्वींसलैंड की कमान लाबुशेन के हाथों में :** क्वींसलैंड टीम की कप्तानी अनुभवी बल्लेबाज़ मार्नस लाबुशेन करेंगे. टीम बुधवार को विक्टोरिया और रविवार को वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी. हालांकि, तेज गेंदबाज़ ज़ेवियर बार्टलेट इंडिया ए के साथ जुड़ने के कारण उपलब्ध नहीं रहेंगे. अन्य तेज़ गेंदबाज़ मार्क स्टेकेटी (हैमस्ट्रिंग) और कैलम विडलर (स्ट्रेस फ्रैक्चर) चोटिल हैं.टेस्ट ओपनर उस्मान ख्वाजा इस सप्ताह 50 ओवर मैचों में नहीं खेलेंगे क्योंकि वे शील्ड सीज़न और आगामी एशेज सीरीज़ की तैयारियों पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं. टीम में पूर्व न्यू साउथ वेल्स ऑलराउंडर हेडन केर और अंडर-19 वर्ल्ड कप विजेता कप्तान ह्यूग वेइब्गेन डेब्यू कर सकते हैं. लैकलन हर्ने को चोटिल आरोन हार्डी की जगह ऑस्ट्रेलिया ए टीम में भी शामिल किया गया है.

**विक्टोरिया टीम :** विल सदरलैंड, पीटर हैंड्सकॉम्ब, ब्लेक मैकडॉनल्ड, कैलम स्टो, कैमरन मैकक्लर, डेविड मूडी, ग्लेन मैक्सवेल, हैरी डिक्सन, मार्कस हैरिस, मैट शॉर्ट, मिच पेरी, सैम इलियट, सैम हार्पर, टॉम रोजर्स.

---

### एशिया कप 2025 : 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' बनीं उदिता, कहा

## मजबूती के साथ वापसी करना ही मेरा लक्ष्य था

एजेसियां । नई दिल्ली



भारतीय महिला हॉकी टीम की स्टार डिफेंडरउदिताने महिला एशिया कप 2025 में शानदार प्रदर्शन कर खुद को एक बार फिर साबित कर दिया है. उन्होंने न केवल टीम को फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि अपने प्रभावशाली खेल के चलते'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट'का खिताब भी अपने नाम किया. हालांकि भारत को खिताबी मुकाबले में मेजबानचीनसे 1-4 की हार का सामना करना पड़ा और टीम को रजत पदक से संतोष करना पड़ा.

**डिफेंस के साथ अटैक में भी निभाई अहम भूमिका :** उदिता का प्रदर्शन टूर्नामेंट के हर मैच में उल्लेखनीय रहा. उन्होंने रक्षात्मक भूमिका के साथ-साथ अटैक में भी प्रभावी योगदान दिया. खासकर नियमित ड्रैग-फ्लिकरदीपिकाकी अनुपस्थिति में उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर की जिम्मेदारी संभाली औरतीन गोल दागे. सेट-पीस पर उनकी रणनीतिक समझ और सटीक निशानेबाजी ने भारत के लिए कई मौकों पर बढ़त दिलाई.

**सम्मान मिलने पर जताई खुशी :** 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुने जाने के बाद उदिता ने हॉकी इंडिया के माध्यम से अपनी भावनाएं साझा कीं. उन्होंने कहा, "यह मेरे लिए गर्व का पल है. इस साल यूरोप में हुई एफआईएच प्रो लीग से मैं बाहर रही थी, इसलिए इस अहम टूर्नामेंट में दमदार वापसी करना मेरा लक्ष्य था. मैं आभारी हूं अपनी टीम और कोचिंग स्टाफ की, जिन्होंने मुझ पर भरोसा जताया और पूरा समर्थन दिया."

**टीम के प्रदर्शन पर बोलीं – "यह हमारी प्रगति का प्रतीक" :** उदिता ने पूरे टूर्नामेंट में टीम की एकजुटता और लड़ाकूपन की सराहना की. उन्होंने कहा, "हमने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा हॉकी खेला. कोरिया और जापान जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ जीत ने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया. भले ही फाइनल हमारे पक्ष में नहीं गया, लेकिन यहसिल्वर मेडलहमारी प्रगति और मेहनत का परिणाम है. यह प्रदर्शन हमें भविष्य के लिए प्रेरणा देगा."

**भारत का एशिया कप 2025 में सफर:**

पूल चरण में भारत ने थाईलैंड को 11-0 और सिंगापुर को 12-0 से हराया.

जापान के खिलाफ मुकाबला 2-2 की बराबरी पर रहा.

सुपर-4में भारत ने कोरिया को 4-2 से हराया,

चीन से 1-4 से हारा और जापान के साथ 1-1 की ड्रॉ खेली.

इन परिणामों के आधार पर भारत फाइनल में पहुंचा, जहां उसे चीन से हार का सामना करना पड़ा.

**टीम को समर्पित किया सम्मान:** उदिता ने अपने व्यक्तिगत सम्मान को टीम को समर्पित करते हुए कहा, "व्यक्तिगत पुरस्कार हमेशा खास होते हैं, लेकिन यह पूरी टीम की मेहनत और प्रतिबद्धता का नतीजा है. हर खिलाड़ी ने योगदान दिया और मुझे गर्व है कि मैं इस मेहनती और समर्पित दल का हिस्सा हूं. हम इस अनुभव से सीखेंगे और आगे और बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार रहेंगे." उदिता का यह प्रदर्शन न केवल उनके व्यक्तिगत करियर के लिए मील का पत्थर है, बल्कि भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए भी आशाजनक संकेत है. उनकी वापसी, नेतृत्व और खेल के प्रति समर्पण आने वाले समय में टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकता है. एशिया कप 2025 भले ही भारत के लिए स्वर्णिम न रहा हो, लेकिन यह टूर्नामेंट भविष्य के लिए मजबूत नींव ज़रूर बन गया.

---

## जे स्टेसी बने वेदांता कलिंगा लांसर्स के नए मुख्य कोच

एजेंसियां । भुवनेश्वर



हीरो हॉकी इंडिया लीग के आगामी सत्र से पहले वेदांता कलिंगा लांसर्स ने अपनी कोचिंग टीम में बड़ा बदलाव करते हुए ऑस्ट्रेलिया के महान हॉकी खिलाड़ी जे स्टेसीको मुख्य कोच नियुक्त किया है. वे जर्मनी के वैलेंटिन अल्टनबर्ग की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले सीजन में टीम का सफल नेतृत्व किया था.

**जे स्टेसी का खिलाड़ी और कोचिंग के रूप में शानदार करियर**

जे स्टेसी का हॉकी में लंबा और सम्मानजनक सफर रहा है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के लिए 321 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं और चार ओलंपिक खेलों (1992, 1996, 2000 और 2004) में भाग लिया. उनके नामतीन ओलंपिक पदक (एक रजत और दो कांस्य), 1998 कॉमनवेल्थ गेम्सका स्वर्ण, और 1999 चैंपियंस ट्रॉफीमें स्वर्ण पदक दर्ज है. साल 1999 में उन्हें एफआईएच प्लेयर ऑफ द ईयरका सम्मान भी मिला. स्टेसी ने वर्ष 2000 में ऑस्ट्रेलिया के सबसे अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाले खिलाड़ी के रूप में संन्यास लिया.

**कोचिंग अनुभव भी है उल्लेखनीय :** खिलाड़ी के तौर पर चमकने के बाद स्टेसी ने कोचिंग में भी खुद को साबित किया है. उन्होंने ऑस्ट्रेलिया, नीदरलैंड और बेल्जियममें क्लब और राष्ट्रीय स्तर पर कोचिंग की है. वे2016 और 2017में हॉकी इंडिया लीग कीमुंबई फ्रेंचाइज़ीके कोच भी रह चुके हैं.2022 से वे ऑस्ट्रेलिया कीजूनियर टीम के मुख्य कोचकी भूमिका निभा रहे थे.

**वेदांता लांसर्स को उनसे बड़ी उम्मीदें:** वेदांता एल्यूमीनियम के सीईओ राजीव कुमारने स्टेसी की नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा, "जे स्टेसी अंतरराष्ट्रीय हॉकी के सबसे सम्मानित नामों में से एक हैं. उनके नेतृत्व में हमारी टीम खिताबी लक्ष्य के साथ-साथ खिलाड़ियों के करियर को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगी."

**भारत लौटने को लेकर उत्साहित हैं स्टेसी :** अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए जे स्टेसी ने कहा, "मैं वेदांता कलिंगा लांसर्स के साथ यह नया अध्याय शुरू करने को लेकर बेहद उत्साहित हूं. हॉकी इंडिया लीग में पहले भी काम करने का अनुभव शानदार रहा था और मुझे विश्वास है कि यह सफर भी उतना ही रोमांचक होगा. मैं भारत लौटकर एक प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने के लिए तत्पर हूं." वेदांता कलिंगा लांसर्स नेपूर्व कोच वैलेंटिन अल्टनबर्गको टीम को मजबूत बनाने और उनके शानदार नेतृत्व के लिए धन्यवाद भी दिया है.

---

## विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025: क्वालिफिकेशन दौर में भारतीय खिलाड़ियों का निराशाजनक प्रदर्शन

एजेंसियां । नई दिल्ली /टोक्यो



टोक्यो में जारी विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रदर्शन सोमवार को भी निराशाजनक रहा. लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर, महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ में पारुल चौधरी और अंकिता ध्यानी तथा 110 मीटर बाधा दौड़ में तेजस शिर्से पहले ही दौर में प्रतियोगिता से बाहर हो गए.

**लंबी कूद में चूके श्रीशंकर :** लंबी कूद में भारत की उम्मीद मुरली श्रीशंकर ने निराश किया. एक साल से अधिक समय तक घुटने की चोट से जूझने के बाद हाल ही में वापसी करने वाले श्रीशंकर ने क्वालिफिकेशन राउंड में 7.78 मीटर, 7.59 मीटर और 7.70 मीटर की छलांग लगाई. वे न तो 8.15 मीटर के स्वचालित क्वालिफिकेशन मार्क को पार कर पाए, न ही शीर्ष 12 में जगह बना सके. कुल 36 प्रतिभागियों में श्रीशंकर 25वें स्थान पर रहे. यह चौथी बार था जब उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में भाग लिया.

**महिला स्टीपलचेज़ में पारुल और अंकिता का फीका प्रदर्शन :** महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेज़ स्पर्धा में भारत की दो धाविकाओं पारुल चौधरी और अंकिता ध्यानी ने अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया. अंकिता, जिनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:31.99 सेकंड है, पहले हीट में 10वें स्थान पर रहीं और समग्र रूप से अंतिम (35वें) स्थान पर रहीं. राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी पारुल चौधरी ने 9:22.24 सेकंड का समय निकालकर दूसरे हीट में 9वें स्थान पर रहीं. समग्र सूची में वह 20वें स्थान पर रहीं, जबकि सेमीफाइनल के लिए शीर्ष 15 खिलाड़ियों को चुना गया.

---

## आईसीसी महिला वनडे रैंकिंग : मंधाना फिर बनीं नंबर -1 बल्लेबाज, वर्ल्ड कप से पहले भारत को बड़ी खुशखबरी

एजेंसियां । नई दिल्ली



इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिलने महिला वनडे खिलाड़ियों की ताज़ा रैंकिंग जारी कर दी है औरभारतीय फैंस के लिए बड़ी खुशखबरीसामने आई है. टीम इंडिया की स्टार ओपनरस्मृति मंधानाने शानदार बल्लेबाज़ी के दम पर एक बार फिरवनडे की नंबर-1 बल्लेबाजबनने का गौरव हासिल कर लिया है.

**इंग्लिश कप्तान को पीछे छोड़ा :** न्यू चंडीगढ़ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले वनडे में मंधाना ने 58 रन की अहम पारी खेली. इस प्रदर्शन से उन्हें रैंकिंग में 7 अंकों का फायदा हुआ और उन्होंने इंग्लैंड की कप्तान नैट सिवर-ब्रंटको पीछे छोड़ दिया. मंधाना के अब कुल 735 रेटिंग पॉइंट्स हैं.गौरतलब है कि वह जून-जुलाई 2025 में भी नंबर-1 बनी थीं, जबकि इससे पहले 2019 में भीउन्होंने यह स्थान हासिल किया था.

**ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को भी फायदा :** ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी तीन स्थान चढ़कर अब 5वें पायदान पर पहुंच गई हैं.एन्नाबेल सदरलैंड और फोएबे लिचफील्ड ने संयुक्त रूप से 25वें स्थान पर जगह बनाई है. भारत की ओर से प्रतिका रावल 42वें और हरलीन देओल 43वें स्थान पर पहुंच गई हैं.

---

## हार्दिक पांड्या की पर्सनल लाइफ फिर चर्चा में, अब एक्ट्रेस माहिका शर्मा संग नाम जुड़ा


एजेंसियां । नईदिल्ली

टीम इंडिया के स्टार ऑल राउंडर हार्दिक पांड्याजितना अपने क्रिकेट खेल को लेकर सुर्खियों में रहते हैं, उतनी ही उनकी पर्सनल लाइफ भी लगातार चर्चा का विषय बनी रहती है. 31 वर्षीय हार्दिक का निजी जीवन बीते कुछ वर्षों में कई उतार-चढ़ाव से गुजरा है. पत्नी नताशा स्टैंकोविक से अलगाव और फिरजैस्मिन वालिया से कथित रिश्ते के बाद अब उनका नामनई मॉडल व एक्ट्रेस माहिका शर्मा के साथ जोड़ा जा रहा है.

**मॉडलिंग और एक्टिंग में बनाया नाम:** पढ़ाई पूरी करने के बाद माहिका ने मॉडलिंग और एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा. वह रैपररागा के म्यूजिक वीडियो में दिख चुकी हैं और ऑस्कर विजेता निर्देशक ऑरलैंडो वॉन ऐनसिडेलकी डॉक्यूमेंट्री 'ईनटु द डस्क' में भी काम कर चुकी हैं. माहिका फिल्म'नरेंद्र मोदी' (2019)में भी नजर आई थीं. उन्होंने तनिष्क, वीवो, यूनिक्लो जैसे बड़े ब्रांड्स के लिए विज्ञापन किए औरमनीष मल्होत्रा, अनीता डोंगरे, रितु कुमार जैसे डिजाइनर्स के लिए रैंप वॉक कर चुकी हैं.

साल 2024 में उन्हें इंडियन फैशन अवॉर्ड्स में 'मॉडल ऑफ द ईयर (न्यू एज)' का खिताब मिला.

**हार्दिक और माहिका की बढ़ती नजदीकियां:** हार्दिक और माहिका के रिश्ते की चर्चा तब शुरू हुई जब माहिका की एकसेल्फी में हार्दिक बैकग्राउंड में नजर आए.



**कौन हैं माहिका शर्मा**

दिल्ली की रहने वाली 24 वर्षीय माहिका शर्मा ने नेवी चिल्ड्रन स्कूल से पढ़ाई की और बाद में इकोनॉमिक्स व फाइनेंस में ग्रेजुएशन किया. पढ़ाई में अव्वल रही माहिका ने 10वीं बोर्ड में 10 सीजीपीए हासिल किया था. पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने कई प्रतिष्ठित क्षेत्रों में इंटर्नशिप की है.

---

**सेलिंग** | मंगलवार से शुरू हो रही राजा भोज मल्टीक्लास सेलिंग चैम्पियनशिप-2025, भोपाल की बड़ी झील में सेलिंग चैम्पियनशिप का दिखा रोमांच

## जलक्रीड़ा के साथ संस्कृति और पर्यटन का उत्सव में देशभर से चुनिंदा नाविक हिस्सा ले रहे

एजेसियां । भोपाल



मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल की प्रतिष्ठित बड़ी झील एक बार फिर रोमांच और कौशल का अद्भुत संगम देखने जा रही है. मंगलवार से शुरू हो रही राजा भोज मल्टीक्लास सेलिंग चैम्पियनशिप-2025 के साथ ही भोपाल न केवल जलक्रीड़ा का राष्ट्रीय केंद्र बन रहा है, बल्कि सांस्कृतिक और पर्यटन दृष्टि से भी एक नई पहचान गढ़ रहा है. इस प्रतियोगिता में देशभर से चुनिंदा नाविक हिस्सा ले रहे हैं और आयोजन 21 सितंबर तक चलेगा.

**खेल मंत्री करेंगे उद्घाटन, झील बनेगी प्रतिस्पर्धा का अखाड़ा :** इस रोमांचक चैम्पियनशिप का उद्घाटन प्रदेश के खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग करेंगे. इसके साथ ही भोपाल की बड़ी झील में नावों की गति, दिशा और संतुलन का असाधारण प्रदर्शन शुरू हो जाएगा. आयोजन स्थलखानूगांव घाटपर इन मुकाबलों को देखने के लिए स्थानीय नागरिकों और पर्यटकों का जमावड़ा भी लगने की संभावना है.

**राष्ट्रीय स्तर के नाविक होंगे शामिल :** राज्य के खेल अधिकारियों के अनुसार, प्रतियोगिता में भारत के विभिन्न राज्यों से आए हुए चयनित नाविक हिस्सा ले रहे हैं. यह आयोजन केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि झील को अंतरराष्ट्रीय मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में उठाया गया सशक्त कदम भी है. अधिकारीदुर्गेश रायकवारने बताया कि चैम्पियनशिप न केवल खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धात्मक मंच दे रही है, बल्कि भोपाल की बड़ी झील की वैश्विक पहचान को भी और सशक्त बना रही है.

**खानूगांव बना उत्सव का केंद्र, सजावट और गतिविधियों से सराबोर :** खानूगांव घाट पर इन दिनों खास सजावट की गई है और वहां रंगीन रोशनी से माहौल को उत्सवमय बनाया गया है. दर्शक झील के किनारे खड़े होकर नावों की दिशा, उनकी गति और नाविकों के संतुलन की कला को नजदीक से देख सकते हैं. इस आयोजन का महत्व केवल खेल तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भोपाल की सांस्कृतिक विरासत और पर्यटन को भी नया विस्तार दे रहा है.

**बड़ी झील की गौरवशाली खेल यात्रा :** बड़ी झील में पहली बार वर्ष 1996 में सेलिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई थी. इसके बाद 2006 मेंनेशनल सेलिंग स्कूलकी स्थापना ने इसे संगठित रूप दिया.2016 मेंआर्मी एडवेंचर नोडल सेंटर विंड सर्फिंगकी शुरुआत ने खेल गतिविधियों को नई दिशा दी. इन प्रयासों से मप्र के नाविकों ने अब तक141 राष्ट्रीय और 4 अंतरराष्ट्रीय पदक जीत कर राज्य को गौरव दिलाया है.

**उभरते सितारे : विध्यांशी और नेहा की सफलता :** चैम्पियनशिप की विशेष चर्चा भोपाल की युवा नाविकविध्यांशी मिश्राऔरनेहा ठाकुरको लेकर हो रही है. विध्यांशी ने पिछले वर्ष मुंबई में आयोजित सीनियर नेशनल चैम्पियनशिप मेंआईक्यू फ्वॉयलवर्ग में स्वर्ण पदक जीता था. वहीं, नेहा ठाकुर नेआईएलसीए6वर्ग में रजत पदक हासिल किया था.

**जल आधारित खेलों में अग्रणी बनता मध्य प्रदेश**

मध्य प्रदेश कीसेलिंग अकादमीके नाविक लगातार राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं. इससे यह संभावना प्रबल हो रही है कि राज्य जल्द ही जलक्रीड़ा में देश का प्रमुख केंद्र बन जाएगा. इस आयोजन से यह स्पष्ट है कि भोपाल की बड़ी झील केवल एक जलस्रोत नहीं, बल्कि खेल, संस्कृति और पर्यटन की त्रिवेणी बनकर उभर रही है. छह दिन तक चलने वाले इस आयोजन में बड़ी झील की लहरें एक बार फिर इतिहास रचने को तैयार हैं और भोपाल जलक्रीड़ा प्रेमियों के लिए रोमांच का नया ठिकाना बन चुका है.

## ब्रीफ न्यूज

### एक माह में दूसरी बार तिलैया डैम का गेट खोला गया

**कोडरमा ।** चंदवारा, चौपारण और बरही प्रखंड के 58 मौजा जलमग्न हो चुके हैं. बढ़ते जलस्तर और सुरक्षा मानकों के तहत सोमवार रात 8:30 बजे तिलैया डैम का चार गेट खोला गया. डीवीसी तिलैया हैडल के इंचार्ज एमएस कादरी ने अधिकारियों के निर्देशानुसार आम जनता को व्यापक जानकारी दी. चार गेट से प्रति सेकेंड 500 से 627 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है, जिससे दो मशीनें चार मेगावाट बिजली उत्पादन कर रही हैं. पिछले माह 22 अगस्त को आठ गेट खोलकर 1000 क्यूसेक पानी निकाला गया था. डैम का चेतावनी स्तर 1218.76 फीट है और गेट तब खोला गया जब जलस्तर 1214.95 फीट था. स्थानीय लोगों ने बताया कि डैम के निर्माण के बाद पहली बार एक माह में दो बार गेट खोलना पड़ा.

### अवैध पत्थर लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**सतगावां।** थाना क्षेत्र के करचैता स्थित सिमरातरी के पास वन विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध सफ़ेद पत्थर लदा ट्रैक्टर जप्त किया और चालक रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया. चालक के पास कोई वैध कागजात नहीं पाए गए. पूछताछ में उसने बताया कि वह सिमरातरी जंगल से पत्थर लोड कर सुरेश साव की फैक्ट्री ले जा रहा था. वन प्रक्षेत्र पदाधिकारी रविंद्र कुमार और पुलिस की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की. अवैध पत्थर परिवहन को लेकर इलाके में लगातार छापेमारी जारी है, लेकिन कुछ लोग जप्ती में बाधा डालने का प्रयास भी करते हैं.

### पगार ओपी क्षेत्र से तीन युवक रहस्यमय ढंग से लापता

**हजारीबाग।** ओपी थाना क्षेत्र के जोरदाग पंचायत से तीन युवक रहस्यमय तरीके से लापता हो गए हैं. परिजन पिछले 13 दिनों से उनके बारे में जानकारी की खोज कर रहे हैं, लेकिन अभी तक पुलिस ने उनकी एफआईआर दर्ज नहीं की है. लापता युवकों में राजू पासवान, दुखन पासवान और उनका दोस्त शामिल हैं. जानकारी के अनुसार, राजू और दुखन पासवान कोलकाता में एक ब्रश फैक्ट्री में काम करते थे. वे 3 सितंबर को कोलकाता से ट्रेन द्वारा घर लौट रहे थे, लेकिन तब से उनका कोई पता नहीं चला. उनके साथ गया दोस्त भी लापता हो गया है. परिवार ने आसपास के क्षेत्रों में भी खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई सुराग नहीं मिला. इसके बाद परिजनों ने थाना प्रभारी को लिखित आवेदन देकर मदद मांगी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई.

### चौकीदार के आश्रित को डीसी ने सौंपा नियुक्ति पत्र

**हजारीबाग।** उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने जिला अनुकम्पा समिति के निर्णय के तहत सेवा काल में मृत स्वर्गीय रौशन पासवान के आश्रित राहुल कुमार पासवान को चौकीदार के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपा. राहुल कुमार को सप्तम पुनरीक्षित वेतनमान, जीवन-यापन भत्ता एवं अन्य भत्तों के साथ ईचाक थाना क्षेत्र के कुटुमसुकरी बीट संख्या 01/07 में अस्थायी नियुक्ति दी गई.

### चौपारण पुलिस ने जुए अड्डे पर मारा छापा

**चौपारण ।** थाना प्रभारी सरोज़ सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महराजगंज के पास बजरंग क्लब दादपुर परिसर में जुआ अड्डे पर छापा मारा. पुलिस के आते ही खिलाड़ी भाग खड़े हुए. पुलिस ने वहां मौजूद लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने को कहा.

# बीएसपीएस की एकदिवसीय कार्यशाला में पत्रकारिता के मूल्यों, सुरक्षा और भविष्य पर हुआ विचार-विमर्श

शुभम संदेश । चतरा




भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) की बिहार राज्य इकाई द्वारा सोमवार को मानपुर प्रखंड अंतर्गत सुखदेव पैलेस में एक दिवसीय कार्यशाला सह पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन वजीरगंज विधायक वीरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया. उन्होंने इस आयोजन को पत्रकारिता का "कुंभ" बताते हुए कहा कि यहां से निकलने वाले विचार बिहार के विकास के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होंगे.

कार्यशाला की अध्यक्षता बीएसपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक पाण्डेय ने की. उन्होंने कहा कि पत्रकारिता केवल चौथा खंभा नहीं, बल्कि लोकतंत्र का मेरुदंड है. आज के दौर में पत्रकारों की जिम्मेदारी और बढ़ गई है. उन्होंने कहा कि पत्रकार निर्भीक होकर सच लिखें, लेकिन ऐसा सच जो तथ्यों पर आधारित हो. बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. नवीन आनंद जोशी ने डिजिटल मीडिया की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पत्रकारों को डिजिटल मीडिया कोड ऑफ कंडक्ट का पालन अवश्य करना चाहिए ताकि पत्रकारिता की गरिमा बनी रहे.

कार्यक्रम के दौरान संगठन के संस्थापक शाहनवाज हसन ने बीएसपीएस की स्थापना और विस्तार यात्रा साझा की. उन्होंने कहा कि पत्रकारों को एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) के मकड़जाल से सावधान रहना होगा और समाज के वंचित तबके की आवाज बनना होगा. उन्होंने नवोदित पत्रकारों को सोशल मीडिया आधारित पत्रकारिता के प्रति जागरूक किया. राष्ट्रीय संगठन सचिव गिरिधर शर्मा ने कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा के लिए यदि कोई संगठन गंभीरता से कार्य कर रहा है, तो वह बीएसपीएस है. उन्होंने बिहार में संगठन को जल्द ही एक मजबूत रूप में सामने लाने का संकल्प दोहराया.

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अजय भूषण ने घोषणा की कि विधानसभा चुनाव के बाद संगठन का राष्ट्रीय सम्मेलन राजगीर में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम का संचालन रौशन राज ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने दिया.

इस कार्यशाला में पत्रकारिता के विविध पहलुओं पर विमर्श हुआ और कई पत्रकारों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित भी किया गया. इसमें गया, नवादा, जहानाबाद, पटना, औरंगाबाद के साथ-साथ झारखंड के चतरा, हजारीबाग और कोडरमा जिले के पत्रकार बड़ी संख्या में शामिल हुए. चतरा जिला से बीएसपीएस जिला संरक्षक व चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप, जिला अध्यक्ष महेंद्र कुमार यादव, उपाध्यक्ष श्रीकांत राणा व बंटी कुमार, उपसचिव कुंदन पासवान, सदस्य धर्मेंद्र गुप्ता, अनुज कुमार, सुबोध कुमार, कामेश्वर गुप्ता, विकास कुमार यादव सहित अन्य पत्रकार उपस्थित रहे.

# एक करोड़ के इनामी नक्सली सहदेव सोरेन का शव पारिवारिक सदस्यों को सौंपा गया

## पत्नी ने कहा- 25 साल से परिवार से उनका कोई संपर्क नहीं रहा

प्रदीप कुमार सिन्हा । हजारीबाग





हजारीबाग पुलिस और कोबरा बटालियन के संयुक्त सर्च अभियान के दौरान एक बड़ी मुठभेड़ में तीन कुख्यात माओवादी मारे गए, जिनमें एक करोड़ रुपए के इनामी नक्सली केंद्रीय कमिटी सदस्य सहदेव सोरेन उर्फ प्रवेश भी शामिल था. सहदेव मांझी उर्फ प्रवेश हजारीबाग जिले के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र के सुदरवर्ती गांव के रहने वाले थे. सोमवार देर रात हजारीबाग के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में उनका पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया.

शव लेने उनके परिवार के सदस्य पत्नी पार्वती देवी, छोटा भाई टेकलाल सोरेन और दो बेटे मेडिकल कॉलेज के मर्चरी हाउस पहुंचे. इस दौरान बड़ा बेटा मनोज सोरेन और छोटा बेटा भावुक नजर आए. मनोज ने बताया कि उन्हें पिता के नक्सली होने की जानकारी तब मिली जब पुलिस घर आई. उन्होंने कहा, "हमें पता नहीं था कि हमारे पिता नक्सली थे. जब हम छोटे थे, तब उन्होंने हमें छोड़ दिया था. वे घर नहीं आते थे और न ही हमसे कोई संपर्क रखते थे. असलियत तब पता चली जब पुलिस पिता की तलाश में हमारे घर आई."

सहदेव की पत्नी पार्वती देवी ने कहा, "करीब 20-25 साल पहले मेरे पति नक्सली संगठन में शामिल हो गए थे और तब से परिवार से उनका कोई संपर्क नहीं रहा. हम लोग मजदूरी करके ही अपना परिवार चला रहे थे." उन्होंने बताया कि पति के न होने की वजह से परिवार को बहुत संघर्ष करना पड़ा. जब दोनों बेटे बड़े हुए, तब उन्होंने खेती करके परिवार का पालन-पोषण शुरू किया.

छोटे भाई टेकलाल सोरेन ने बताया, "मेरा भाई कुछ साल पहले घर छोड़कर नक्सली संगठन से जुड़ गया. इसके बाद न तो वह कभी घर आया, न ही फोन किया. पुलिस की खोजबीन के दौरान हमें पता चला कि मेरा बड़ा भाई कई बड़ी घटनाओं में शामिल है, जिसके लिए सरकार ने एक करोड़ रुपए का इनाम रखा था."

बड़ा बेटा मनोज ने यह भी बताया कि उन्हें सहदेव के मारे जाने की सूचना सोशल मीडिया और न्यूज चैनलों से मिली. उनका कहना था कि यह खबर उनके लिए सदमे जैसी थी.

सहदेव सोरेन के परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटे हैं. बड़ा बेटा मनोज रांची में 12वीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है, जबकि छोटा बेटा गांव के सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा का छात्र है. पार्वती देवी ने बताया कि पति से संपर्क नहीं होने के कारण वह मजदूरी करती थीं और उसी से परिवार का भरण-पोषण करती थीं.

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस मुठभेड़ से माओवादी संगठन को बड़ा झटका लगा है. सहदेव लंबे समय से झारखंड और बिहार के सीमावर्ती इलाकों में नक्सली गतिविधियों का संचालन कर रहा था. उनकी मौत से नक्सली गतिविधियों में कमी आने की उम्मीद जताई जा रही है. इस कार्रवाई को सुरक्षा बलों की बड़ी सफलता माना जा रहा है.

परिवार में सहदेव के अचानक निधन से शोक का माहौल है. पुलिस ने शव परिजनों को सौंपने के बाद मुठभेड़ की विस्तृत जांच शुरू कर दी है.

**आम्रपाली परियोजना**

### 33 केवीए लाइन निर्माण में अनियमितताओं पर केंद्र का संज्ञान

**चतरा ।** टंडवा प्रखंड में आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना द्वारा बिना विभागीय अनापत्ति और ग्रामीणों की सहमति के 33 केवीए ट्रांसमिशन लाइन का टेंडर जारी कर निर्माण कार्य विवादों में है. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उच्चस्तरीय जांच और कार्रवाई के निर्देश दिए हैं. टेंडर जारी करने के साथ ही जीएम अमरेश कुमार सिंह और ठेकेदार गणेश इलेक्ट्रिकल्स प्राइवेट लिमिटेड पर ग्रामीणों को धमकाने और वन भूमि अतिक्रमण का आरोप भी लगा है. विभाग ने सूचनाधिकार के तहत पुष्टि की है कि कोई अनापत्ति नहीं दी गई, जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ा है.

### सड़क दुर्घटना में युवकों की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**मरकच्चो (कोडरमा)।** मरकच्चो (कोडरमा) में सोमवार शाम को कोडरमा-गिरिडीह मुख्य मार्ग के पचगावां मोड़ पर सड़क दुर्घटना में 19 वर्षीय रोहित साव की मौत हो गई, जबकि दो युवक कुंदन मेहता और सचिन मेहता गंभीर रूप से घायल हो गए. तीनों युवक एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर घर लौट रहे थे कि अनियंत्रित होकर गिर पड़े.

## सांसद ने जिनगा पंचायत से 16वें जत्थे को किया तीर्थ दर्शन के लिए रवाना



**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल द्वारा संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के 16वें जत्थे को दारू प्रखंड के जिनगा ग्राम पंचायत से मंगलवार को उत्तर प्रदेश के वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज और अयोध्या के लिए रवाना किया गया. इस जत्थे में 65 तीर्थयात्री शामिल थे. यह अभियान 29 जून 2025 को खपरियाँवा पंचायत से शुरू हुआ था, और अब तक मांडू, रामगढ़, बड़कागांव, बरही सहित 15 जगहों से कुल 180 तीर्थयात्रियों ने इसका लाभ लिया है. जिनगा शिवालय में पूजा-अर्चना के बाद तीर्थयात्रियों का स्वागत ढोल-ताशे और पुष्पवर्षा के साथ किया गया. सांसद मनीष जायसवाल की टीम ने फलाहार और पानी की व्यवस्था की. मुख्य अतिथि समाजसेवी और भाजपा नेता श्रद्धानंद सिंह ने तीर्थयात्रियों को आशीर्वाद दिया और सांसद मनीष जायसवाल की तुलना श्रवण कुमार से की. उन्होंने बताया कि हर पांचवें दिन 65 तीर्थयात्रियों को यह यात्रा पर भेजा जाता है. सभी यात्रियों को 'जय श्री राम' कहते हुए विदा किया गया. इस अवसर पर दारू भाजपा मंडल अध्यक्ष अशोक कुशवाहा सहित कई समाजसेवी और पार्टी नेता मौजूद रहे.

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने वाले सिपाही को दो साल की सजा, कोर्ट ने 25,000 रु जुर्माना भी लगाया

**कोडरमा।** शादी का झांसा देकर महिला पुलिसकर्मी का यौन शोषण करने के मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय संजय कुमार चौधरी की अदालत ने दोषी सिपाही अभिमन्यु कुमार (34 वर्ष), थाना- मुफस्सिल, जिला-हजारीबाग को 2 साल की कारावास की सजा सुनाई है. कोर्ट ने 25,000 का जुर्माना भी लगाया. जुर्माना नहीं देने पर उसे 2 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी.

## हजारीबाग पुलिस ने 2.52 लाख रुपये की लूट का किया खुलासा, चार अपराधी गिरफ्तार

शुभम संदेश । हजारीबाग



पुलिस ने कटकमदाग थाना क्षेत्र के सिरसी दामोदर सीएसपी सेंटर के कलेक्शन मैनेजर से 2 लाख 52 हजार रुपये की लूट का सफलतापूर्वक खुलासा किया है. पुलिस ने इस मामले में चार कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों के कब्जे से देशी कट्टा, दो मोटरसाइकिल और 39,500 रुपये नकद सहित लूट का सामान बरामद किया गया है. घटना 9 सितंबर की है, जब कलेक्शन एजेंट दिलीप कुमार की पत्नी रकम लेकर जा रही थी. तभी अपराधियों ने हथियार के बल पर उसे रोककर नकदी के साथ चार एटीएम कार्ड, आधार कार्ड, वोटर कार्ड, पासबुक और अन्य कागजात छीन लिए. इससे पहले 25 जुलाई को भी इसी कंपनी की एक महिला कर्मी से 56 हजार रुपये लूटे गए थे. पुलिस अधीक्षक हजारीबाग अंजनी अंजन के निर्देश पर एसआईटी टीम का गठन किया गया, जिसने गुप्त सूचनाओं और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छापेमारी कर चार अपराधियों को पकड़ा. गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अंकित कुमार, प्रवीण कुमार, सुजीत कुमार गिरी और लक्ष्मण पासवान उर्फ़ राठे के रूप में हुई है. ये सभी आरोपी जिले के विभिन्न थानों के सक्रिय अपराधी हैं, जिन पर हत्या की कोशिश, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और लूट जैसे गंभीर मामले दर्ज हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट का सामान जब्त कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है.

### सैनिक स्कूल तिलैया का 63वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया

**चंदवारा (कोडरमा)।** सैनिक स्कूल तिलैया का 63वां स्थापना दिवस मंगलवार को धूमधाम से मनाया गया. यह स्कूल स्वतंत्र भारत के पांच प्रमुख सैनिक स्कूलों में से एक है, जिसने पिछले 62 वर्षों से देश को बहादुर सैन्य छात्र प्रदान किए हैं. कार्यक्रम की शुरुआत अमर तिलैयन को पुष्पांजलि अर्पित कर हुई. इसके बाद संस्थापक प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लेग स्मिथ की प्रतिमा पर पुष्पांजलि और दीप प्रज्ज्वलन किया गया. मुख्य अतिथि डॉ. रामकिशोर शर्मा ने तिरंगा ध्वज फहराया और अंग्रेजी लैब का उद्घाटन किया. प्राचार्य कर्नल एस. मोहनराव ने कहा कि पूर्व छात्रगण की प्रेरणा से वर्तमान छात्र विद्यालय के मूल्यों को बनाए रखे हुए हैं. दिनभर के कार्यक्रमों में विभिन्न पुरस्कार वितरित किए गए, जिनमें कॉक-हाउस ट्रॉफी, अकादमिक ट्रॉफी, स्कॉलरशिप और गुरु-सम्मान शामिल थे. शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रम और फुटबॉल मैच का आयोजन हुआ. मुख्य अतिथि ने छात्रों को सदैव अपने उद्देश्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया. कार्यक्रम का समापन भारतीय सेना शिक्षा कोर के उप प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ.

## एक नजर

### जिले के 3,18,034 लाभार्थियों को खिलाई जाएगी कृमि की दवा : सिविल सर्जन

**बोकारो।** सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, चास में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया. इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को कृमि की दवा खिलाई. डॉ. प्रसाद ने बताया कि बोकारो जिले में कुल 3,18,034 लाभार्थियों को कृमि की दवा खिलाई जाएगी, जिसमें 01-05 आयु वर्ग के 1,22,596 और 06-19 आयु वर्ग के 1,95,438 लाभार्थी शामिल हैं. उन्होंने निर्देश दिया कि 01-05 आयु वर्ग के बच्चों को दवा पीसकर साफ पानी में मिलाकर दी जाए, जबकि 06-19 आयु वर्ग के बच्चों को भी शिक्षक या अभिभावक की देखरेख में ही दवा खिलाई जाए. उन्होंने स्पष्ट किया कि कोई भी बच्चा दवा घर ले जाकर नहीं खाएगा. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य 01-19 वर्ष के बच्चों और प्रजनन आयु की गैर-गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क कृमि नाशक दवा देकर कृमि संक्रमण को समाप्त करना है, ताकि उनके स्वास्थ्य और शिक्षा में सुधार हो सके तथा बच्चों को स्वस्थ भविष्य मिल सके. इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी चास डॉ. अनिल कुमार, विद्यालय की प्राचार्या, स्वास्थ्य विभाग से चन्द्रशेखर एवं मधुमिता सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

### झारखंड कॉलेज में खेलकूद प्रतियोगिता

**डुमरी (गिरिडीह)।** झारखंड कॉलेज में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सेल की ओर से मंगलवार को खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुजीत कुमार माथुर एवं सेल के नोडल ऑफिसर प्रो. मनोज कुमार सिंह ने फीता काटकर किया. 100 मीटर दौड़ में बालक वर्ग से नागेश्वर सिंह प्रथम, रूपेश कुमार द्वितीय और नीतीश कुमार तृतीय स्थान पर रहे. वहीं बालिका वर्ग में आरती कुमारी प्रथम, रूपा कुमारी द्वितीय और शिवानी कुमारी तृतीय घोषित की गईं. कुर्सी दौड़ में श्वेता कुमारी प्रथम, राधिका कुमारी द्वितीय और आनंदी कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं. गोला फेंक प्रतियोगिता में बालक वर्ग से मोहम्मद जीशान प्रथम, सुजीत कुमार द्वितीय और सौरव कुमार तृतीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग से प्रीति कुमारी प्रथम, श्वेता कुमारी द्वितीय और दीपा कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं. अन्य प्रतियोगिताओं में लंबी कूद में रूपेश वर्मा प्रथम, विष्णु टुडू द्वितीय और सौरव कुमार तृतीय स्थान पर रहे. चक्का फेंक में चिराग कुमार प्रथम, रूपेश कुमार द्वितीय और विवेक कुमार तृतीय स्थान पर रहे. प्रतियोगिता के सफल संचालन में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल सेल के नोडल ऑफिसर डॉ. बद्री नारायण प्रसाद एवं प्रो. मनोज कुमार सिंह के साथ उनके सहयोगी रवि कुमार सिन्हा, राजेंद्र कुमार और सुमित कुमार का योगदान सराहनीय रहा.

### आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर लगेंगे स्वास्थ्य शिविर

**दुमका।** उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले में चलने वाले "स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान" को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक की. बैठक में उपायुक्त ने अभियान को सफल बनाने हेतु कार्य योजना तैयार करने का निर्देश दिया. उन्होंने बताया कि इस अवधि में जिले के सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर (प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं जिला अस्पताल) में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे. इन शिविरों में महिलाओं एवं किशोरियों के लिए हाइपरटेंशन, मधुमेह, मुख, स्तन एवं गर्भाशय ग्रीवा कैंसर, एनीमिया, टीबी, सिकल सेल जैसी बीमारियों की जांच एवं परामर्श सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. इसके साथ ही स्त्री रोग से संबंधित आवश्यक जांच भी की जाएंगी.

### कसमार हाई स्कूल में हिन्दी दिवस आयोजित

**कसमार (बोकारो)।** पीएम श्री प्लस टू उच्च विद्यालय, कसमार में मंगलवार को हिन्दी दिवस एवं विश्व ओजोन दिवस का आयोजन किया गया. मुख्य वक्ता के रूप में विद्यालय के शिक्षक डॉ. रणजीत कुमार झा, हिन्दी के शिक्षक रामबाबू शुक्ल, डॉ. अवनीश कुमार झा, महाकांत झा, सुजाता कुमारी, परमेश्वर बेसरा, अमित कुमार और डॉ. जितेन्द्र कुमार सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं को हिन्दी दिवस की महत्ता और ओजोन दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी. वक्ताओं ने कहा कि ओजोन परत की रक्षा से ही पूरे वायुमंडल की सुरक्षा संभव है. इसके लिए सभी को पर्यावरण के करीब रहना चाहिए, ईंधन चालित वाहनों का कम से कम इस्तेमाल करना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए. हिन्दी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि हिन्दी के व्यापक प्रचार-प्रसार में ही देश की भलाई है. हिन्दी संपूर्ण विश्व को जोड़ने की क्षमता रखती है, क्योंकि यह वसुधैव कुटुंबकम की भाषा है. डॉ. रणजीत झा ने आज़ादी की लड़ाई में हिन्दी भाषा के योगदान और साहित्यकारों की भूमिका को याद किया. रामबाबू शुक्ल ने हिन्दी भाषा के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 14 सितंबर 1949 को भारत के संविधान द्वारा हिन्दी को राजभाषा के रूप में अंगीकृत किया गया था और तब से हिन्दी ने निरंतर प्रगति की है. डॉ. अवनीश झा ने कहा कि हिन्दी और आंचलिक भाषाओं के प्रयोग से देश की एकता, अखंडता और समरसता मजबूत होती है.

## पेज तीन का शेष

### बीसीसीएल को लौटाना होगा कोविड....

एसोसिएशन ने सदस्यों से अनुरोध किया है कि वे 05 जुलाई 2023 से उठाए गए कोयले की मात्रा के आधार पर रिफंड चार्ट तैयार करें. यह चार्ट जनरल मैनेजर, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, कोयला भवन, कोयला नगर, धनबाद को जमा करना होगा. एसोसिएशन ने बताया कि वह अपने कानूनी सलाहकारों के साथ मिलकर एक प्रतिनिधित्व पत्र तैयार कर रहा है, जो जल्द ही बीसीसीएल को भेजा जाएगा. यह कदम ग्राहकों के हित में उठाया जा रहा है ताकि रिफंड प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके.सदस्यों से अपील की गई है कि वे कोर्ट के आदेश का पालन करते हुए शीघ्र रिफंड चार्ट तैयार करें और आवश्यक कार्रवाई करें.

### धीरज के चार गोल से जीती....

एक मात्र गोल पीके टुडू के द्वारा किया गया और इलेक्ट्रिकल ओपी एक शून्य से मैच जीता. तीसरे मैच में पर्सनल बनाम इलेक्ट्रिकल जनरल के बीच मैच खेला गया. इस मैच में अशोक कुमार सीनियर डीपीओ ने भी शानदार खेल का प्रदर्शन किये और उन्होंने तीन गोल दागे. लवदीप और अभिषेक आनंद ने दो-दो गोल कर करके सात शून्य से मैच में जीत हासिल किया. क्वार्टर फाइनल के अंतिम मुकाबला इंजीनियरिंग बनाम कमर्शियल के बीच खेला गया. जिसमें इंजीनियरिंग की तरफ से अजीत हसदा ने दो गोल किए एवं गौरी सिंह सामद और रामधारी कुजूर ने एक-एक करके चार शून्य से मैच जीता. अगला सेमीफाइनल मैच 18 सितंबर 2025 को खेला जाएगा. पहला मैच पर्सनल बनाम इंजीनियरिंग और दूसरा मैच ऑपरेटिंग बनाम इलेक्ट्रिकल ओपी के बीच खेला जाएगा. इस कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने में डिविजनल सपोर्ट सचिव मुनेश्वर सिंह, कुणाल चौबे, रहमान, गजेंद्र,शुभंकर सरकार, वीरेंद्र यादव,घनश्याम, विनोद पासवान, कृष्ण रजक,सुनील शर्मा, आशुतोष एवं सुनील कुमार शामिल थे.

# बालू माफियाओं की दबंगई: जब्त ट्रैक्टर ला रहे चौकीदार को कुचला, दोनों पैर टूटे, हालत गंभीर

शुभम संदेश । चतरा



जिले में बालू माफियाओं का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. ताजा मामला हंटरगंज थाना क्षेत्र के खूंटी केवाल इमलियाटांड़ इलाके से सामने आया है, जहां अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ला रहे हंटरगंज अंचल अधिकारी की टीम पर बालू माफियाओं ने अप्रत्यक्ष रूप से जानलेवा हमला कर दिया. इस घटना में अंचल अधिकारी के बॉडीगार्ड सह चौकीदार जोगेंद्र कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनके दोनों पैर की जांघें टूट गईं.

मिली जानकारी के अनुसार, हंटरगंज सीओ ऋतिक कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि इमलियाटांड़ से अवैध रूप से बालू की ढुलाई की जा रही है. मौके पर पहुंचकर उन्होंने ट्रैक्टर को जब्त किया और उसे थाना भेजने के लिए अपने बॉडीगार्ड जोगेंद्र कुमार को ट्रैक्टर पर बैठा दिया. जैसे ही सीओ की गाड़ी आगे निकली, उसी समय ट्रैक्टर मालिक सह चालक ने जानबूझकर ट्रैक्टर को तेज व लापरवाह ढंग से चलाना शुरू कर दिया. इसी दौरान जोगेंद्र ट्रैक्टर से गिर पड़े और ट्रॉली का टायर उनके पैरों पर चढ़ गया. हादसे के बाद ट्रैक्टर भी अनियंत्रित होकर पलट गया. घटना के बाद चालक मौके से फरार हो गया. स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और अंचल अधिकारी को दी. पुलिस और सीओ ने मौके पर पहुंचकर घायल चौकीदार को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा, जहां से उन्हें गंभीर हालत में रांची स्थित रिम्स रेफर कर दिया गया. चौकीदार जोगेंद्र कुमार सदर थाना क्षेत्र के सिन्दूवारी बधार गांव के निवासी हैं.

पुलिस ने ट्रैक्टर को जब्त कर लिया है और वाहन मालिक की पहचान भी कर ली गई है. थाना प्रभारी प्रभात कुमार ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक खुद ही चालक था और उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है.

घटना के बाद चौकीदार संघ ने हंटरगंज अंचल अधिकारी पर लापरवाही का गंभीर आरोप लगाया है. संघ का कहना है कि इतनी गंभीर कार्रवाई में सीओ ने निहत्थे चौकीदार को अकेले भेज दिया, जिससे यह हादसा हुआ. संघ ने जिला प्रशासन से आरोपी चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और घायल चौकीदार के समुचित इलाज की व्यवस्था की मांग की है.

यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि बालू माफियाओं के बढ़ते हौसले की भी बानगी है.

# बाल विवाह के खिलाफ धार्मिक गुरुओं ने दिया पैगाम

- लड़की की 18 और 21 वर्ष के बाद करें लड़कों की विवाह

शुभम संदेश। महुदा



झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट एवं जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के संयुक्त तत्वावधान में बाल विवाह के खिलाफ मस्जिद ए हुसैनी माथाटांड़ एवं मस्जिद ए गुलशन ए रजा बारकी बस्ती में धार्मिक गुरूओं एवं बच्चों के बीच जागरुकता कार्यक्रम किया गया. उक्त कार्यक्रम में मस्जिद ए हुसैनी के इमाम मौलाना अखलाक उल कादरी ने बाल विवाह को सामाजिक बुराई बताया एवं मस्जिद ए गुलशन ए रजा के इमाम ने लड़की की 18 और 21 वर्ष के बाद लड़कों का विवाह करने का संदेश दिया. बारकी बस्ती के वार्ड सदस्य मजीद अंसारी ने ऐसे विवाह की सूचना पंचायत एवं सरकार को देने की बात कही. अंत में मोहम्मद आलम ने सरकार एवं झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की पहल सराहा. मौके पर झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट के जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी,फिल्ड कोर्डिनेटर मुमताज अंसारी, गुलनाज बानो,इमाम मौलाना अखलाकुल कादरी माथा टांड हुसैनी मस्जिद, सदर मोहम्मद आलम, सेक्रेटरी शेख असलम मोहम्मद हनीफ, हाजी शेख नसरुद्दीन, शेख खालिद, शेख मंजूर, शेख सहीम, शेख इस्लाम, मस्जिद ए गुलशन ए रजा बारकी के इमाम मोहम्मद अब्दुल कलाम मिस्बाही ,सदर फरीद अंसारी,वार्ड सदस्य मजीद आलम अंसारी,मकसूद अंसारी शरीफ उद्दीन अंसारी, मुक्सेद अंसारी, एहसान राजा, मकसूद आलम कादरी, आदि मौजूद थे.

